ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 25 मई 2024
वर्ष 34, अंक 118, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्माण्ड की प्राचीन तीन आकाशगंगाओं की खोज 16

कांस फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेंगी प्रीति 15

## गंगा में डूबने से पांच बच्चों की मौत

संवाददाता, बिल्हौर (कानपुर)

- **अरौल के आंकिन गंगा घाट पर तीन और शिवराजपुर के सरैयां घाट पर दो बच्चों की गई जान**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को दो हादसों में पांच बच्चों की गंगा में डूबने से मौत हो गई। अरौल क्षेत्र के आंकिन घाट पर तीन जबकि शिवराजपुर के सरैयां घाट पर दो बच्चों की जान गई। दोनों जगहों पर बच्चों की तलाश के लिए दोपहर तक गोताखोरों की टीमें लगी रहीं।

अरौल थाना क्षेत्र आंकिन घाट पर सुबह लगभग नौ बजे आंकिन गांव के फूल सिंह की छह वर्षीया पुत्री एकता, फूल सिंह के भाई हरिप्रसाद की 10 वर्षीया पुत्री प्रांशी और उसका छोटा भाई ज्ञान गंगा की धारा के उस पार अपने खेतों के पास खेल रहे थे। तीनों बच्चे गंगा में उतर गए और बीच धारा में डूबने लगे।

यह देख परिजनों ने धारा में छलांग लगा दी और बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीनों की सांसें थम चुकी थीं। हादसे के लिए परिवार वाले खुद की लापरवाही को कोसते रहे। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भेजा। एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी ने बताया कि बच्चे परिजनों के पीछे-पीछे गए थे, तभी हादसा हो गया। गहरे पानी में बच्चे संभल नहीं सके।

उधर, शिवराजपुर थाना क्षेत्र के सरैयां गंगा घाट पर शुक्रवार दोपहर गंगा में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चे को सकुशल बचा लिया गया। शिवराजपुर के वार्ड नंबर पांच के रहने वाले आनंद अवस्थी के पुत्र श्लोक अवस्थी (16) राघवेंद्र बाजपेई के पुत्र दीप बाजपेई (17) और आनंद अवस्थी के पुत्र सक्षम अवस्थी (11) गंगा स्नान करने गए थे। स्नान के दौरान तीनों डूबने लगे। गोताखोरों ने सक्षम अवस्थी को तो बचा लिया, लेकिन श्लोक अवस्थी और दीप बाजपेई डूब गए। गोताखोरों ने जाल डालकर दोनों के शव बरामद किए।

## धर्म के आधार पर आरक्षण देने वाले किए जाएं बेनकाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- **योगी आदित्यनाथ ने ओबीसी आरक्षण पर कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का किया स्वागत**
- **कहा, पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने पार की राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा**
- **भारत का संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण करने की अनुमति नहीं देता है**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओबीसी-मुस्लिम आरक्षण को लेकर आए कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन द्वारा देश की कीमत पर राजनीति की गई। जो ये नीति चल रही है, इस होड़ को खारिज और बेनकाब किया जाना चाहिए। योगी ने कहा, भारत का संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए 2010 में 118 मुस्लिम जातियों को जबरन ओबीसी में डाल कर ये आरक्षण दिया था। उन्होंने बताया कि भारत में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए और मंडल कमीशन के बाद ओबीसी की सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी।

मुख्यमंत्री ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को नजीर बताते हुए कहा कि कर्नाटक के अंदर भी कांग्रेस सरकार ने ओबीसी के अधिकार पर इसी प्रकार की सेंधमारी करते हुए मुसलमानों को आरक्षण देने का काम किया है। साथ ही आंध्र प्रदेश में भी इसी प्रकार की शरारत की गई थी। इन सबका जोरदार विरोध करना जरूरी है।

### उप्र में जाति के आधार पर मिल रहा आरक्षण

**पिछड़ा वर्ग विभाग ने शासन को साझा की जानकारी**

**लखनऊ।** राज्य में पिछड़े वर्ग के लोगों को धर्म नहीं, जाति के आधार पर आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। इस सिलसिले में शासन स्तर से जानकारी मांगे जाने पर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने ओबीसी में शामिल लोगों को सूची शासन को भेजी है। सूत्रों के अनुसार पश्चिम बंगाल में ओबीसी आरक्षण को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकार ने आरक्षण का लाभ ले रहे वर्गों के बारे में जानकारी मांगी थी। पिछड़ा वर्ग विभाग ने शासन के अधिकारियों के साथ ओबीसी सूची पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप को भी भेजी है। भेजी गई रिपोर्ट में 79 जातियों के बारे में बताया गया है। बताया गया है कि सूची में शामिल जातियों में हिन्दू, मुस्लिम, बौद्ध व सिख धर्म के लोग हैं। कहा गया है कि इन जातियों को जातिगत आधार पर ओबीसी में शामिल किया है। धार्मिक आधार का कोई प्रावधान नहीं है।




## एक नजर

### रामेश्वरम कैफे विस्फोट में एक और गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट मामले में एक और आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। यह पांचवीं गिरफ्तारी है। एजेंसी ने कहा कि कर्नाटक के हुबली शहर का शोएब अहमद मिर्जा (35) उर्फ छोटू पहले लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी साजिश में दोषी ठहराया जा चुका है।

### खून खराबा रोकने को वार्ता को तैयार माओवादी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने अबूझमाड़ के नक्सल मुठभेड़ में आठ नक्सलियों के ढेर होने के बाद नक्सलियों के राष्ट्रीय संगठन को मुख्यधारा से जुड़ने की सलाह दी है। वहीं नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी की ओर से सरकार को वार्ता के लिए पत्र लिखा गया है।

## मतदान आंकड़े अपलोड करने का निर्देश नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

### मतदान प्रक्रिया के बीच चुनाव आयोग के लिए कर्मचारी जुटाना कठिन

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें निर्वाचन आयोग को मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत के आंकड़े अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह इस वक्त ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं कर सकती, क्योंकि चुनाव के पांच चरण हो चुके और दो बाकी हैं तथा ऐसे में निर्वाचन आयोग के लिए लोगों को काम पर लगाना मुश्किल होगा।

कोर्ट ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से दाखिल वादकालीन याचिका (आईए) यह कहते हुए रद कर दी कि इसे चुनाव बाद नियमित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अर्जी में किए अनुरोध इसी मुद्दे पर 2019 से लंबित मुख्य याचिका के समान हैं। पीठ ने कहा कि आईए लंबित याचिका के साथ लिया जाना चाहिए, क्योंकि चुनावों के दौरान व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। साथ ही पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के लिए अपनी वेबसाइट पर मतदान प्रतिशत के आंकड़ें अपलोड करने के लिए लोगों को लगाना मुश्किल होगा।

पीठ ने कहा कि हकीकत समझे जाने की जरूरत है, न कि बीच में प्रक्रिया में बदलाव करके निर्वाचन आयोग पर बोझ डालने की।

सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई को एनजीओ की याचिका पर निर्वाचन आयोग से एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा था, जिसमें लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण का मतदान संपन्न होने के 48 घंटे के अंदर मतदान केंद्र-वार मत प्रतिशत के आंकड़े आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। एडीआर ने 2019 की अपनी जनहित याचिका में एक वादकालीन याचिका दायर की। मूल जनहित याचिका में एडीआर ने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का कोर्ट से अनुरोध किया है कि सभी मतदान केंद्रों के फॉर्म 17 सी भाग-प्रथम की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं।

### ईवीएम लॉग दो-तीन साल सुरक्षित रखने का दें निर्देश



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के लॉग को कम से कम दो से तीन साल तक सुरक्षित रखने और मतगणना से पहले हर चरण के मतदान के रिकॉर्ड की घोषणा करने का निर्देश दिया जाए ताकि कोई भी सदस्य गैरकानूनी ढंग से न चुना जा सके। सिब्बल ने कहा कि यदि चुनाव आयोग फॉर्म 17सी अपलोड नहीं कर सकता है, तो राज्य निर्वाचन अधिकारी डेटा अपलोड कर सकता है। फॉर्म 17सी में हर बूथ पर कुल मतदान का आंकड़ा दर्ज होता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हर मशीन में एक ऑपरेटिंग सिस्टम है जो ईवीएम में भी है। ईवीएम के इस लॉग को सुरक्षित रखा जाना चाहिए। यह हमें बताएगा कि मतदान किस समय समाप्त हुआ और कितने वोट अवैध थे। किस समय मतदान हुआ, वोट डाले गए। इसलिए, यह सबूत है जिसे सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

**बांग्लादेश सांसद अनवारुल अजीम हत्याकांड**

## खाल निकाली फिर किए मांस के कई टुकड़े, कसाई गिरफ्तार

कोलकाता, एजेंसी



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



- **आरोपी ने कबूला, सांसद की हत्या में चार लोगों की मदद की थी**
- **शव के टुकड़ों को थैलियों में भरकर अलग-अलग स्थानों पर फेंका**
- **बांग्लादेशी है आरोपी, पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था**

पश्चिम बंगाल सीआईडी ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या में उत्तर 24 परगना जिले के बोनगांव इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दावा किया कि पेशे से कसाई इस व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उसने शव के टुकड़े करने में अन्य आरोपियों की मदद की थी और इसके बाद अंगों को अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने लगाया गया।

कोलकाता से 13 मई को लापता होने के बाद बंगाल पुलिस ने बुधवार को बांग्लादेश के झिनाइदाह-4 क्षेत्र से अवामी लीग के सांसद अनार की हत्या की पुष्टि की थी। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सीआईडी की टीम शुक्रवार को गिरफ्तार व्यक्ति को भांगर इलाके में ले गई, जहां शरीर के कटे हुए हिस्सों को प्लास्टिक की थैलियों में डालकर अलग-अलग जगहों पर फेंका गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी एक बांग्लादेशी नागरिक है और पेशे से कसाई है।

उसने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था। उन्होंने कहा कि अनार की हत्या की साजिश के तहत कसाई को कुछ महीने पहले कोलकाता बुलाया गया था। आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने उन चार लोगों की मदद की थी, जिन्होंने फ्लैट के अंदर राजनेता की हत्या की थी। उसने शरीर से खाल उतारने और शव के टुकड़े करने में उनकी मदद की थी।

### 13 मई को हुए लापता, छह दिन बाद तलाश

लापता सांसद कथित तौर पर इलाज कराने के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे। उनकी तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी राजनेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अनार यहां आने के बाद बिस्वास के घर पर रुके थे। अपनी शिकायत में बिस्वास ने कहा कि अनार 13 मई की दोपहर को डॉक्टर से मिलने के लिए अपने बारानगर आवास से निकले। उन्होंने कहा था कि वह रात के खाने के लिए घर वापस आएंगे। बिस्वास ने दावा किया कि बांग्लादेश के सांसद से 17 मई से संपर्क नहीं हुआ था। इस वजह से उन्हें एक दिन बाद गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करानी पड़ी।

## आजम खान, पत्नी-बेटे को हाईकोर्ट से मिली जमानत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**फर्जी प्रमाणपत्र मामला**



- **अन्य मामलों में सजा के चलते जेल में ही रहेंगे आजम खान**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि आजम खान का मामला डॉ. तंजीन फातिमा और मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के मामले से अलग है। अतः आजम की सजा का फैसला और आदेश उनके आपराधिक संशोधन के लंबित रहने के दौरान स्थगित रहेगा जबकि उनकी पत्नी और बेटे की सजा के फैसले और आदेश पर रोक लगाने की प्रार्थना खारिज कर दी गई है।

न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने आजम व उनके परिवार को व्यक्तिगत बांड और समान राशि के दो विश्वसनीय जमानतदार प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। हालांकि आजम खान अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि उन्हें एक अन्य मामले में भी सजा हुई है जबकि तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम जेल से बाहर आ जाएंगे।

## अंबाला में ट्रक से टकराई वैष्णोदेवी जा रही मिनी बस, 7 की मौत और 20 लोग घायल

- **बुलंदशहर से 30 लोगों को लेकर वैष्णो देवी जा रही थी बस**

अंबाला, एजेंसी



दुर्घटनाग्रस्त वाहन के पास जुटे लोग। ● एजेंसी

हरियाणा के अंबाला में शुक्रवार तड़के मिनी बस और ट्रक की टक्कर होने से छह महीने की बच्ची समेत 7 की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह हादसा अंबाला छावनी के नजदीक मोहरा गांव के पास हुआ।

पुलिस ने बताया कि मिनी बस उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से लगभग 30 लोगों को जम्मू-कश्मीर स्थित वैष्णो देवी मंदिर लेकर जा रही थी। दुर्घटना में हताहत हुए सभी लोग रिश्तेदार हैं। दुर्घटना से मिनी बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मिनी बस में सवार छह महीने की बच्ची समेत सात लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने घायलों को बस से निकाला और पुलिस की मदद से दो अस्पतालों में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया है। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## छठे चरण में उप्र की 14 लोकसभा सीटों के लिए मतदान आज

**लखनऊ।** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों और बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट के लिए मतदान 25 मई को होगा। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। इस चरण में पूर्व मंत्री मेनका गांधी समेत कई दिग्गजों के भाग्य का फैसला होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीट शामिल है।

## कोर्ट ने बिभव को 4 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

**मालीवाल मामला**



- **18 मई से पुलिस हिरासत में है मुख्यमंत्री केजरीवाल का निजी सहायक**

दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। वह शनिवार से पुलिस की हिरासत में हैं।

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कुमार की चार दिन की न्यायिक हिरासत के अनुरोध संबंधी अभियोजन पक्ष के आग्रह को स्वीकार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को कुमार को गिरफ्तार किया था। उसके मोबाइल फोन का डेटा प्राप्त करने के लिए पुलिस उसे मुंबई भी ले गई थी। घटना के बाद कुमार ने अपने मोबाइल फोन को फार्मेट करा दिया था।

## हरदोई में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई आग लगने से दंपती की जलकर मौत

संवाददाता, हरदोई



- **सांडी थाना क्षेत्र के बघराई में गौशाला के सामने हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** सांडी थाना क्षेत्र के बघराई में गौशाला के ठीक सामने तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई, जिससे उसमें सवार दंपती रद्धेपुरवा निवासी आकाश पाल (25) और उनकी पत्नी कीर्ति सिंह (23) की कार में ही जिंदा जलकर मौत हो गई। सीएनजी कार होने के कारण इसमें मौके पर ही आग लग गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के एक घंटे बाद पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया।

पुलिस के अनुसार, कोतवाली शहर के रद्धेपुरवा निवासी आकाश पाल पुत्र रामकिशोर शुक्रवार को पत्नी कीर्ति पाल (23) को बीए (द्वितीय वर्ष) की परीक्षा दिलाने के लिए अपनी आर्टिगा कार से सांडी गया हुआ था। दोपहर में वहां के एमएस कान्वेंट डिग्री कॉलेज में परीक्षा देने के बाद दोनों लौट रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार कार सांडी के बघराई में गौशाला के ठीक सामने एक पेड़ से टकरा गई, जिससे उसमें आग लग गई। कार के शीशे लॉक होने की वजह से कोई उनके चीखने की आवाज नहीं सुन सका। लेकिन कोई कुछ करता इससे पहले ही समूची कार आग का गोला बन चुकी थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिग्रेड ने आग पर काबू पाया। एएसपी पूर्वी श्रीकुमार के साथ सीओ सुनील शर्मा, अग्नि शमन अधिकारी एमपी सिंह साण्डी के अलावा सुरसा और शहर कोतवाली पुलिस के अलावा दमकल कर्मी पहुंच गए। जब तक आग पर काबू पाया जाता, उससे पहले आकाश और कीर्ति की मौत हो चुकी थी।

## अभिनेत्री लैला खान की हत्या में सौतेले पिता को मृत्युदंड

**मुंबई।** मुंबई की सत्र अदालत ने अपनी सौतेली बेटी एवं अभिनेत्री लैला खान, उसकी मां और उनके चार भाई-बहनों की 2011 में हत्या करने के मामले में परवेज टाक को शुक्रवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र जज सचिन पवार ने नौ मई को टाक को हत्या और सबूतों को नष्ट करने के अलावा अन्य अपराधों का दोषी पाया था। इस पर फैसला शुक्रवार को सुनाया गया कि दोषी को क्या सजा दी जानी है। टाक लैला की मां सेलिना का तीसरा पति था। लैला, उसकी मां और उनके चार भाई-बहनों की फरवरी 2011 में महाराष्ट्र के नासिक जिले के इगतपुरी स्थित उनके बंगले में हत्या कर दी गई थी।

## केदारनाथ में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, यात्री सुरक्षित

ब्यूरो, देहरादून



- **हेलीकॉप्टर ने शेरसी से तमिलनाडु के छह यात्रियों को लेकर भरी थी उड़ान**
- **हेलीपैड से लगभग 100 मीटर पहले तकनीकी खराबी के कारण कराई गई लैंडिंग**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में शुक्रवार सुबह छह यात्रियों को लेकर केदारनाथ आ रहे क्रिस्टल कंपनी के हेलीकॉप्टर का रूडर खराब हो गया, लेकिन पायलट ने धैर्य का परिचय देते हुए हेलीकॉप्टर की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग करवाई। हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। डीएम ने डीजीसीए को इसके जांच के आदेश दिए हैं।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि शुक्रवार सुबह सात बजे क्रिस्टल एविएशन कंपनी के हेलीकॉप्टर ने छह यात्रियों को लेकर शेरसी हेलीपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी। केदारनाथ पहुंचने से पहले ही हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, लेकिन पायलट कल्पेश ने धैर्य रखते हुए हेलीकॉप्टर की केदारनाथ हेलीपैड से सौ मीटर पहले खाई की तरफ सकुशल आपातकालीन लैंडिंग करा दी। पायलट समेत सभी छह श्रद्धालु सुरक्षित हैं। इस घटना की जानकारी पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने यात्रियों की सहायता कर उन्हें मंदिर तक पहुंचाया। हेलीकॉप्टर में तमिलनाडु के छह यात्री सवार थे। केदारनाथ धाम के लिए हवाई सेवा संचालित हैं। रोजाना हेलीकॉप्टर तीर्थयात्रियों को लेकर केदारनाथ की उड़ान भर रहे हैं। यदि हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग नहीं हो पाती तो बड़ा हादसा हो जाता। इससे पहले केदारनाथ धाम की उड़ान भरते समय कई हेलीकॉप्टर हादसे के शिकार हो चुके हैं। डीएम सौरभ गहरवार ने कहा कि पायलट की सूझबूझ से हादसा होने से बच गया। पायलट ने धैर्य नहीं खोया और आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग कराई। सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित हैं।

### चारधाम में अब तक 52 की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड में 10 मई से शुरू हुई गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और 12 मई से शुरू हुई बदरीनाथ की यात्रा के लिए आए तीर्थयात्रियों में से 52 श्रद्धालुओं की विभिन्न कारणों से मृत्यु हो चुकी है। यह जानकारी मुख्यमंत्री के सचिव और गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने शुक्रवार को दी। पांडेय ने बताया कि चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से आज तक गंगोत्री में तीन, यमुनोत्री में 12, बदरीनाथ में 14 और केदारनाथ में 23 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है। अधिकांश मृतकों की आयु 60 वर्ष से अधिक है।

# दो करोड़ 70 लाख मतदाता करेंगे 162 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** छठे चरण में 14 लोकसभा सीटों पर कुल दो करोड़ 70 लाख 69 हजार 874 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें एक करोड़ 43 लाख 30 हजार 361 पुरुष व एक करोड़ 27 लाख 38 हजार 257 महिला व 1,256 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताय कि मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता संतकबीरनगर व सबसे कम मतदाता इलाहाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 162 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 146 पुरुष व 16 महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 26 प्रत्याशी प्रतापगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम छह प्रत्याशी डुमरियागंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। विधानसभा सीट गैंसड़ी उपचुनाव में कुल तीन लाख 63 हजार 234 मतदाता हैं, जिसमें एक लाख 93 हजार 822 पुरुष व एक लाख 69 हजार 393 महिला और 19 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इस सीट पर कुल सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लोकसभा सीटों पर मतदान के लिए कुल 28,171 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं, जिसमें से 3978 संवेदनशील हैं। कुल 17,113 मतदान केंद्र हैं। विधानसभा सीट गैंसड़ी पर 413 मतदेय स्थल हैं, जिनमें 76 संवदेनशील हैं। कुल 252 मतदान केंद्र हैं।



छठे चरण के चुनाव को लेकर जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

**मतदान पर सतर्क नजर रखेंगे प्रेक्षकः** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से तीन विशेष प्रेक्षक, 14 सामान्य प्रेक्षक, आठ पुलिस प्रेक्षक और 18 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा 2,192 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 282 जोनल मजिस्ट्रेट, 24 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2833 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 6952 भारी वाहन, 7560 हल्के वाहन व 1,21,246 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं। चुनाव में मतदान के लिए 34,145 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 36,986 बैलट यूनिट व 36,385 वीवीपैट तैयार किये गये हैं।

50 प्रतिशत से अधिक मतदेय स्थलों पर (14 हजार 480 मतदेय स्थल) लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 5,057 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है।

### चुनाव संपन्न कराने को भेजे गए डेढ़ लाख जवान

**अमृत विचार, लखनऊ :** छठे चरण के मतदान को संपन्न कराने के लिए उप्र. पुलिस ने लोकसभा क्षेत्रों में करीब डेढ़ लाख पुलिस बल भेजा है। 14 लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनावों में 17121 मतदान केंद्रों के 28171 मतदेय स्थलों पर मतदान होना नियत किया गया है।शनिवार को सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, भदोही में स्थित 14 लोकसभा क्षेत्र सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर, भदोही में होना है। चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए 8840 निरीक्षक, 68191 उपनिरीक्षक, 48091 मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी, 49 कम्पनी पीएसी बल तथा 229 कम्पनी सीएपीएफ भेजा गया है। इसके अतिरिक्त 18862 ग्राम चौकीदार व 443 पीआरडी जवान भी भेजे गए हैं।

### हेलीकॉप्टर की भी व्यवस्था

चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन अयोध्या में व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन प्रयागराज में रहेगी।

## एक नजर

### पर्यावरण संतुलन के लिए लगाए जाएंगे 35 करोड़ पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष में 35 करोड़ पौधे लगाए जायेंगे। ये पौधे 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव में लगाए जायेंगे। राज्य सरकार ने यह लक्ष्य निर्धारित करते हुए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा सभी मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व प्रभागीय वनाधिकारियों को पत्र भेज दिये हैं।

### मायावती आज गोरखपुर में

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती शनिवार को गोरखपुर में चुनावी सभा संबोधित करेंगी। राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने बताया कि बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार अभियान के क्रम में गोरखपुर के रामगढ़ ताल क्षेत्र स्थित चंपा देवी पार्क में चुनावी सभा आयोजित की जाएगी। बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय के लिए मायावती जनसभा संबोधित करेंगी।

## चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तराखण्ड में चार धाम यात्रा पर जाने वाले प्रदेश के सभी इच्छुक श्रद्धालु पंजीकरण कराने के बाद ही यात्रा पर जाएं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर उत्तराखण्ड सरकार द्वारा चार धाम यात्रा-2024 के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई है।

यह जानकारी देते हुए प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि गृह विभाग द्वारा चार धाम यात्रा पर जा रहे अथवा जाने के इच्छुक प्रदेश के तीर्थ यात्रियों से यह अपील की गई है कि वे अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराते हुए रजिस्ट्रेशन की तिथि पर ही जाएं। उन्होंने बताया कि चार धाम यात्रा के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वेबसाइट जारी की गई है।

# इंडी गठबंधन वालों ने सबसे अधिक क्षति पहुंचाई

## मुख्यमंत्री ने महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव और गोरखपुर में चुनावी सभा को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पांच लोकसभा सीटों महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव और गोरखपुर लोकसभा सीट के लिए जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान योगी ने कहा कि पूरे राज्य में अबकी बार चार सौ पार के नारे गूंज रहे हैं और इन्हें सुनकर कांग्रेस और सपा की हालत जलेबी जैसी हो गई है। उन्होंने कहा कि देश को सबसे अधिक इंडी गठबंधन वाले लोगों ने क्षति पहुंचाई है।

भाजपा मुख्यालय से साझा की गई जानकारी के अनुसार योगी ने कहा कि रामभक्तों को जवाब देने का वक्त आ चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में सुबह भ्रष्टाचार और शाम को आतंकी धमाके होते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के वक्त कांग्रेस और सपा के लोग गायब थे। उप्र. के दो लड़कों में से एक इटली और दूसरा इंग्लैंड भाग गये थे।

मुख्यमंत्री ने महराजगंज लोकसभा क्षेत्र की फरेंदा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशी पंकज चौधरी के पक्ष में वोट की अपील की। उन्होंने साखोपार में कुशीनगर लोस. सीट से पार्टी प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के भी पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। वहीं, पथरदेवा में देवरिया से लोस. प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के पक्ष में वोट की अपील की।


गोरखपुर में चुनावी जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी और भाजपा प्रत्याशी रवि किशन। अमृत विचार

- कांग्रेस के राज में सुबह भ्रष्टाचार और शाम को आतंकी धमाके होते थे

### उन्हें वोट देकर पाप का भागीदार न बनें

बांसगांव लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस के राज में सुबह भ्रष्टाचार की खबरों से होती थी ओर शाम होते होते कहीं आतंकी धमाके हो जाते थे। उन्होंने इंडी गठबंधन को रामद्रोही बताते हुए कहा कि ये लोग देश में गोकशी की छूट देना चाहते हैं। इन्हें वोट देने का मतलब पाप का भागीदार बनना होगा।

### भ्रष्टाचार हो गया समाप्त

गोरखपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत से आतंकवाद और भ्रष्टचार समाप्त हो गया है। जबकि कांग्रेस और सपा के शासन में सुबह की शुरूआत घोटाले से होती थी और शाम होते-होते कहीं न कहीं आतंकी विस्फोट हो जाता था। योगी शुक्रवार शाम पिपराइच में गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के पक्ष मंस चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

## भाजपा का ग्राफ गिरता रहा: अखिलेश



**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का दावा है कि इस लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से भाजपा की विदाई होना तय है। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि लगातार पांच चरणों के मतदान में भाजपा का ग्राफ गिरता रहा है। पूर्वांचल से भाजपा का पूरी तरह से सफाया होगा। शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने यह भी दावा किया कि छठवें और सातवें चरण के चुनाव में इंडिया गठबंधन लोकसभा की 27 की 27 सीटें जीतकर इतिहास रचने जा रहा है।अखिलेश यादव के मुताबिक, जबसे कांग्रेस और सपा ने मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है तब से दिल्ली और लखनऊ के डबल इंजन आपस में टकराने लगे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार, से परेशान मतदाता भाजपा का सफाया कर रहे हैं। वाराणसी सीट भी जनता के गुस्से से बचने वाली नहीं है। जनता ने ठान लिया है कि इस बार भाजपा को सत्ता में फिर नहीं आने देना है। भाजपा के हर अन्याय का जवाब देने का निर्णय जनता ने ले लिया है।

## राजा ईवीएम से होगा पैदा: राजभर



**अमृत विचार, लखनऊ :** कई अवसरों और चुनावों में भाजपा के सहयोगी रहे कुंडा के बाहुबली विधायक राजा भैया के खिलाफ राजग में शामिल दलों ने ही मोर्चा खोल दिया है। पहले अपना दल नेता अनुप्रिया पटेल ने राजा भैया को लेकर तीखी टिप्पणी जिसका राजा भैया की तरफ से भी जवाब आया। अब भाजपा की एक अन्य सहयोगी पार्टी सुभासपा के प्रमुख ओपी राजभर ने यहां तक कह दिया कि बाबा साहेब आंबेडकर ने रानी का आपरेशन कर दिया है। अब रानी के पेट से राजा पैदा नहीं होगा। यह भी कहा कि राजा भैया का पूर्वांचल की राजनीति में कोई असर नहीं है। ओपी राजभर ने शुक्रवार को एक न्यूज चैनल से बातचीत में रानी वाली बात कहते हुए प्रतिक्रिया दी कि अब राजा बैलेट बॉक्स और ईवीएम से पैदा होगा। ओपी राजभर ने यह भी कहा कि अनुप्रिया पटेल ने जो भी कहा, उसमें गलत क्या है। सच कड़वा होता है। अब ईवीएम से ही सबकुछ होगा। ईवीएम से जो जीतेगा वही राजा बनेगा। अनुप्रिया पटेल ने बिल्कुल सही कहा है।

# मौजूदा सांसदों का साथ छूटने से छठे चरण में बसपा की मुश्किलें बढ़ीं

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचारः** छठे चरण में पूर्वांचल की 14 सीटों पर शनिवार को मतदान होना है। इसमें बसपा की मायावती दोहरी चुनौती का सामना कर रही हैं। इस चरण में बसपा को अपनी मौजूदा लालगंज(सु.), अंबेडकरनगर, श्रावस्ती और जौनपुर सीट बचाने के साथ ही भाजपा की बी टीम के आरोप से लड़ना पड़ रहा है। नामांकन के ऐन मौके पर जौनपुर में प्रत्याशी बदलने से पहले से लग रहे आरोपों को विपक्ष ने और धार दिया है।

चुनाव के दौरान प्रत्याशी बदलना कोई समान्य प्रक्रिया नहीं है, मगर इस चुनाव में सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर अकेले चुनाव लड़ने वाली बसपा द्वारा कई बार प्रत्याशी बदलने से पार्टी की मूल भावना के अर्थ ही बदला जा रहे हैं। सीट जीतने की मंशा से प्रत्याशी बदलने को, सपा-कांग्रेस द्वारा सत्ताधारी भाजपा को लाभ पहुंचाने की नियत से जोड़ा जा रहा है।

जौनपुर समेत बसपा ने अब तक 15 सीटों पर प्रत्याशियों को बदला है। वाराणसी, आजमगढ़ और भदोही में तो तीन-तीन बार प्रत्याशी बदले हैं, जिसके बाद विपक्षी दलों ने सत्ताधारी दल को फायदा पहुंचाने का आरोप मढ़ते हुए भाजपा की बी टीम होने की तोहमत लगा रहें हैं।हालांकि इस मुद्दे पर पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि कई सीटों पर अखिलेश यादव द्वारा नामांकन कराने के बाद प्रत्याशी बदले गए हैं, बावजूद बयानबाजी कर रहें हैं। इसलिए इन बातों का प्रभाव जनमानस पर नहीं पड़ता है।


संगीता आजाद


रितेश पाण्डेय


राम शिरोमणी वर्मा

### छठा चरण ज्यादा कठिन

बीते लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन अंतर्गत लालगंज से संगीता आजाद ,अंबेडकरनगर से रीतेश पाण्डेय, श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा और जौनपुर से बसपा के श्याम सिंह यादव ने मैदान मारा था। इस बार सपा के साथ दूरियां बढ़ने से परिस्तिथियां अलग हैं। बसपा की लालगंज सीट की सांसद संगीता आजाद और अंबेडकरनगर के रितेश पाण्डेय भाजपा का दामन थाम चुके हैं। श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा को पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है। जौनपुर के मौजूदा सांसद श्याम सिंह यादव ही दोबारा मैदान में बसपा का झंडा उठाए है। मगर, इस सीट पर धनंजय सिंह व उनकी पत्नी श्रीकला जमकर विरोध कर रही हैं, विरोध सीधा बसपा का किया जा रहा है, क्योंकि बसपा द्वारा श्रीकला का टिकट नामांकन के कुछ घंटे पहले काट दिया गया था।

- बार-बार प्रत्याशी बदलने से उठ रहे सवाल पड़ रहे भारी
- बसपा की मौजूदा चार सीटों पर मतदान आज, साख बचाना चुनौती



धनंजय सिंह व श्रीकला ने भाजपा का दामन थाम लिया है, स्पष्ट है कि प्रत्याशी भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ना नहीं चाह रही थी। जौनपुर समेत सभी 14 सीटों पर बसपा मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है, बसपा प्रमुख मायावती लगातार क्षेत्र में चुनावी सभाएं कर रही हैं, भाजपा सरकार की खामियां उजागर कर रही हैं। वास्तव में आरोप लगाने वाले सपा के अखिलेश यादव, खुद भाजपा और आरएसएस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

**विश्वनाथ पाल, प्रदेश अध्यक्ष, बसपा**

# सांसद संतोष गंगवार की पत्नी सौभाग्यवती का निधन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संतोष गंगवार की 72 वर्षीय पत्नी सौभाग्यवती का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। गुरुवार देर शाम तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें पीलीभीत बाईपास पर एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



भाग्यवती गंगवार अर्बन कोआपरेटिव बैंक और भारत सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष और बरेली कॉलेज प्रबंध समिति की सदस्य थीं। परिवार के लोगों के मुताबिक बुधवार को लूज मोशन होने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। गुरुवार शाम तक स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टर को घर बुलाकर ड्रिप लगवाई गई। हालत लगातार गिरते जाने के बाद देर शाम उन्हें पीलीभीत बाईपास पर एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार सुबह करीब चार बजे उन्होंने अंतिम सांस ले ली। डॉक्टरों के मुताबिक सौभाग्यवती को सेप्टीसीमिया हो गया था। शाम चार बजे सिटी श्मशान भूमि पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### योगी ने दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली लोकसभा सीट से 8 बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार की धर्मपत्नी के निधन पर शोक जताते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। योगी ने एक्स हैंडल पर लिखा, भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद संतोष गंगवार जी की धर्मपत्नी का निधन अत्यंत दुखद है। मेरी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

# ओबीसी सूची में शामिल हैं 79 जातियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सूची में पहले नंबर पर अहीर व आखिरी नंबर पर कलाल जाति
- दूसरे नंबर पर अरख, अर्कवंशीय, तीसरे पर काछी और कुशवाहा

**अमृत विचारः** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से शासन को भेजी गई ओबीसी सूची में 79 जातियों को क्रमवार उल्लेख किया गया है। इसमें पहले नंबर पर अहीर व आखिरी नंबर पर कलाल जाति शामिल हैं। पहले नंबर पर अहीर के कॉलम में यादव, युदवंशीय व ग्वाला का उल्लेख है।

दूसरे नंबर पर अरख, अर्कवंशीय, तीसरे पर काछी, काछी-कुशवाहा, शाक्य, चौथे पर कहार, कश्यप, पांचवें पर केवट, मल्लाह, निषाद का उल्लेख है। इसी तरह, बाकी जातियों में किसान, कोइरी, कुम्हार, प्रजापति, कुर्मी, चनऊ, पटेल, पटनवार, कुर्मी मल्ल, कुर्मी सैथवार, कम्बोज, कसगर, कुजड़ा या राइन, गोसाई, गूजर, गड़ेरिया, पाल, बघेल, गद्दी, घोसी, गिरि, चिकवा, कस्साव, कुरैशी, चक, छीपी, छीपा, जोगी, झोजा, डफाली, तमोली, बरई, चौरसिया, तेली, सामानी, रोगनगर, साहू, रौनियार, गन्धी, अर्राक, दर्जी, इदरीसी, काकुस्थ, धीवर, नक्काल, नट जो एससी में शामिल नहीं, नायर, फकीर, बंजारा, रंकी, मुकेरी, मुकेरानी, बढ़ई, बढ़ई-सैफी, विश्वकर्मा, पांचाल, रमगढ़िया, जागिड़, धीमान, बारी, बैरागी, बिंद, बियार, भर, राजभर, भुर्जी, भड़भूजा, भूंज, कांदू, कसौधन, भठियारा, माली, सैनी, मनिहार, कचेर, लखेरा, मुराव या मुराई, मौर्य, मोमिन अंसार, मिरासी, मुस्लिम कायस्थ, नद्दाफ, धुनिया, मंसूरी, कन्डेरे, करण, कर्ण, मरछा, रंगरेज, रंगवा, लोध, लोधा, लोधी, लोट, लोधी राजपूत, लोहार, लोहार-सैफी, लोनिया, नोनिया, गोले-ठाकुर, लोनिया-चौहान, सोनार, सुनार, स्वर्णकार, स्वीपर जो एससी में शामिल न हों, हलालखोर, हलवाई, मोदनवाल, हज्जाम, नाई, सलमानी, सविता, श्रीवास, राय सिख, सक्का-भिश्ती, भिश्ती-अब्बासी, धोबी जो एससी में शामिल न हो, कसेरा, ठठेरा, ताम्रकार,, नानवाई, मीर शिकार, शेख सरवरी, पीराही, मेव, मेवाती, कोष्ठा-कोष्ठी, रोड़, खुमरा, संगतराश, हंसीरी, मोची, खागी, तंवर सिंघाड़िया, कतुआ, माहीगीर, दांगी, धाकड़, गाड़ा, तंतवा, जोरिया, पटवा, पटहरा, पटेहर, देववंशी व जाट शामिल हैं।

## डॉक्टरों की शिकायतें पोर्टल पर होंगी दूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में कार्य करने वाले चिकित्सकों की शिकायतों को निस्तारित करने के लिए मानव संपदा पोर्टल पर 'ऑनलाइन ग्रीवांस रिड्रेसल मॉडयूल' तैयार किया गया है। निदेशक प्रशासन के नेतृत्व में संचालित होने वाले मॉडयूल में डॉक्टरों को विभागीय चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, शिकायते ऑनलाइन निस्तारित हो जाएंगी।

मॉडयूल के नोडल अधिकारी डॉ.राजागणपति ने बताया कि विभिन्न जिलों में कार्यरत एमबीबीएस व दंत चिकित्सकों की तमाम शिकायतें होती हैं, उन्हें कई बार मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय या मुख्यालय आना पड़ता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए मानव संपदा पर ही शिकायतों को निस्तारित करने के लिए मॉडयूल बनाया गया है। इसमें 15 दिनों के अंदर शिकायतों को निस्तारित किया जायेगा।

# गोंडा नगर पालिका अध्यक्ष को हाईकोर्ट से मिली राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ

- प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार सीज करने का आदेश खारिज
- पालिका अध्यक्ष को सुनवाई का मौका दिए बिना जारी कर दिया गया था आदेश

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने नगर पालिका परिषद, गोंडा की अध्यक्ष (चेयरपर्सन) उजमा राशिद को बड़ी राहत देते हुए, उनके प्रशासनिक व वित्तीय अधिकार सीज करने सम्बंधी आदेश को रद् कर दिया है। न्यायालय ने पाया कि नगर पालिका अध्यक्ष को सुनवाई का मौका दिए बिना ही उक्त आदेश पारित किया गया था।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने उजमा राशिद की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से दलील दी गई थी कि 18 अप्रैल 2024 को उसे कारण बताओ नोटिस दिया गया जिसके द्वारा उस से पूछा गया कि क्यों न उसे उसके पद से हटा दिया जाए। कहा गया कि उक्त नोटिस के साथ ही याची के प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों पर रोक लगा दी गई।

दलील दी गई कि जिस समय यह नोटिस जारी किया गया उस समय याची जेल में थी और उसे सुनवाई का मौका दिए बगैर ही उक्त आदेश पारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष पर एक शत्रु सम्पत्ति को हड़पने का आरोप लगाया गया है।

**सक्रियता** 57 जिलों में थाना भवन तैयार, शेष को पुलिस लाइन में खोलने के आदेश, चुनाव बाद 1425 कार्मिकों की होगी भर्ती

# साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने की तैयारी

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** माफिया पर कार्रवाई करने के बाद अब राज्य सरकार साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने जा रही है। इसके लिए संस्थागत रूप से कार्यप्रणाली विकसित कर कार्ययोजना तैयार की गई है। आचार संहिता समाप्त होते ही उप्र. पुलिस का साइबर क्राइम विभाग अपनी टीम के साथ प्रदेशभर में सक्रिय हो जाएगा। इसके लिए हर जिले में जरूरी संसाधन भी जुटाए जा रहे हैं। 18 जिलों को छोड़ शेष सभी जिलों में थाने तैयार हैं। शेष थाने जगह न मिल पाने की स्थिति में जिलों की पुलिस लाइनों में खोलने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही 1425 कार्मिकों की भर्ती करके थानों का संचालन शुरू किया जाएगा। साइबर अपराध रोकने के लिए गृह विभाग स्वयं नेतृत्व कर रहा है।

साइबर अपराध से पूरा प्रदेश जूझ रहा है। यह अपराध उप्र. पुलिस के लिए चुनौती बन चुकी है। पूरे प्रदेश में प्रतिदिन हजारों मामले साइबर अपराध के दर्ज हो रहे हैं। ऐसी स्थित में प्रदेश सरकार ने इसे बड़ी चुनौती मानते हुए इसके लिए संस्थागत कार्यप्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया है। गृह विभाग और साइबर क्राइम की टीम ने साइबर अपराधियों पर प्रहार करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली है। विशेष सचिव गृह योगेश कुमार स्वयं तैयारी की समीक्षा कर रहे हैं। चुनाव समाप्त होने के बाद इस दिशा में ठोस कदम उठाया जाएगा।

### इनको माना जाएगा साइबर अपराध

यूपीआई अकाउंट टेकओवर फ्राड, फिशिंग लिंक, विशिंग काल्स के माध्यम से किए जाने वाले अपराध, एटीएम कार्ड स्किमिंग फ्राड, स्क्रीन शेयरिंग, रिमोट एक्सेस ऐप के माध्यम से होने वाले फ्राड, सिम स्वैपिंग, सिम क्लोनिंग, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, पहचान चोरी, एईपीएस फ्राड, साइबर बुलिंग, ई-वालेट फ्राड, नेट बैंकिंग फ्राड, पोंजी स्कीम, लोन एप फ्राड, आनलाइन जॉब फ्राड, लोन एप फ्राड, क्यू आर कोड फ्राड, लॉटरी फ्राड, जूस जैकिंग फ्राड, ई-मेल द्वारा कारित फ्राड, डीप फेक वीडियो फ्राड, सेक्सटार्सन फ्राड (हनी ट्रैप), वेबसाइट फ्राड, पिरामिड स्कीम फ्राड, ऑनलाइन जुआ, फर्जी बैंक रिकवरी, व्हाट्सएप हैकिंग, बैकिंग फ्राड, कॉल स्पूफिंग, ऑफर फ्राड, क्रेडिटकार्ड एक्टीवेशन फ्राड, डिस्काउंट फ्राड, पेमेंट स्पूफिंग एप्लीकेशन, क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड, रैंसमवेयर अटैक आदि को साइबर फ्राड की श्रेणी में माना जाएगा।

### इन्होंने तैयार की है कार्ययोजना

साइबर अपराध रोकने के लिए पूरी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। साइबर क्राइम के पुलिस उपमहानिरीक्षक पवन कुमार, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव, पुलिस उपाधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रदेश में साइबर क्राइम थानों के संचालन की कार्ययोजना तैयार की है। गृह विभाग इसमें सहयोग कर रहा है।

- शासन के निर्देश पर गृह और साइबर क्राइम विभाग की बनी टीम

> साइबर अपराध रोकने के लिए थाने खोलने, संसाधनों की पूर्ति करने आदि का कार्य लगभग हो चुका है। कार्मिकों की तैनाती के बाद हम उल्लेखनीय सफलता अर्जित करने की उम्मीद करते हैं।
>
> -योगेश कुमार, विशेष सचिव गृह

# अनपरा बिजलीघर की एक इकाई ठप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अनपरा बिजलीघर की एक इकाई शुक्रवार को ठप हो गई, जबकि पहले से ठप चल रही ललितपुर इकाई को चालू करने का प्रयास किया गया, पर चालू होने के बाद इकाई दोबारा ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। हालांकि एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति को काबू में किया गया।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा की पांच सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई शुक्रवार को ठप हो गई। इस इकाई के 26 मई को दोबारा उत्पादन में वापस लाने की उम्मीद जताई जा रही है। ललितपुर की 600 मेगावाट क्षमता की इकाई को दोपहर में चालू किया गया, पर इसमें फिर खराबी आ गई। इस इकाई के 27 मई को चालू होने की संभावना है। पहले से ठप ओबरा की दो मेगावाट क्षमता की इकाई के आज चालू होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि कई इकाइयों के एक साथ ठप होने से बिजली उत्पादन घट गया है। इसकी भरपाई के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात की जा रही है। शुक्रवार को बिजली की अधिकतम मांग 28,010 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 21,664 मेगावाट दर्ज हुई।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है। उन्होंने कॉरपोरेशन प्रबंधन से मांग करते हुए कहा कि अभियंताओं के प्रशिक्षण व बैठकों पर तत्काल रोक लगाई जाय और युद्ध स्तर पर बिजली संकट दूर करने का कार्य शुरू किया जाए।

### शटडाउन से बचें: डॉ. आशीष

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने कहा कि अधिकारी बढ़ रही गर्मी में सजगता बरतें। हर हाल में बिजली आपूर्ति सही रखी जाय। दो जून तक अपरिहार्य कारणों को छोड़कर शटडाउन से बचा जाए। अध्यक्ष शुक्रवार को शक्ति भवन में बिजली आपूर्ति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय दोषों को ठीक करने के लिये पर्याप्त गैंग, ट्राली ट्रांसफार्मर आदि सामग्री की व्यवस्था की जाए।

## एक नजर

### भक्त और भगवान को जोड़ने की कड़ी है भक्ति : विमला

जगतपुर, रायबरेली। शुक्रवार को जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन में महिलाओं के सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए महात्मा विमला ने कहा भक्ति के बगैर जीवन की नीरस माना गया है। भक्त और भगवान को जोड़ने की कड़ी ही भक्ति है। भक्ति वह रस है जो एक भक्त के जीवन में आनंद ही आनंद भर देती है। जब जीवन में भक्ति आ जाती हो तो जीवन में निखार आ जाता है। परमात्मा से प्रेम करके अगर उसके बंदों से प्रेम नहीं करेंगे उसके बंदों से नफरत और निंदा करेंगे तो भक्ति भी परमात्मा को स्वीकार नहीं होगी यह सारा संसार प्रभु परमात्मा से परिपूर्ण है। एक प्रभु का नूर सभी में देखते हुए सभी से प्रेम करना है। इस मौके पर उषा, वंदना, पूनम, रेखा, सोनाली, रूपाली, शकुंतला, कुमकुम, मीरा दीक्षित सहित आदि महिला साध संगत मौजूद रहे।

### तमंचे के साथ युवकों का वीडियो वायरल


सोशल मीडिया पर तमंचा के साथ वायरल वीडियो का स्क्रीन शॉट।

रायबरेली,अमृत विचार। जगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों द्वारा तमंचे का प्रदर्शन करने का एक वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इसको लेकर पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। पुलिस अब युवकों की धरपकड़ के लिए तलाश कर रही है। दरअसल यह मामला जगतपुर थाना क्षेत्र के पूरे लोधन के पुरवा का है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि इस वीडियो में दो युवक एक साथ खड़े हैं। इसमें से एक युवक के हाथ में डंडा व दूसरा युवक हाथ में देशी तमंचा लिये नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस इन दोनों युवक की तलाश में जुटी हुई है।

### ट्रेन से कट कर युवक की मौत

जगतपुर, रायबरेली,अमृत विचार। शुक्रवार को जगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जगतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे दुबे मजरे बलीपुर गांव निवासी रोशन पुत्र रामसेवक की शुक्रवार को अचानक ट्रेन से कटकर मौत हो गई। इस हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### युवक की बाइक गायब

अमावां,रायबरेली। थाना क्षेत्र की पूरे मंगली मिश्र गांव निवासी रत्नेश मिश्रा अपनी बाइक संख्या यूपी 33 सीबी 2666 से स्थानीय चौराहे पर सब्जी खरीदने के लिए बाइक को सड़क के किनारे खड़ी कर चाबी जेब में रखकर सब्जी खरीदने लगा। इस बीच मौजूद अज्ञात चोरों ने बाइक पार कर दी। सूचना पुलिस पर ने छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है।

# सीएमएस का भ्रमण फेल, जिला अस्पताल में लगा कूड़े का ढ़ेर

## बच्चा वार्ड के बाहर फैली गंदगी से संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा, दिखावे के लिए ओपीडी के बाहर का परिसर रखा जाता है साफ

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। अगर आप स्वयं या अपने बच्चे का इलाज कराने जिला चिकित्सालय जा रहे हैं तो सावधान हो जाइए। अस्पताल के कोने-कोने में फैली गंदगी व हो रही दुर्गंध आपको नई बीमारी बिना मांगे दे सकती है। अस्पताल परिसर के वार्डों के सामने खाली पड़ी जगह सफाई के अभाव में गंदगी से पटी नजर आती है। यहां पर लगे कूड़े के ढेर से अजीब दुर्गंध आ रही है। इस परिसर में ठहरना तो दूर थोड़ी देर भी खड़े होना मुश्किल है। छोटे-छोटे कूड़े के ढ़ेर में चिकित्सकीय व गैर चिकित्सकीय सभी प्रकार का कूड़ा रहता है। जो संक्रामक बीमारियों को दावत देने में सक्षम है। जिला अस्पताल में ओपीडी के पास अधिकांश मरीज व स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों के आने वाले स्थानों पर सफाई तो है लेकिन परिसर में ऐसे कई स्थान हैं जहां पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो चुकी है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रतिदिन ओपीडी खुलने के बाद जिला अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए भ्रमण करते हैं। सीएमएस के भ्रमण करने से पहले उन स्थानों पर साफ-सफाई करा दी जाती है जहां पर उनकी अक्सर नजर रहती है।

**शर्मनाक**

**सीएमएस प्रतिदिन अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्थाओं का लेते हैं जायजा**

हालांकि अस्पताल परिसर के दीवारों पर साफ-साफ लिखा गया है कि परिसर के अंदर गुटखा खाते पकड़े जाने पर जुर्माने से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। जबकि अभी तक जिला चिकित्सालय प्रशासन की ओर से यदा कदा ही गुटखा खाते हुए लोगों पर जुर्माना किया जाता है वहीं, नजर बचाकर दिन भर गुटखा खाने का उपक्रम चलता रहता है।

अस्पताल परिसर में जहां सीएमएस की नजर न पड़े वहां कोने-कोने में गुटखा के पीच से वह स्थान रंगीन व गंदगी से पटा है। शुक्रवार को बच्चा वार्ड के बाहर का कोना गंदगी से पटा हुआ था। यहीं नहीं वहां पर गंदा पानी भी भरा हुआ था। जो वार्डों में भर्ती शिशुओं व तीमारदारों को बीमार करने के लिए काफी है। वार्डों के सामने इस तरह के कूड़ा का ढ़ेर लगे होने से मरीजों व तीमारदारों में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को स्वच्छ रखने की सलाह अक्सर दी जाती है लेकिन इसके बावजूद भी अस्पताल परिसर में गंदगी फैलने से रोक पाना संभव नहीं दिख रहा है।


गोल्डन कार्ड बनाने लिए लगा शिविर। अमृत विचार

**कूलर से वार्डों को ठंडा रखने का प्रयास**

हीट वेव को देखते हुए स्वास्थ्य महकमे की ओर से अधिकांश वार्डों की गलियों में तीमारदारों को ठंडी हवा मिले इसके लिए बड़े-बड़े कूलर लगाए गए हैं। इस भीषण गर्मी में तीमारदार वार्ड के सामने गैलरी में बैठकर अपने मरीज की देखभाल कर रहे हैं। स्वास्थ्य महकमे द्वारा की गई इस व्यवस्था से तीमारदारों को गर्मी से बड़ी राहत मिल रही है।

"अस्पताल परिसर को पहले से और बेहतर किया गया है। अस्पताल में गंदगी न होने पाए इसके लिए पर्याप्त सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं। गर्मी में परेशान मरीजों और तीमारदारों के लिए वार्डों में कूलर लगवाया गया है, जिससे किसी भी मरीज व तिमारदार को गर्मी से परेशान न होना पड़े।"
–महेंद्र कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

# अचानक तेज पानी के बहाव से जिला अस्पताल में मची भगदड़

## फायर सिस्टम खुलने से जिला अस्पताल में भरा पानी, मरीज हुए परेशान

**जलभराव**

**घंटो की मशक्कत के बाद हालात हुए सामान्य**

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिला चिकित्सालय में डायलिसिस कक्ष को जाने वाले रैम्प के पास दीवार में लगा फायर सिस्टम अचानक खुलने से पूरे परिसर में जलभराव हो गया। अचानक तेज पानी का बहाव होने से मरीज, तीमारदार व स्वास्थ्य मकहमें में हड़कंप मच गया। घंटो कड़ी मशक्कत के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने इसे बंद कराया और अस्पताल परिसर में हालात सामान्य हुए। जिसके बाद स्वास्थ्य महकमे ने राहत की सांस ली।

शुक्रवार को जिला चिकित्सालय परिसर में अल्ट्रा साउंड व एक्सरे कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ लगी रही। दिन में ओपीडी के समय अचानक डायलिसिस कक्ष को जाने वाले रैम्प की दीवार में लगा फायर सिस्टम खुल गया और तेजी से पानी का बहाव शुरू हो गया और उपचार कराने के लिए खड़े मरीजों व तीमारदारों में हड़कंप मच गया। यही नहीं एक्सरे कक्ष, अल्टासाउंड कक्ष, औषधि भंडार कक्ष में पानी भरना शुरू हो गया। इसकी जानकारी होने पर स्वास्थ्य कर्मियां ने तत्काल मौके पर पहुंच कर फायर सिस्टम को बंद किया।

इस दौरान सफाई कर्मियों को लेकर आनन-फानन कक्षों में भरे पानी को बाहर निकाला गया। जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। हालांकि इस दौरान गंभीर रूप से घायल के तीमारदारों व मरीजों को परेशान होना पड़ा। फिलहाल स्वास्थ्य कर्मियों ने स्थित को काबू में कर लिया और हालात सामान्य हो गए। इस संबंध में सीएमएस महेंद्र मौर्य ने बताया कि अचानक फायर सिस्टम खुल गया था जिसकी वजह से पानी भर गया था। जिसे तत्काल अस्पताल के कर्मियों ने बंद कर स्थित को संभाल लिया। कोई हताहत नहीं हुआ है।



अल्ट्रा साउंड कक्ष में भरे पानी को निकालते कर्मी। अमृत विचार


अल्ट्रा साउंड व एक्सरे कक्ष की गैलरी में भरे पानी को निकालते कर्मी।


अल्ट्रा साउंड व एक्सरे कक्ष की गैलरी में भरे पानी से होकर निकलते तीमारदार।

## निगरानी समिति आश्रय गृह का निरीक्षण


बालक–बालिका आश्रय गृह का निरीक्षण करती निगरानी टीम।

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिला न्यायाधीश तरुण सक्सेना के निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति ने बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा का निरीक्षण किया।

समिति की अध्यक्षा अपर जिला जज प्रतिमा,सदस्य अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व सदस्य प्रभाष त्रिपाठी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालक एवं बालिकाओं से बातचीत कर हाल-चाल जाना। आश्रय गृह में रहने वाले बालक-बालिकाओं ने समिति को अपनी समस्याएं बतायीं। शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास के लिए मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। समिति ने आश्रय गृह के बालिकाओं व बालकों के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसिलिग कराएं।

# खनन माफियाओं के आगे प्रशासन पस्त

संवाददाता,डलमऊ, रायबरेली

अमृत विचार। लगातार खनन को अंजाम दे रहे खनन माफियाओं के आगे तहसील व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से नतमस्तक है। पिछले कई दिनों से लगातार हो रहे खनन को लेकर क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी भी है। रात होते ही जेसीबी के गरजने और सरपट दौड़ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली से दुर्घटना का भी आशंका बनी रहती है।

डलमऊ तहसील क्षेत्र के पूरे ठकुराइन भरसना, संतपुर में पिछले कई दिनों से लगातार खनन माफिया सक्रिय है। रात होते ही खनन का कारोबार शुरू हो जाता है और सुबह तक बेधड़क चलता रहता है। क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन के मामले से तहसील प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह से अंजान बना हुआ है। इससे साफ जाहिर होता है कि खनन माफियाओं की पकड़ पुलिस से लेकर तहसील प्रशासन तक बनी हुई है जिसमें मोटी रकम भी वसूली जाती है। पिछले दिनों तहसीलदार की शक्ति के आगे खनन का कारोबार थम गया था,लेकिन अब एक बार फिर खनन का कारोबार चरम पर है। वहीं पर खनन माफियाओं की माने तो तहसील व पुलिस प्रशासन को खनन के लिए मोटी रकम देनी पड़ती है। बिना पुलिस व तहसील प्रशासन की मिलीभगत से खनन संभव नहीं है।



अवैध खनन में लगी जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली। अमृत विचार

**मनमानी**

**पूरे ठकुराइन भरसना, संतपुर में पिछले कई दिनों से लगातार खनन माफिया सक्रिय है।**

### टॉवर के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

रायबरेली। टावर लगवाने के नाम पर ग्रामीणों से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए मिल एरिया पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम अयोध्या जिले के थाना इनायत नगर के ग्राम पूरे नौसिडिया तिवारी मजरे डीह पूरे बीरबल के निवासी सुरेंद्र तिवारी पुत्र स्व सोमदेव तिवारी व इसी जिले के थाना इनायत नगर के ग्राम शेखपुरा निवासी संदीप कुमार यादव पुत्र परशुराम यादव हैं। मिल एरिया पुलिस ने इनके पास से 26 अदद रसीद (द्वितीय प्रति), एक मोटर साइकिल नंबर यूपी 42 एक्यू 6063, एक नंबर प्लेट यूपी 42 एक्यू 9193, एक मोबाइल फोन व दस हजार एक सौ रूपये बरामद किया है।

## सार-संक्षेप

### डिपो में अच्छा कार्य करने वाले सम्मानित


कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते एआरएम। अमृत विचार

रायबरेली,अमृत विचार। परिवहन निगम ने अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित कर अन्य कर्मचारियों को प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक दिनेश चंद्र श्रीवास्तव की पहल पर प्रदेश स्तर पर सबसे अधिक डीजल औसत देने के लिए नवम्बर 2023 व दिसंबर 2023 के लिए सीनियर फोरमैन को सम्मान पत्र व अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इसी के साथ कार्यालय के कर्मचारी प्रमोद भाष्कर को उनके अच्छे कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्याशाला के अंदर संविदा कर्मचारी संजीव कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिपो के चालक, परिचालक सहित अनेक कर्मचारी व कर्मचारी नेता उपस्थित थे। सभी ने करतल ध्वनि के साथ सम्मानित होने वाले कर्मियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया है। इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि इस सम्मान से अन्य कर्मचारी प्रेरणा लेंगे जिससे भविष्य में उन्हें भी इस प्रकार के प्रशस्ति पत्र से गौरवान्वित किया जा सके।

### ग्रामीणों ने कुत्ते से बचाई हिरण की जान


कुत्ते के हमले से लहूलुहान पड़ा हिरण का बच्चा। अमृत विचार

जगतपुर, रायबरेली,अमृत विचार। शुक्रवार की सुबह कस्बे के मनोहरगंज में हिरण के बच्चे को कुत्ते दौड़ा–दौड़ा कर उस समय काट रहे थे जब वह अचानक गांव में आ गया। कुत्ते के चंगुल में फंसे हिरण के बच्चे को ग्रामीणों ने बचाया और उसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। कुत्तों के हमले में हिरण का बच्चा लहूलुहान हो गया है। ग्रामीणों ने जब इसकी सूचना वन दरोगा प्रदीप सिंह को दी तो उन्होंने कहा कि घायल हिरण को वहीं छोड़ दीजिए हम नहीं आ पाएंगे। जिसके बाद नाराज ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से वन दरोगा प्रदीप सिंह की शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे पहले लोगों ने वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को घटना के बारे में अवगत कराया था, लेकिन जिम्मेदारों की संवेदनहीनता के कारण विभाग के किसी भी कर्मचारी ने गांव आना मुनासिब नहीं समझा। जबकि हिरण के बच्चे को स्थानीय लोगों ने गांव में ही सुरक्षित जगह पर रख लिया है। वन विभाग के किसी भी जिम्मेदार द्वारा मौके पर न जाने को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश दिखा।

### मतगणना की तैयारियां शुरू, 4 को आएंगे परिणाम


गोरा बाजार आईटीआई परिसर में की जा रही मतगणना की तैयारी।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। 20 मई को सम्पन्न हुए चुनाव की मतगणना 4 जून को होनी है। जिसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर के औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में रायबरेली संसदीय क्षेत्र के साथ–साथ अमेठी संसदीय क्षेत्र के सलोन विधानसभा क्षेत्र की भी मतगणना यहीं पर होनी है। गौरतलब है कि संसदीय चुनाव के लिए आठ प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद है। जिनके भाग्य का फैसला 4 जून को होना है। वही मतगणना स्थल के बाहर राजनैतिक दलों के लोग ईवीएम की निगरानी भी कर रहे हैं।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, हादसा टला


बछरावां के नटवीर नगर में खेत में लगी आग आग। अमृत विचार

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के नटवीर नगर मजरे बिशुनपुर में गुरुवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में बस्ती के पास खेतों, झाड़ियों में आग लग गई। देखते ही देखते बस्ती में रहने वाले लोगों के घरों के आसपास तक पहुंच गई। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पा लिया है। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं, अगर समय रहते आग को बुझाया न जाता तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

# खस्ताहाल सड़कों पर राहगीरों का चलना दुश्वार

संवाददाता,लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। पीडब्ल्यूडी विभाग सड़कों की मरम्मत को लेकर चाहे जितनी डींगे हांक रहा हो लेकिन गांव की सड़कें आज भी जर्जर पड़ी हुई हैं। भारी वाहनों के चलते पक्की सड़कों से गिट्टी और डामर गायब हो गया है। इन सड़कों पर केवल गड्ढे ही दिखाई पड़ते हैं।

लालगंज-गेगासो हाईवे से निकाला अंबारा पश्चिम संपर्क मार्ग पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। भाजपा के किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। उन्हें जनता की दिक्कतों से कोई लेना-देना नहीं है जबकि योगी सरकार ने गड्ढा मुक्त सड़कों के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को आदेश दे रखा है। वहीं, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी सरकार को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। संतोष सिंह ने यह भी कहा कि सरेनी विधानसभा के जीते हुए जनप्रतिनिधि भी जनता की समस्याओं को लेकर लापरवाह है। विधायक व ब्लॉक प्रमुख कभी भी जनता की समस्याओं को अधिकारियों के सामने नहीं उठाते हैं। संतोष सिंह ने कहा है कि अगर शीघ्र अम्बारा पश्चिम संपर्क मार्ग ठीक नहीं किया गया तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे।

# नाटक का मंचन कर दिया स्वच्छता का संदेश

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। स्वच्छ भारत मिशन को अपने अभियान से जोड़ते हुए एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें कई कार्यक्रमों से पखवाड़े के पहले सप्ताह में ही जन जागरूकता का ऐसा वातावरण बन रहा है कि स्वच्छता पखवाड़े ने जन आंदोलन का रूप ले लिया है।

पखवाड़े कार्यक्रमों में न केवल एनटीपीसी कर्मचारी व उनके परिवारजन भी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। साथ ही परियोजना के स्कूलों, सीआईएसएफ के जवानों, परियोजना परिसर के दुकानदारों, संविदा श्रमिकों, आसपास के ग्रामीणों के अलावा आवासीय परिसर के आसपास के आम नागरिक भी स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर अपने घर व कार्यस्थल को साफ-सुथरा रखने का संकल्प ले रहे हैं। पखवाड़े की शुरुआत एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा प्रभात फेरी एवं सभी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलवाने के साथ की गई। परियोजना आवासीय परिसर के शॉपिंग कॉम्पलेक्स, ऊंचाहार रेलवे स्टेशन, बहेरवा मार्किट व उमरन गांव में साफ-सफाई के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटकों के आयोजन किए गए। साथ ही इन स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर डस्टबिन का वितरण करके इन क्षेत्रों की साफ-सफाई भी करवाई गई। स्वच्छता पखवाड़े के विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में सफाई कर्मियों व संविदा कर्मियों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर उन्हें स्वच्छता किट का भी वितरण किया गया। इसके अलावा परिसर की नालियों की भी सफाई करवाई गई। वहीं,बालिकाओं ने साफ-सफाई को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित किया है। बालिकाओं को माहवारी के दौरान अपनाए जाने वाले स्वच्छता उपायों के बारे में जानकारी दी गई।एनटीपीसी द्वारा आयोजित स्वच्छता के इस महाअभियान के पहले सप्ताह से परियोजना परिसर तथा आसपास के विभिन्न वर्गों व समूहों के लगभग 1500 लोग जुड़ चुके हैं और हजारों लोगों को लाभान्वित हो रहे हैं। परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा स्वयं इन कार्यक्रमों से जुड़कर आम और खास लोगों को प्रेरित व प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं।



रेलवे स्टेशन पर आयोजित स्वच्दता पखवाड़े में मौजूद लोग। अमृत विचार

### रास्ते को लेकर दो भाइयों में खूनी संघर्ष, चार घायल

ऊंचाहार, रायबरेली,अमृत विचार। रास्ता और नाली के लिए दो सगे भाई एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। दोनों के बीच हुए खूनी संघर्ष में चार लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का सीएचसी में इलाज हुआ है। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर उधवन गांव का है। गांव निवासी राम अधार व रामकिशुन सगे भाई है। दोनों के बीच में रास्ते व नाली का विवाद चल रहा है। गुरुवार की रात इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से रामकिशुन (50) पत्नी निर्मला (45)। दूसरे पक्ष से रामअधार का बेटा धर्मेंद्र (30) व बहू रेनू (28) घायल हो गये। परिजनों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को दोनों पक्षों की कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनो पक्षों द्वारा तहरीर मिली है, आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**अनदेखी** — धधक रही आधा दर्जन कोयला भट्ठियां दे रही बीमारी को दावत, वायु प्रदूषण से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रहे सांस के मरीज

# वायु प्रदूषण फैला रही कोयला भट्ठियां, जिम्मेदार मौन

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गुमावा पुलिस चौकी के अन्तर्गत रीवां में अवैध रूप से संचालित लकड़ी से कोयला बनाने वाली भट्ठियां हवा में जहर घोल रही हैं। धड़ल्ले से चल रही इन भट्ठियों से तेजी से वायु प्रदूषण फैल रहा है, इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

गौरतलब हो कि क्षेत्र के रीवां में लकड़ी से कोयला बनाने वाली आधा दर्जन से अधिक भट्ठियां अवैध रूप से संचालित हैं। इन भट्ठियों से 24 घण्टे जहरीला धुंआ उड़ता रहता है। इनसे जहां तेजी से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। वहीं आस-पास रहने वाले लोग सांस की बीमारी के शिकार भी हो रहे हैं। भट्ठियों से धुएं के साथ निकलने वाले कार्बन के कण हवा में दूर-दूर तक उड़ते रहते हैं। ग्रामीण गजेंद्र, रामखेलावन, राम केवल, पंकज ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से ये भट्ठियां संचालित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ये भट्ठियां हलोर के रहने दो व्यक्तियों द्वारा चलाई जा रही है। आलम यह है कि इन भट्ठियों के चलते पिछले तीन वर्षों से क्षेत्र में अवैध प्रतिबन्धित पेड़ों की कटान भी बढ़ गई है। भट्ठी संचालक वन माफियाओं के साथ मिलकर पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से कोयला भट्ठी संचालकों एवं वन माफियाओं का धंधा तेजी से फल फूल रहा है। सूत्रों की माने तो एक भट्ठी का लाइसेंस था जिसकी आंड़ में वर्षों से कई भट्ठियां चलाई जा रही हैं। यह भी बताया जा रहा है कि जो लाइसेंस था उसकी वैधता समाप्त हो चुकी है। इस बाबत जब महराजगंज एसडीएम राजितराम गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।


शिवगढ़ के रीवां में धधक रही कोयला भट्ठी। अमृत विचार

**प्रतिबंधित लकड़ी से बनाया जा रहा कोयला**

भट्ठियों के इर्द–गिर बाबूल, कीकड़, यूकेलिप्टस, सेरसा के साथ ही प्रतिबंध शीशम, आम, महुवा, नीम, जामुन, फरेंद आदि की लकड़ी भारी मात्रा में पड़ी मिली। ग्रामीणों ने बताया कि साल के 12 मास ये भट्ठियां सुलगती रहती हैं जिसकी कई बार शिकायत भी की गई किन्तु भट्ठी संचालकों एवं वन माफियाओं की संबंधित अधिकारियों से साठ–गांठ के चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## एक नजर

### पोल टूटने से विद्युत व्यवस्था बाधित



बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। कस्बा के अंतर्गत शिवगढ़ रोड पर शुक्रवार की सुबह एक विद्युत पोल टूटने से कई घंटे तक कस्बे की विद्युत व्यवस्था बाधित रही। जानकारी के अनुसार शिवगढ़ रोड पर बने बाईपास के किनारे लगे एक विद्युत पोल को मंगलवार की सुबह एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह टूट गया। सूचना पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने आनन-फानन में टूटे हुए विद्युत पोल को सड़क से हटाकर नया विद्युत पोल लगाने का कार्य प्रारंभ किया, परंतु तब तक इस भीषण गर्मी में कस्बे की विद्युत व्यवस्था पूर्ण रूप से बाधित रही। इसको लेकर कस्बे वासियो में आक्रोश है।

### एथेनॉल लेने पहुंचे चालक की टैंकर से गिरकर मौत

सीतापुर, अमृत विचार। रामपुरकलां थाना इलाके में अल्कोहल फैक्ट्री में एथेनॉल टैंकर पर चढ़े एक टैंकर चालक की गिरकर मौत हो गई। फैक्ट्री के कर्मचारी एम्बुलेंस की मदद से आनन फानन में चालक को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जौनपुर जिले के निवासी बजरंगी (50) पुत्र चन्द्रबहादुर पेशे से टैंकर चालक है। बताया जाता है कि वह बनारस के एक टांसपोर्ट कंपनी के जरिये एथेनॉल केमिकल को टैंकर में भरने के लिए रामपुरकलां इलाके में स्थित रेडिको खेतान अल्कोहल फैक्ट्री में आया हुआ था। शुक्रवार की दोपहर जब टैंकर चालक टैंकर को फैक्ट्री के अंदर खड़ा करके केमिकल भरवा रहे थे। इस दौरान टैंकर की रैंप पर खड़ा चालक बजरंगी संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक नीचे आ गिरा। फैक्ट्री कर्मचारी आनन-फानन में परिजनों और पुलिस को सूचना देकर चालक को सिधौली सीएचसी लेकर पहुंचे।

# यौन उत्पीड़न के आरोपी दरोगा के और भी हैं कई किस्से

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**खाकी पर दाग**

- **अपनी आशिक मिजाजी के लिए पूरे क्षेत्र में मशहूर है दरोगा**
- **कई अन्य मामलों में भी नियम कानून की अनदेखी की है**

**अमृत विचार।** महिलाओं को देखकर अपना आत्मनियंत्रण खोने वाले कोतवाली के दरोगा का महिला के साथ छेड़छाड़ केवल कहानी नहीं है, पुलिस की वर्दी में उनके कई कारनामे क्षेत्र में चर्चित रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान कहीं पार्टी तो कहीं एक पक्ष बनकर ऐसा खेल खेला है कि पुलिस की छवि तार-तार हुई है। चंद रुपये की खातिर कानून को तोड़ा तो लिखित आख्या में अपराध को शांतिपूर्ण घटना बताकर खुद अपराधी के साथ खड़े हुए है।

ज्ञात हो कि ऊंचाहार कोतवाली में तैनात दारोगा इस समय अपनी हरकत के कारण पुलिस महकमे में चर्चा का केंद्र बने हुए है। क्षेत्र के पट्टी रहस कैथवल गांव की एक महिला ने उन पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने कहा कि उसके घर में जबरन घुसे दरोगा ने उसे देखकर अपना आपा खो दिया और उसके साथ छेड़छाड़ की। वह शोर मचाई तो दरोगा और उनके साथ आए दो सिपाही मौके से भाग गए। पीड़िता ने कोर्ट में अर्जी देकर प्राथमिकी दर्ज करके दरोगा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद दरोगा के कई कारनामे सिलसिलेवार सामने आ रहे हैं। अपनी आशिक मिजाजी के लिए पूरे क्षेत्र में मशहूर दरोगा ने कई अन्य मामलों में नियम कानून को ताक पर रख दिया है। अपराधिक घटनाओं में उन्होंने ऐसा हास्यास्पद आख्या लगाई कि खुद सवाल के घेरे में खड़े हो गए है। पट्टी रहस कैथवल गांव में ही ललित कुमार के घर में कुछ माह पूर्व आगजनी की घटना में वह जांच अधिकारी थे। उन्होंने अपनी आख्या में लिखा है कि दो पक्षों में विवाद में एक पक्ष द्वारा शांतिपूर्ण विरोध के क्रम में आग लगाकर दूसरे पक्ष का छप्पर जलाया गया था। आश्चर्य है कि इनकी नजर में आगजनी की घटना एक शांतिपूर्ण विरोध है। जांच आख्या यह साबित करती है कि यह जांच अधिकारी किस तरह से अपराधियों के साथ खड़े है।

> कोतवाली में लिखे एक मामले की जांच में दरोगा अपने सिपाही के साथ गये थे। जिसकी पेशबंदी में महिला द्वारा आरोप लगाए जा रहे हैं, जोकि निराधार हैं। पुलिस जांच कर रही है। जो सामने आएगा उसके हिसाब से कार्यवाही की जाएगी।
>
> –अरुण कुमार नौहार, सीओ, डलमऊ

# युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक पर केस दर्ज

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दूसरे गांव के युवक पर उसकी नाबालिग बेटी के साथ मारपीट व जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित किशोरी की मां ने तहरीर में बताया कि 22 मई की शाम करीब 7:30 बजे उसकी लड़की शौच के लिए जा रही थी। तभी रास्ते से ही जमोलिया गांव निवासी बृजेश यादव उसे जबरन अपने नवनिर्मित मकान में ले जाकर उसके साथ मारपीट करते दुष्कर्म किया। मामले में पीड़िता किशोरी की मां ने दो दिन बाद शुक्रवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देते है शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# थानों पर सिसक रहा इंसाफ, एसपी की चौखट पर पीड़ित लगा रहे फरियाद

## बेलगाम थाना प्रभारियों पर नहीं दिखता है एसपी के निर्देशों का असर, थानों में पीड़ितों से शिकायती पत्र लेकर की जा रही खानापूर्ति

संवाददाता, रायबरेली

**कप्तान से आस**

- **पुलिस अधीक्षक के पास पीड़ितों की लग रही है भीड़**

**अमृत विचार।** अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने वाली पुलिस मजलूमों के साथ हुए अन्याय को लेकर खामोश हो जाती है, जिससे पीड़ितों को थाने स्तर पर न्याय नहीं मिल पाता है। जिसकी वजह से एसपी दफ्तर पर शिकायतों को बोझ बढ़ रहा है।

यही वजह है कि फरियादियों का थाने की पुलिस से विश्वास उठता जा रहा है। निजाम बदलते रहे लेकिन थानों की व्यवस्थाओं में परिवर्तन नहीं नजर आया। लोगों को थकहार कर अपनी फरियाद लेकर एसपी दफ्तर ही जाना पड़ रहा है।

सरकार से लेकर जिले के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक तक के थानेदारों को साफ निर्देश हैं कि फरियादियों को समस्याएं सुनकर उनका मौके पर ही निराकरण करें, जिससे उन्हें बेवजह अफसरों के पास दौड़ न लगानी पड़े, लेकिन फिर भी अपने ही अधिकारी के आदेश को दरकिनार कर कई थाना प्रभारी संजीदा नहीं है।

जिससे लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पाता है। अधिकांशतः यह देखा जाता है कि जब पीड़ित थाने पर जाता है तो उसकी सुनवाई नहीं हो पाती है। पुलिस उसका शिकायती पत्र तो ले लेती है, लेकिन पीड़ित को न्याय नहीं दे पाती है। थानों से न्याय न मिलने के कारण पीड़ित एसपी दफ्तर के चक्कर काटता फिरता है। फिलहाल पुलिस अधीक्षक पीड़ितों को शिकायतों को संजीदगी से सुनकर उनका त्वरित निस्तारण भी कराते हैं।



पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देने जाते डलमऊ के पीड़ित। अमृत विचार

शुक्रवार को सरेनी थाना क्षेत्र के सुनीता पत्नी धनीराम ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर गांव के ही लोगों पर इंडिया मार्का नल को लेकर हुए विवाद की शिकायत की है। शिकायती पत्र में कहा है कि उसके साथ गांव के ही लोगों ने पानी भरने को लेकर मारपीट की थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों का केवल शांतिभंग में चालान कर दिया। जबकि उसका मेडिकल भी पुलिस ने नहीं कराया। इसी तरह डलमऊ थाना क्षेत्र के कुरौली गांव निवासी असरफ खान ने गांव के ही दो लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपनी जमीन पर शौचालय का निर्माण करा रहा था लेकिन उसके विपक्षियों ने विरोध करते हुए उसके साथ मारपीट की। पुलिस से शिकायत की गई लेकिन उसे कोई न्याय नहीं मिला। इसी तरीके से बुधवार को सलोन कोतवाली पुलिस पर भी एक मामले में कार्यवाही न करने को लेकर पीड़ित ने एसपी कार्यालय में प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग की थी। सवाल यह है कि जब पुलिस अधीक्षक लगातार थाना प्रभारियों को स्थानीय स्तर पर न्याय देने के लिए कहते आ रहे हैं लेकिन थाना प्रभारी न्याय देने से क्यों पीछे हटते हैं।

डलमऊ, सरेनी व सलोन की बेलगाम थाना प्रभारियों पर एसपी के निर्देशों का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। एसपी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि मामले की जांच के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं।

### जान माल की रक्षा करने की पुलिस से लगाई गुहार

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कैली मजरे लोदीपुर उतरावा गांव निवासी ओम प्रकाश शुक्ला पुत्र हरीकांत ने गांव के ही एक सरहंग व्यक्ति के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने की शिकायत थाना पुलिस से की है।

पेशे से अध्यापक ओम प्रकाश शुक्ला ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति से उनका जमीनी विवाद चलता है जिसका मुकदमा एसडीएम डलमऊ के यहां विचाराधीन है। मुकदमे के बावजूद उक्त व्यक्ति जबरन बाग के पेड़ ठेकेदार के हाथ बेचना चाहता है। मना करने पर अमादा फौजदारी भी हो जाता है। ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि 20 मई को सायं उस सरहंग व्यक्ति ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी और अपशब्दों का भी प्रयोग किया। पीड़ित ओम प्रकाश का कहना है कि इसके पहले भी उसने उसके घर पर आकर उसकी मां एवं पत्नी से कहा कि ओमप्रकाश को जान से मार डालूंगा।

ओमप्रकाश ने पुलिस से शिकायत करते हुए कहा कि अगर उन्हें व उनकी जान को कोई नुकसान होता है तो संपूर्ण जिम्मेदारी उसी व्यक्ति की होगी। वह व्यक्ति वर्तमान में लखनऊ में रहता है। लालगंज पुलिस ने मामले में कार्यवाही की बात कही है।

# पीएचसी से गायब रहे चिकित्सक व फार्मासिस्ट, एलटी ने किया इलाज

## जिम्मेदारों की उदासीनता मरीजों पर पड़ रही भारी

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** जिले के सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं बेपटरी हो गई, मरीजो का इलाज भगवान भरोसे हो रहा है। उपचार को लेकर चिकित्सकों व कर्मचारियों की ओर से बरती जाने वाली लापरवाही मरीजों का दर्द बढ़ा रही।

ऐसे में भगवान से प्रार्थना करिए कि आपको हरचन्दपुर क्षेत्र के रहवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए न जाना पड़े। अगर आप गए तो उल्टे पांव ही आपको लौटना पड़ सकता है। क्योंकि यहां पर तैनात चिकित्सक अधिकतर गायब रहते है। शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में यही नजारा देखने को मिला।

इलाज कराने के लिए आए आधा सैकड़ा मरीजो को ऐसी ही दशा से गुजरना पड़ा, क्योंकि अस्पताल में वैसे तो तीन चिकित्सकों सहित फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफ है लेकिन आज न तो चिकित्सक मिले और न ही फार्मासिस्ट रहे। ऐसे में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात लैब टेक्नीशियन और स्टाफ नर्स को ही इलाज करना पड़ा और वार्ड आया को पर्चा आदि बनाने पड़े। विभागीय सेटिंग और अड़ियल रवैया के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक आए दिन अपनी ड्यूटी से गायब रहते हैं, जिसे उपचार के लिए आने वाले मरीजों को आए दिन परेशानियों के बोझ तले रहना पड़ता है।



चिकित्सक की खाली कुर्सी।



मरीज का बीपी जांचता एलटी फिरोज।

> स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक सहित अन्य कर्मचारियों के गायब रहने की जानकारी हुई है। सभी को दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगते हुए वेतन रोक दिया गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
>
> –वीरेंद्र सिंह, , मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली

एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन-तीन चिकित्सकों की तैनाती के बावजूद भी लोगों को उपचार के लिए निजी चिकित्सकों का सहारा लेना पड़ता है। एक रुपये के सरकारी पर्चे पर मरीजो को बेहतर इलाज का दावा भी खोखला साबित हो रहा है। जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण जिले के सरकारी अस्पतालो का यही हाल है। शुक्रवार को जब इस बात की जानकारी स्वास्थ्य महकमे के आला अधिकारियों को हुई तो हाथ पांव फूल गए।

# बुद्ध ने दुनिया को दिया मानवता का संदेश

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** शुक्रवार को शिवमंगल मौर्य इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि जयसिंह, आयोजक डॉ. आरपी मौर्य एवं बौद्धभिक्षु भंते शीलरत्न ने किया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से बुद्ध के चित्र के समाने मोमबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित किया गया। इसके बाद बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्धम् शरणम् गच्छामि, धम्मम् शरणम् गच्छामि का उद्घोष किया। इससे पूरा पंडाल व विद्यालय प्रांगण बौद्ध मय हो उठा।



शिवमंगल मौर्य इंटर कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव में मौजूद लोग।

महोत्सव को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जयसिंह मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध ने पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा, मैत्री व मानवता का संदेश दिया है। ढाई हजार साल बाद भी आज बुद्ध के विचार प्रासंगिक है। मुख्य वक्ता डॉ. सच्चिदानंद मौर्य ने कहा कि बैसाख पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इसे त्रिगुणी तिथि कहा गया है। क्योंकि इसी तिथि को गौतम बुद्ध का जन्म लुम्बिनी में, ज्ञान बौद्ध गया में तथा इसी तिथि को कुशीनगर में बुद्ध ने निर्वाण प्राप्त किया था। केपी राहुल ने बताया कि चीन, कोरिया, जापान समेत कई देशों ने उनके मार्ग को अपनाकर विश्व में अपना परचम लहराया है। आज हमें भी उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। डॉ केडी सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध ने अंधविश्वास व सामाजिक कुरीतियों को छोड़कर सत्य और यथार्थ के मार्ग पर चलने का जो सिद्धांत बताया है। उसको आत्मसात कर समाज में व्याप्त रूढ़िवादी व अंधविश्वासी बातों से छुटकारा पाया जा सकता है। जो मानव के विकास में बड़ी बाधा है। डॉ सुनील दत्त ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बिना शिक्षा के ज्ञान प्राप्त नहीं होता है।

# प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट्स ने सीखे गुर

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** चिन्मय विद्यालय एनटीपीसी 66वीं बटालियन एनसीसी द्वारा दस दिवसीय मेगा संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) के हिस्से के रूप में शुक्रवार को स्कूलों और कॉलेजों के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेटो ने विभिन्न विधाओं के गुर सीखे हैं। इसमें कुल 633 कैडेट्स भाग ले रहे है। ऊंचाहार एनटीपीसी परिसर में आयोजित चिन्मय विद्यालय के अलावा रायबरेली के 17 विद्यालयों के एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। एनसीसी कैडेटों की कुल संख्या 633 है, जिसमें जूनियर डिवीजन के 253 और सीनियर डिवीजन के 380 कैडेट भाग ले रहे हैं। ए और बी सर्टिफिकेट कैडेटों के लिए आयोजित किया गया है। शिविर में 0 .22 स्पोर्टिंग राइफल को चलाने और उससे निशाना लगाने का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कैडेटों को आधुनिक पैदल सेना के हथियारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें हथियारों को निष्क्रिय करने और उन्हें जोड़ने का भी प्रशिक्षण दिया गया। कैडेटों को कई अंतरराष्ट्रीय और भारतीय निर्मित हथियारों के बारे में जानकारी बढ़ाने के लिए कई हथियारों के बारे में जानकारी दी गई। औपचारिक पोशाक पहने कैडेटों ने शिविर स्थल में कैडेटों द्वारा बनाए गए "क्वार्टर गार्ड" में "गार्ड ऑफ ऑनर" का भी प्रदर्शन किया। चिन्मय विद्यालय की एनसीसी आफिसर निशा राय ने कहा कि सीएटीसी का उद्देश्य कैडेटों के पीटी, ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, मानचित्र पढ़ने, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में कौशल को निखारना है। कैंप में की गई विभिन्न गतिविधियां कैडेटों को प्रेरित करती हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को एनसीसी में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कमांडिंग आफिसर कर्नल वीएसपाल, कर्नल संजीव खुराना, सूबेदार मेजर धनदेव, सूबेदार जगमोहन सिंह, सूबेदार रघुबीर सिंह, वरिष्ठ सहायक शालिनी कपूर, चीफ ऑफिसर यादवेंद्र वाजपेयी, चीफ आफिसर लाल संजय प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।



चिन्मय विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते कैडेट।

### तीन महिलाओं ने खाया जहरीला पदार्थ, एक की मौत दो गंभीर

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन महिलाओं को जहरीला पदार्थ खाने पर जिला अस्पताल लाया गया था। जिसमें पहला मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र का है जहां कल्पना ने घर में मामूली कहासुनी को लेकर जहर खा लिया था जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जिसको परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी हालत गंभीर होने पर एम्स रेफर किया गया है। वही दूसरा मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के चक धौरहरा गांव का है गांव निवासिनी ममता ने घरेलू विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसकी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वही तीसरा मामला भदोखर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव का है यहां की रहने वाली महिला निशा ने जहरीला पदार्थ खाया जिसको परिजनों द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सक मोहम्मद आजम ने बताया है कि दोनों का इलाज चल रहा है वही इलाज के दौरान जिसकी मौत हुई है। उसके शव को मर्चरी में रखवा दिया गया।

**लापरवाही** — खाद बनाना तो दूर केंद्र तक कचरा भी नहीं पहुंचा सके कर्मचारी, अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं विकास क्षेत्र के कूड़ा प्रबंधन केंद्र

# धरातल पर उतरने से पहले ही धड़ाम हो गई मॉडल गांव योजना

हर्षित शुक्लाा, डलमऊ

**रायबरेली, अमृत विचार।** गांव को साफ-सुथरा व मॉडल बनाने की योजना धरातल पर नहीं उतर सकी। ग्राम पंचायत को मिले लगभग 50 लाख रुपए खर्च हो गए। धन का बंदरबांट हो गया। कूड़ा प्रबंधन केंद्र बदहाल स्थिति में पहुंच गया है, अभी तक उसकी शुरुआत भी नहीं हो सकी है।

विकासखंड में चयनित मॉडल गांव में 50 लाख रुपये खर्च होने के बाद भी योजना धरातल पर नहीं उतर सकी है। प्रदेश सरकार की मंशा थी कि मॉडल गांव में आरसीसी केंद्र बनाकर वहां पर गांव में इकट्ठे होने वाले कूड़ा, कचरा को प्रबंधन विधि से खाद में तब्दील किया जाएगा। ग्राम पंचायत को मिले रुपये भी खर्च हो गए, लेकिन कूड़ा प्रबंधन केंद्र बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। विकासखंड डलमऊ में बना हुआ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र जिसकी अभी तक शुरुआत भी नहीं हो सकी है। इसमें लगी हुई टिन टूटने की स्थिति में पहुंच गई है। कचरा इकट्ठा करने वाले गड्ढे अभी भी खाली पड़े हैं। लगभग 9 लाख की लागत से बना आरसीसी सेंटर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। रंग रोगन के बाद अभी तक आरसीसी केंद्र की शुरुआत भी नहीं हुई है। एक वर्ष से अधिक का समय बीत गया लेकिन अभी तक योजना धरातल पर नहीं उतर सकी है। सरकार की मंशा थी कि गांव को साफ-सुथरा बनाया जाएगा। जगह-जगह पर गांव में निकलने वाले सुखे व गीले कचरे को कूड़ेदान में इकट्ठा किया जाएगा और उसको लाकर आरसीसी सेंटर में अपशिष्ट पदार्थ के रूप में परिवर्तित करके खाद बनाया जाएगा। जिससे गांव साफ सुथरा बनेगा और साथ ही निकलने वाले कचरे से खाद बनाकर उससे फसल तैयार की जाएगी। लेकिन ग्राम पंचायत को मिले 50 लाख रुपये खर्च हो गए, जगह-जगह पर रखे गए कूड़ादान भी गायब हो गए। आईसीसी केंद्र की अभी तक शुरुआत भी नहीं हो सकी। लगभग यही हाल प्रत्येक मॉडल गांव का है। विकासखंड डलमऊ में लगभग एक दर्जन मॉडल गांव बनाए गए हैं। जिनमे भारी भरकम बजट भी खर्च हुआ है। बजट मिलने के बाद इसको खर्च करने के लिए विभागीय अधिकारियों ने सख्ती दिखाई लेकिन अब योजना को धरातल पर उतरने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है। योगी सरकार की मॉडल गांव बनाए जाने की यह योजना पूरी तरह से फ्लॉप होती नजर आ रही है।




डलमऊ में बनाया गया ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र। अमृत विचार

> इस बारे में मेरे पास अभी कोई जानकारी नहीं है। अगर आरसीसी सेंटर बने हैं तो उन पर कचरा डलवाया जाएगा। अभी उनके पास इस तरीके की कोई जानकारी नहीं थी। अब जानकारी में आया है। संबंधित से इस बारे में जानकारी की जाएगी।
>
> नवीन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, रायबरेली
>
> –नवीन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, रायबरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

मै गिन्नो देवी पत्नी सन्तोष श्रीवास्तव म0नं 406 मो0 पचघरा फतेहपुर जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश -225305, की निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम गिन्नो देवी दर्ज है। त्रुटिवश पासपोर्ट में मेरा नाम गिन्नो देवी श्रीवास्तव दर्ज हो गया था। मैं सशपथ घोषणा करती हूं कि उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। पासपोर्ट में मेरा नाम गिन्नो देवी अंकित कर दिया जाए। **प्रार्थिनी- गिन्नो देवी**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम चन्द्र पुत्र स्व0 देवी दीन, नि0-A-7 आवास विकास कालोनी, इन्दिरा नगर, रायबरेली** का निवासी हूँ। मेरे मकान की रजिस्ट्री सं0-2273 +2274, दिनांक-02/07/2001, खालिद लतीफ फारूकी। वास्तव में कही खो गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल का संस्थागत अंक प्रमाण पत्र सह प्रमाण पत्र वर्ष 2021 रोल नंबर 212575630 वास्तव में खो गया है। आदर्श राम जानकी हायर सेकेण्डरी स्कूल यादवपुर में पढ़ाई की थी। **– सलोनी पुत्री कमलेश कुमार यादव, निवासी- ग्राम-सुसरौली, पोस्ट डीहा, बहराइच।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी बीमा पालिसी संख्या 264652418 में मेरा नाम बब्लू तथा अन्य दस्तावेज में अनिल कुमार है तथा मुझे उक्त दोनों ही नामों से जाना व पुकारा जाता है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरे ही हैं। **– बब्लू उर्फ अनिल कुमार पुत्र रघुनाथ प्रसाद निवासी – ग्राम भवानीगढ़, पो0- कैथोली, जिला मैनपुरी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सद्दाम को उसके आचरण से दुखी होकर उसे अपनी समस्त चल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कार्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है। **–कुर्बान अली पुत्र रहमतुल्लाह, जाफरा बाजार, थाना तिवारीपुर, जिला गोरखपुर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बेटे सोनू पुत्र स्व0 राजपाल ने वर्ष 2021 में संस्थागत छात्र के रूप में श्री दुर्गा बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज खीरों, जनपद रायबरेली से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक 211186204 है। उसका अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **– रमाकांती पत्नी स्व0 राजपाल, निवासी-ग्राम-गनेशीखेड़ा मजरे पाहो, थाना- खीरों, जनपद- रायबरेली**

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# मतगणना की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

**लोकसभा चुनाव**

- पहले होगी बैलेट पेपर की गिनती, बनेगा डाटा सेंटर
- 28 मई और 3 जून को प्रशिक्षित किये जाएंगे कर्मचारी

**456** कार्मिक लगेंगे मतगणना में

**20** प्रतिशत कर्मचारियों की रिजर्व में रहेगी ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के पांच चरण पूरे हो चुके हैं। बाकी बचे दो चरणों के चुनाव के बाद चार जून को होने वाले मतगणना की तैयारी शुरू हो चुकी है। प्रमुख रूप से 14 टेबलों पर होने वाली मतगणना के लिए प्रत्याशियों के अपने-अपने एजेंट बनवाने के लिए दो जून तक का समय दिया गया है। प्रत्येक टेबल पर प्रत्येक प्रत्याशी का एक एजेंट रहेगा। चार जून को नवीन मंडी परिसर में होने वाली मतगणना में मीडिया सेंटर और डाटा सेंटर भी बनेगा। डाटा सेंटर में मतों की गिनती का ब्योरा ऑनलाइन भारत निर्वाचन आयोग की साइट पर फीड किया जाएगा। वहीं मतों की गिनती में लगने वाले कर्मचारियों को 28 मई और 3 जून को प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। सबसे पहले बैलेट पेपर की गिनती की जाएगी। मतगणना को लेकर प्रशासन के अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

जिले में पांचवें चरण में 20 मई को 2615 बूथों पर मतदान की प्रक्रिया पूरी हुई थी। इसके बाद लगातार चौपालों पर चुनाव परिणाम को लेकर कयासों का दौर चल रहा है।

देश भर में बाकी बचे दो चरणों के चुनाव के बाद चार जून को मतगणना के बाद कयासों पर विराम लगाते हुए विजेता प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

जिले में भी मतगणना की प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। मंडी समिति में बनाए गए पांचों विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम में ईवीएम और वीवी पैट मशीनों का सुरक्षित रखा गया है। मतगणना के दिन प्रत्याशियों के एजेंट हर टेबल पर गिनती पर नजर रखेंगे। इसके लिए प्रत्याशियों के एजेंटों के पास बनवाने के लिए दो जून तक का समय दिया गया है। आयोग के निर्देश पर सबसे पहले एक अलग टेबल पर बैलेट पेपर की गिनती की जाएगी। इसके बाद ईवीएम की गणना शुरू होगी।

सुबह आठ बजे से शुरू होने वाली गणना का काम प्रशिक्षित कर्मचारी करेंगे। इसमें करीब छह सौ कर्मचारियों को लगाया गया है। इन सभी को दो चरणों में शहर के हिंद मेडिकल कॉलेज के सभागार में प्रशिक्षित किया जाएगा। पहला प्रशिक्षण 28 मई तो दूसरा 3 जून को होगा।

इसके अलावा हर चक्र की गणना का ब्योरा निर्वाचन आयोग की साइट पर फीड करने के लिए मतगणना स्थल पर डाटा सेंटर बनेगा। जहां पर कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट के साथ प्रशिक्षित कर्मचारी भी तैनात होंगे। इसके अलावा परिसर में मीडिया सेंटर भी बनाया जा रहा है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताय कि मतगणना को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

### 600 कर्मचारियों का हुआ रेंडमाइजेशन

मतगणना में लगने वाले 600 कर्मचारियों का एनआईसी में पहला रेडमाइजेशन किया गया। वैसे मतगणना में 456 कार्मिक लगेंगे लेकिन 20 प्रतिशत अतिरिक्त कर्मचारियों को शामिल किया गया है। जो रिजर्व में रहेंगे। रेंडमाइजेशन के साथ ड्यूटी स्लिप का वितरण भी शनिवार से शुरू हो जाएगा ताकि कर्मचारी निर्धारित तिथियों में प्रशिक्षण लें सकें। मतों की गिनती के समय कर्मचारी व एजेंट मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे।

## एक नजर

### नहर में मिला नवजात का शव

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** शारदा नहर में एक नवजात शिशु का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जरखा के निकट शारदा नहर निकली हुई है। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने नहर में एक नवजात शिशु का शव देख पुलिस को सूचना दी।

### सांप ने महिला को डसा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** भेदुवा बहरेला निवासी पार्वती पत्नी राम नेवाज को घर के अंदर सांप ने डस लिया। हालत गंभीर होने पर परिजन मरीज को लेकर सीएचसी बनीकोडर पहुंचे। जहां तैनात डा. अनिरुद्ध पाण्डेय ने उपचार कर महिला की जान बचायी।

# जिला अस्पताल में बढ़ेंगी सुविधाएं

## पैथोलॉजी में जल्द ही शुरू होगी थैलीसीमिया और हीमोफीलिया की निःशुल्क जांच



नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रफी अहमद किदवई जिला चिकित्सालय की पैथालॉजी अब अपग्रेड हो रही है। सब कुछ ठीक रहा तो सोमवार से मंगलवार तक जिला अस्पताल की पैथालॉजी में मरीजों की हीमोफीलिया और थैलीसीमिया की जांच निःशुल्क हो सकेगी। ये जांचें अभी तक यहां की पैथालॉजी में नहीं हो रही थीं।

जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि थैलीसीमिया और हीमोफीलिया के मरीजों की जांच सोमवार या मंगलवार से पैथालॉजी में शुरू कर दी जायेगी। सीएमएस ने बताया हीमोफीलिया आनुवंशिक रोग है। यह दुर्लभ ब्लड डिसऑर्डर ब्लड जमने से रोकता है। किसी भी तरह की चोट या दुर्घटना होने पर मरीज के रक्त का रिसाव जल्दी बन्द नहीं होता। बहुत ज़्यादा ब्लीडिंग और ब्लड क्लॉट का खतरा होता है। जांच की सुविधा होने से गम्भीर रोगियों की पहचान यहीं हो सकेगी। उन्होंने थैलीसीमिया की चांज को लेकर बताया कि इस तरह के प्रायः कम रोगी पाये जाते हैं, लेकिन रक्त की अल्पता के कारण उनके इलाज में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

### सौ की जगह होंगे पांच सौ बेड, शासन को भेजा प्रस्ताव

रफी अहमद किदवई जिला चिकित्सालय 100 बेड का है। जो जल्द ही 500 बेड का हो जाएगा। जिला प्रशासन ने इस संबंध में शासन में प्रस्ताव भेजा है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया खत्म होने के बाद इस दिशा में काम तेजी से शुरू हो जाएगा। दरअसल शहर में अन्य कोई बड़ा चिकित्सालय न होने के कारण पूरे जिले के मरीजों का भार इसी चिकित्सालय पर है। अस्पताल में ट्रामा सेंटर का भी निर्माण कराया गया लेकिन वार्ड की कमी दूर नहीं हुई। ओपीडी में भी भारी भीड़ उमड़ती है। जिसे देखते हुए अब इसके विस्तार पर सरकार गंभीरता पूर्वक विचार कर रही है। सीएमएस डा. बृजेश कुमार सिंह के मुताबिक चिकित्सालय जल्द ही 500 बेड को हो जाएगा। अयोध्या हाईवे, बहराइच हाईवे, किसान पथ और पूर्वांचल एक्सप्रेस वे बाराबंकी से होकर गुजरते हैं। ऐसे में कोई हादसा होने पर मरीज जिला अस्पताल ही लाया जाता है। लेकिन बेड होने के चलते कभी कभी मरीज को समुचित इलाज नहीं मिल पाता और मजबूरी में उसे लखनऊ भेजना पड़ता है। ऐसे में 500 बेड हो जाने के बाद मरीजों को काफी सहूलियत मिल सकेगी। अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट का भी निर्माण होगा। जिसमें क्रिटिकल मरीज भर्ती कर उनका इलाज किया जाएगा।

# होने वाली पत्नी से मिलने आए मंगेतर की पिटाई

**दबंगई**

- युवती के बुलाने पर गांव पहुंचा था युवक
- तीन सगे भाइयों ने अकारण ही कर दी पिटाई

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** होने वाली पत्नी से मिलने आए मंगेतर की तीन सगे भाइयों ने पिटाई कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने युवती की तहरीर पर तीन सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना लोनीकटरा अंतर्गत ग्राम बिसुनपुर वासी सलोनी वर्मा ने थाने पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि उसकी शादी सुभाष वर्मा निवासी पुरे छेदामियां थाना कोठी के साथ तय हुई है। 14 मई को उसने अपने मंगेतर सुभाष को फोन कर बात करने के लिए बुलाया था। रात लगभग साढ़े 10 बजे सुभाष जब उससे मिलने के लिए आया। तब गांव के ही दुर्गेश व उसके दो भाई कमलेश एवं अखिलेश ने बिना कारण सुभाष की पिटाई कर दी। सलोनी के अनुसार ग्रामवासियों ने मामले को रफा दफा कर दिया। सलोनी ने थाने पर प्राथमिक की दर्ज कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी के अनुसार प्राथमिक दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण करते एसपी दिनेश कुमार सिंह।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने शुक्रवार को पुलिस लाइन्स ग्राउंड में सलामी ली। एसपी ने पुलिस जवानों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए नियमित दौड़ करने के अभ्यास की बात कही। इसके बाद एसपी दिनेश कुमार ने पीआरवी 112 की स्थितियों का जायजा लिया। और उसमें लगने वाले सभी आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस लाइन्स परिसर की बैरक, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीपीसी कैप्टन में भोजन की गुणवत्ता की जांच की। आदेश कक्ष के निरीक्षण के दौरान एसपी ने रजिस्टर व जरूरी अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुमित त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

### 12 स्थानों पर छापेमारी, 45 लीटर कच्ची शराब बरामद

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देश पर रतनपुर अवधराम पुरवा व जैतपुर आदि ग्रामों में आबकारी निरीक्षक उमाशंकर चौधरी द्वारा टीम के साथ दबिश दी गई। इस दौरान 12 स्थानों पर छापे मारते हुए 45 लीटर कच्ची शराब बरामद कर लगभग 100 किलो लहन नष्ट कराया गया। आबकारी अधिनियम के तहत 2 अभियोग पंजीकृत किए गए। ग्रामीणों को शराब के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया और अवैध शराब बनाने व बिक्री पर रोक लगाने के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की गयी।

### वाहनों के लिए खोल दी गयी अधूरी पुलिया

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद-भिटरिया मार्ग पर बन रहे नाले की पुलिया महीनों से पूरी नहीं बन पाई है। इसके बाद भी आवागमन के लिए रास्ता खोल दिया गया। दरअसल सड़क के दोनों और डाली गई मिट्टी को हटवा कर आधा पुल बंद कर दोनों ओर बारी-बारी से लेंटर डालना पड़ा। जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लेकिन पुलिया के पूर्ण होने की प्रतीक्षा किए बगैर दोनों तरफ डाली गई मिट्टी के ऊपर से वाहनों को गुजरने के लिए खोल दिया गया।

### नहर और माइनर में पानी न आने से किसान परेशान



सूखी पड़ी शारदा नहर।

**सिद्धौर, बाराबंकी अमृत विचार :** शारदा नहर में पानी न आने से मायूस किसानों की तैयार फसल सूखने की कगार पर है। किसानों का कहना है कि हम लोगों के तैयार की गई मेंथा की फसल यदि अब पानी न मिला तो फसल सूखकर बर्बाद हो जाएगी। इससे पहले किसानों ने किसी तरह से इंजन व पंपिंग सेट का सहारा लेकर अपनी फसल तैयार किया था। परंतु वाटर लेवल डाउन होने के कारण बोरिंगों से पानी नहीं निकल रहा है। जिससे किसान काफी परेशान हैं। अब तैयार फसल की सिंचाई के लिए किसानों के पास नहर के अलावा अन्य कोई साधन नहीं है। किसानों का कहना है की मेंथा की फसल एक ऐसी फसल है, जिससे धान की रोपाई व अन्य खर्च इसी से निकल जाते हैं। किसानों का कहना है कि शारदा नहर में पानी तो आता है, परंतु भानमऊ और कोठी मदारपुर तक पानी गायब हो जाता है। इससे आगे के गांव को पानी मिलाना मुश्किल हो जाता है। किसान रामनरेश, राकेश, रामकिशोर, महेश, राजेंद्र आदि किसानों का कहना है कि यदि जल्द से जल्द नहर नहीं आती है तो हम किसानों की तैयार फसल बर्बाद हो जाएगी। अगली फसल तैयार करने में भी बड़ी कठिनाई होगी।

### शनिवार से शुरू होगा चार दिवसीय मेला

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** क़स्बा सूरतगंज स्थित फूलपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सय्यद शकील शाह बाबा की मजार पर लगने वाला मेला शनिवार से शुरू हो रहा है। इस बार मेला चार दिवसीय होगा। मेले में प्रथम दिन उजमा नाज व लतीफ अजमेरी की शानदार जवाबी कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। रविवार को ऑल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन सोमवार को नौटंकी व मंगलवार को आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जा रहा है। मेला अध्यक्ष मो .असलम उर्फ छंगा ने बताया कि मुशायरे में हिलाल बंदायू की निजामत में वसीम रामपुरी, कविश रूदौलवी, दिलशाद जख्मी, विकास बौखल आदि शायर आ रहे हैं।

### वाटर कूलर में उतरे करंट से चिपका किशोर

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** पानी पीने के दौरान वाटर कूलर में आ रहे करंट से किशोर घायल हो गया। गंभीर हालत में किशोर को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। किशोर की मां ने इसकी शिकायत चेयरमैन से की है। नगर पंचायत फतेहपुर में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नगर पंचायत द्वारा वाटर कूलर लगाए गए थे। इस भीषण गर्मी में लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराना था लेकिन मानक के विपरित लगाए गए यह वाटर कूलर लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे है। इस वाटर कूलर में पानी के स्थान पर करंट प्रवाहित हो रहा है। गुरुवार को शाम मोहल्ला नालापार दक्षिणी वार्ड एक का निवासी सहनवाज (14) वाटर कूलर से पानी पीने गया था। इस बीच वाटर कूलर में आ रहे करंट की चपेट में आकर उसी में चिपक गया। यह देख आस पास मौजूद लोगों ने उसे छुड़ाकर निजी चिकित्सक के यहा भर्ती कराया। घायल किशोर की मां चांद बीबी ने नगर पंचायत चेयरमैन को प्रार्थना पत्र देकर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ईओ विनय शंकर अवस्थी ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस भेजकर सख्त आदेश दिया है कि जिन वाटर कूलर में करंट आ रहा है उन्हे तत्काल दुरुस्त कराकर अवगत कराएं।

# दुर्गा वाहिनी की सदस्यों ने किया आत्मरक्षा का प्रदर्शन

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार:** सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के प्राकट्य कार्यक्रम में शिक्षार्थी बहनों ने सात दिन के प्रशिक्षण के तहत आत्मरक्षा का प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने कहा कि सनातन धर्म हजारों वर्षों के आघात के बाद भी खड़ा हुआ है। दूसरे सत्र में दुर्गा वाहिनी की क्षेत्र संयोजिका कल्पना ने लव जिहाद विषय पर जागरूक किया। शारीरिक प्रशिक्षण में दंड, नियुद्ध, बाधा तथा योग व्यायाम जैसे क्रियाकलापों का संचालन प्रांत संयोजिका मुद्रा ने कराया। दुर्गावाहिनी की सदस्यों ने आत्मरक्षा और सुरक्षा के कई और साहसिक प्रदर्शन किया।

प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुईं 183 से अधिक बहनों को आत्मरक्षा और सुरक्षा के अलावा शारीरिक, बौद्धिक एवं अस्त-शस्त्र का प्रशिक्षण दिया गया। बहनों को योग-ध्यान के अलावा कराटे, बंदूक (राइफल) दंड प्रतीक चिन्हों पर चलाने का भी प्रशिक्षण दिया गया।

# न्यायालय के आदेश पर कब्जेदारों पर मुकदमा

**कार्रवाई**

- दबंगों ने एक व्यक्ति की जमीन दो महिलाओं के नाम खतौनी में करायी थी दर्ज

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** देवा थाना क्षेत्र में दबंगों ने एक व्यक्ति की जमीन को दो महिलाओं के नाम खतौनी पर दर्ज करवा दिया और उसी आधार पर उक्त जमीन पर कब्जा करने लगा। भूस्वामी को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने राजस्व बिभाग शिकायती पत्र दिया। जिसके गुस्साए दबंगों ने उसकी पिटाई कर घर का सामान तोड़कर घर से बाहर फेंक दिया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने देवा पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर देवा पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

देवा कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर निवासी जंगबहादुर ने न्यायालय में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही रहने वाले चित्रसेन, गजराज, पतिराम, शिवराज, चंद्रकांत, विजय, प्रभुनाथ, बिरजा और ज्ञानी ने मिलकर गांव में स्थित उसकी कब्जे की जमीन को भगवती पुत्री रामदौर और वैजयंती पुत्री रामकुमार निवासी मीरपुर के नाम खतौनी में दर्ज करवा दी और जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे।

पीड़ित को जब इस बात की जानकारी हुई तो उसने राजस्व विभाग में शिकायती पत्र दिया। जिससे विपक्षी रंजिश रखने लगे और इसी के चलते इन लोगों ने मिलकर पीड़ित की जमकर पिटाई कर दी और घर का सामान तोड़फोड़ कर बाहर फेंक दिया। जंग बहादुर ने जब देवा कोतवाली में इस संबंध में सूचना दी तो देवा पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। तो उसने न्यायालय में न्याय की गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर देवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जान शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर देवा अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### जुर्माना देकर छूटे

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने अपराधिक मामलों में जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से आरोपियों को कोर्ट चलने तक उपस्थित रहने व जुर्माना देकर बरी कर दिया शुक्रवार को फतेहपुर के श्रीकांत, रामसनेही घाट थाना क्षेत्र से रविशंकर, सफदरजंग से सेवक को न्यायालय ने मामूली जुर्माना व कोर्ट उठने तक उपस्थित रहने की सजा सुनाई।

# क्षतिग्रस्त सड़कों से हादसे का खतरा

रामनगर, बाराबंकी



गड्ढा युक्त बाबू सिंह काका मार्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग भले ही सड़क सुरक्षा के लाख दावे करे लेकिन यह सब सिर्फ सरकारी अभिलेखों तक ही सीमित है। जमीनी हकीकत बेहद भयावह है। क्षेत्र की कई जर्जर सड़कें दुर्घटना का कारण बनी हैं। कई सड़क मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। और यह पहचान पाना भी मुश्किल है कि सड़क में गड्ढे है या गड्ढे में सड़क। कुछ ऐसा ही हाल रामनगर सुढ़ियामऊ मुख्य मार्ग के किसुनपुर तिराहा से सेमरांय सूरतगंज सहित सैकड़ों गांवो को जोड़ने वाला बाबू सिंह काका मार्ग का है। इस सड़क मार्ग की हालत बद से बदतर हो गई है। मार्ग पर जगह जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं और बीच बीच मे सीमेंट से ब्रेकर इतने ऊंचे बनाए गए हैं। जो राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है। इस सड़क मार्ग पर स्थित सैकड़ो गांवों का मुख्य मार्ग होने के चलते रातों दिन राहगीर चलते हैं। दिनभर दो व चार पहिया वाहन और हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं साइकिल व पैदल से विद्यालय भी इसी मार्ग से जाते है। ग्राम-गोदौरा ,किसुनपुर,देवसानी, अमोलीकीरतपुर,तेलवारी,रमवापुर, सूबेदारपुरवा,सेमराय,सैदनपुर सहित सैकड़ो गांवों को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग अरसों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। राहगीरों को दिक्कतें हो रही हैं। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी अजीत पटेल का कहना है कि इस मार्ग का टेंडर पास हो गया है। धनराशि प्राप्त होते ही इसका निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# अघोषित विद्युत कटौती से लोग हो रहे परेशान

बनीकोडर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मतदान संपन्न होते ही बिजली की अघोषित कटौती शुरू हो गई है आलम यह है कि रोस्टिंग के नाम पर दिन रात मिलाकर कई घंटे की कटौती की जा रही है। बीते 20 मई को पांचवें चरण का मतदान संपन्न होने के बाद से ही विद्युत उपकेंद्र देवीगंज के अंतर्गत आने वाले सैकड़ों गांवों में बिजली की अघोषित कटौती शुरू हो गई। मतदान वाले दिन ही देर शाम बत्ती गुल हो गई। रात भर लोग बिजली आने की बाट जोहते रहे लेकिन लाइट नहीं आई। लोग रात भर गर्मी से बिलबिलाते रहे। अगले दिन सुबह सात बजे के बाद बिजली आई ।इसी के बाद से कटौती का सिलसिला शुरू हो गया। दिन में तो बिजली की आवाजाही चलती ही रहती है रात में भी घंटों की कटौती की जा रही है । उपभोक्ताओं का कहना है कि सब स्टेशन देवीगंज के सुबेहा फीडर के अंतर्गत आने वाले मिर्चिया, जरौली, धनौली, गैरिया, बेलिया, गजपतिपुर, मवैया और पहला आदि दर्जनों गांवों की विद्युत आपूर्ति रामभरोसे चल रही है। सडीओ देवीगंज शैलेंद्र गुप्त का कहना है कि लखनऊ से रोस्टिंग कोड आने के बाद ही बिजली कटौती की जाती है।

### ढाबे पर मचाया उत्पात

**मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार :** महाराजा ढाबा पर गुरुवार की रात खाना खाने पहुंचे तीन लोगों ने उत्पात मचाया। ढाबा मालिक की सूचना पर मसौली पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया। रामचन्दर द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया है कि गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे कपिल नगर मसौली के निवासी पंकज कापड़िया, राजू और श्रीपाल उर्फ पिन्टू के साथ ढाबा पहुंचे। जहां आपस में गाली-गलौज करने लगे। कर्मचारियों ने समझने का प्रयास किया तो विपक्षी ने उनको भी गाली-गलौज देना शुरू कर दिया।

**खेती-किसानी** 53 लाख मीट्रिक टन आलू शीतगृह में भंडारित, छह फीसदी हुई निकासी

# आलू के भाव पर असमंजस में किसान, मंडी भी सुस्त

देवा, बाराबंकी



शीतगृह में पड़ा आलू। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में इस बार आलू के किसान आलू के भाव के उतार चढ़ाव को लेकर असमंजस में हैं। घर से अच्छे दामों में आलू बेचने के बाद किसान शीतगृह से उसी भाव की आस लगाए हुए हैं, लेकिन वर्तमान में कम भाव और मंडियों में सुस्त बिक्री के चलते किसानों की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

इस बार जिले में 22 हजार हेक्टेयर में आलू की खेती की गई थी। इस बार का उत्पादन बीते वर्षों की अपेक्षा कम हुआ। जिसके चलते इस वर्ष आलू के भाव काफी अच्छे रहे। किसानों ने घर से ही काफी मात्रा में आलू की बिक्री कर दी। घर से किसानों का आलू 2000 प्रति कुंतल के करीब बिका। इस बार शीतगृह में आलू भंडारण में कोई असुविधा न होने के चलते किसानों ने करीब 53 लाख मीट्रिक टन आलू शीतगृह में भंडारित किया गया। किसानों को इस बात की उम्मीद थी कि आलू घर से बेचने की अपेक्षा कोल्ड स्टोरेज से अच्छे दाम मिलेंगे लेकिन वर्तमान समय में कोल्ड स्टोरेज से आलू 900 से लेकर 950 रुपए पैकेट तक ही बिक रहा है। सलारपुर निवासी किसान जगदीश सिंह बताते हैं कि 500 बोरी आलू का शीत ग्रह में भंडारण किया था। जिसमें बोरी, परिवहन और कोल्ड स्टोर का भाड़ा मिलाकर तकरीबन 400 रुपये क्विंटल का खर्च आया था। मौजूदा रेट से आलू बेचने पर खर्चा निकाल कर 15 सौ रुपए क्विंटल के ही दाम मिल रहे हैं।

जो घर से बेचने पर 500 रुपये कुंतल कम है। कस्बा देवा के आलू कारोबारी दीपक सिंह बताते हैं कि वर्तमान समय में मंडियों में आलू की मांग कम है। इसके चलते आलू के भाव में गिरावट है अगर मंडियों में मांग बढ़ेगी तो आलू के भाव में भी तेजी आने के आसार हैं।

> जनपद के कोल्ड स्टोरेज में तकरीबन 53 लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण किसानों द्वारा किया गया था। अभी तक तकरीबन 6 प्रतिशत आलू की निकासी शीत गृहों से हो चुकी है। किसान आलू के भाव बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं। आलू के भाव तेज होने पर शीत गुह से आलू की निकासी में भी तेजी आएगी।
>
> **-महेश श्रीवास्तव,** जिला उद्यान अधिकारी


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ- 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ-साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 10.06.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)

## एक नजर

### बांस काटने के विरोध में मारपीट कर किया घायल

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमरिया कैथानी में एक युवक ने अपने भाई सहित तीन लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमरिया कैथानी निवासी अशर्फीलाल पुत्र शंकर ने बताया उसकी और उसके भाई की साझे में बांस की थनिया है। उसने अपने भाई से उसमें से बांस काटने के लिए कहा तो ऋषिपाल ने अपने साथी हरिओम, सत्यपाल पुत्रगण बाबू के साथ मिलकर उसे काफी मारा पीटा। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई।प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक सवार घायल

**माधौगंज, हरदोई।** थाना क्षेत्र के पिपरांवां निवासी रामजीवन गुरूवार को बाइक पर सवार होकर मल्लावां कोतवाली के गांव हेरवल निवासी साढ़ू छोटेलाल के घर गया था। वापसी में दोनों साढ़ू बाइक पर आ रहे थे रात करीब नौ बजे किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### दबंगों ने किशोर को पीट कर किया लहूलुहान

**शाहाबाद, हरदोई।** तड़ेर गांव में केबिल बिछाने को लेकर दबंगों ने एक किशोर को लाठियों से पीट कर लहूलुहान कर दिया। किशोर का सिर फट गया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल किशोर का डाक्टरी परीक्षण कराया गया है।

# सीएचसी सुबेहा की स्वास्थ्य सेवाएं बेपटरी

## अस्पताल में जीवन रक्षक दवाओं का भी है अभाव, ऑक्सीजन सिलेंडर की भी नहीं है सुविधा

**राजेश मिश्र, सुबेहा, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में योग्य चिकित्सक होने और पास के ही अस्पताल में इलाज की मुफ्त सुविधा के दावे सुबेहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आते ही झूठे साबित हो जाते हैं। यहां की चिकित्सा व्यवस्था सरकार को निशुल्क इलाज के दावे की पोल खोलती नजर आ रही है। सुबेहा सीएचसी पर टेक्नीशियन तो हैं पर मशीन नदारद है। इस सीएचसी पर दो टेक्नीशियन गजेन्द्र सिंह व एक्सरे टेक्नीशियन अनस है। दीगर बात यह है कि जिन सीएचसी पर मशीने हैं, वहां टेक्नीशियन नहीं। सुबेहा सीएचसी पर न तो जीवन रक्षक दवाएं हैं और न ही आपातकाल में मरीजों को आक्सीजन देने के लिए आक्सीजन सिलेंडर। यही कारण है कि गंभीर रोगों को लेकर यहां पहुचने वाले मरीज सुविधाओं के अभाव में सीएचसी हैदरगढ़ और अमेठी जिले की सीएचसी शुकुल बाजार की ओर रूख करते हैं। यानी बयालीस ग्राम पंचायतों के 106 गांव के मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं देने का दावा करने वाली सुबेहा सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं रूकी तरह से बेपटरी हैं। इस सीएचसी पर महिला चिकित्सक का पद सृजित होने के वावजूद महिला चिकित्सक की तैनाती नही हो सकी। दो टेक्नीशियन को छोड़ दें तो यहां अधीक्षक को लेकर महज दो चिकित्सक ही तानात हैं। फीजिशियन डा. जयशंकर पाण्डेय व अधीक्षक डा. ओमप्रकाश कुरील।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुबेहा।

**केस 1**

सीएचसी सुबेहा में इलाज कराने आए रिजवान ने बताया कि पत्नी को इलाज के लिये लेकर आये थे। लेकिन यहां स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ नहीं होने की वजह से या तो हैदरगढ़ जाना पड़ेगा या फिर अमेठी जिले की शुक्ल बाजार सीएचसी पर इलाज करवाना पड़ेगा।

**केस 2**

मरीज महेंद्र मौर्या ने बताया कि सीएचसी कुत्ते के काटने के बाद लगने वाला इंजेक्शन ही नहीं है। पहला मामला नही है इससे पहले भी यहां इलाज के नाम पर खाना पूर्ति ही होती रही है। इस सीएचसी पर एक बहुत बड़ी आबादी के स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी है।

> सीएचसी पर जो मशीनें नहीं हैं, उसको लेकर जिला मुख्यालय पर अवगत करा दिया गया है। जिन डाक्टरों की तैनाती नहीं है, उसके लिये भी लिखा जा चुका है। बाकी जो मरीज सीएचसी पर इलाज के लिये आते हैं। उनका इलाज किया जा रहा है।
>
> **-डा. ओम प्रकाश कुरील,** सीएचसी अधीक्षक, सुबेहा

> परमीशन मिलने के बाद 11 जगहों पर नई एक्सरे मशीन लगवाई जा रही हैं। जिसके बाद जिले में कुल 19 एक्सरे मशीन हो जएंगी। जिसमें से एक टीबी अस्पताल में है। सुबेहा नई विकसित सीएचसी है। जल्द ही नहां स्टाफ और मशीनों की व्यवस्था कराए जाएगी।
>
> **-डा. अवधेश कुमार यादव,** सीएमओ

> सीएचसी पर डाक्टरों की तैनाती और मशीनों के लिये शासन को पत्र लिखे हैं। स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को पत्र लिखकर सीएचसी का जरुरी समान सहित अन्य डाक्टरों की भी तैनाती भी करायी जाएगी। सरकार की प्राथमिकता के मुताबिक स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर कराई जाएंगी।
>
> **-दिनेश रावत,** क्षेत्रीय विधायक



सीएचसी पर मरीज देखते चिकित्सक। अमृत विचार

### एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड न होने से भटकने को मजबूर मरीज

सीएचसी सुबेहा में न तो एक्सरे मशीन है और न ही अल्ट्रासाउंड मशीन। मरीज एक लम्बी दूरी तय करके इस आस से सीएचसी पहुंचता है कि उसे एक छत के नीचे सारी सुविधाएं योग्य चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क मिल सकेगी। महिला चिकित्सक के न होने से प्रसव पीड़ा से परेशान महिलाएं व उनके साथ तीमारदारों को मजबूरन या तो निजी अस्पताल की ओर रूख करना पड़ता है या फिर सोलह किमी दूरी तय करके हैदरगढ सीएचसी जाने को विवश होना पड़ता है।

### 42 ग्राम पंचायतों के 106 गांव के लोग राम भरोसे

सीएचसी सुबेहा पर यहां की 42 ग्राम पंचायतों के 108 गावों के मरीजों की स्वास्थ्य की जिम्मेदारी है। जिसमें मीनामईऊ, आलापुर, चकौरा, खानपुर, सिधियांवा, जमीन हुसैनाबाद, थलवारा, पलिया, सरायंगोपी, गेरावां, अहीर गांव, शुक्लपुर, इस्माइलपुर, भटगवां, टडवां और मोहउद्दीनपुर समेत कई गांव शामिल हैं। पर यहां न तो मानकों के हिसाब से चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्य सेवाएं ही बेहतर कही जा सकती हैं। लोगों के मुताबिक जो चिकित्सक हैं भी वह रात में अपने आवास पर नहीं टिकते।

### बाल रोग विशेषज्ञ न पुलिस मेडिकल की सुविधा

सुबेहा सीएचसी में कोई बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने से गर्मी में बच्चों को होने वाली बीमारी से बचाने के लिए उनके तीमारदारों को भटकना पड़ता है। यही नहीं पुलिस के उन मामलों में जिनमें मेडिकल रिपोर्ट की खास अहमियत होती है। उसके लिए भी पुलिस को हैदरगढ़ सीएचसी का सहारा लेना पड़ता है।

# दुष्कर्म का आरोप लगा युवक को पीटकर किया मरणासन्न

**सूरतगंज, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए गई हुई नाबालिग बालिका के साथ गांव के एक युवक पर दुष्कर्म किये जाने का आरोप लगा तो मौके से पकड़े गए उस युवक को घर वालों ने बेरहमी से लाठी, डंडे व लात, घूसे से पिटाई भी कर दी। मरणासन्न अवस्था में युवक को सीएचसी से जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहीं युवक के परिजनों ने सिर्फ छेड़छाड़ होने की बात कही और कार्रवाई के लिये थाने में तहरीर दी है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के एक गांव की बालिका शुक्रवार की सुबह नौ बजे खेत पर शौच के लिए गई हुई थी। तो पीछे से युवक भी वहां पहुंच गया। उधर मौके पर पहुंचे, बालिका के घर वालों ने युवक को पकड़ करके बेरहमी से पिटाई कर दी। इससे युवक गम्भीर अवस्था में घायल होकर वहीं गिर गया। जब कोई उधर से गुजरा, तो घायल युवक को देख तत्काल इसकी सूचना घर वालों को दी। परिजन घायल युवक को थाने लेकर पहुंचे, तो पुलिस उसे सीएचसी सूरतगंज लेकर पहुंची। ड्यूटी पर तैनात डा. वी.पी सिंह ने हेड इंजरी के कारण प्राथमिक उपचार देकर युवक को जिलास्पताल भेज दिया। वहीं बालिका के परिजन खुद को फंसता देख थाना पहुंचे और बेटी संग दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। जबकि ग्रामीणों ने सिर्फ छेड़छाड़ होने की बात कही है। वहीं युवक के घर वालो को सीओ कार्यालय भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी के घर वालों ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मुकदमा दर्ज करके उसे मेडिकल के लिए भेजा है।

## समाजसेवी के निधन पर शोक

**दरियाबाद, बाराबंकी: अमृत विचार :** दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के मथुरानगर ग्राम निवासी समाजिक कार्यकर्ता के निधन से क्षेत्रीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

मूल रूप से बलिया जिले के निवासी लगभग 20 वर्षो से दरियाबाद रेलवे स्टेशन के पास अपने परिवार के साथ रह रहे प्रदीप राज का शुक्रवार की सुबह बाराबंकी के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। प्रदीप के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्रदीप राज पिछले आठ सालों से अपने जन्मदिन पर रक्तदान करते आ रहे थे। इनकी प्रेरणा से प्रेरित होकर क्षेत्र के अन्य युवा भी रक्तदान करने लगे थे। बताया जाता है कि गुरुवार की शाम को प्रदीप राज को चक्कर आ रहे थे। उनके हाथ में एक फोड़ा भी था। शुक्रवार की सुबह जब प्रदीप की तबीयत कुछ बिगड़ी तो परिजन उनको लेकर बाराबंकी के एक निजी अस्पताल गए थे। जहां पर प्रदीप राज का निधन हो गया।

# मानस क्रिकेट एकेडमी ने दिया 261 रनों का लक्ष्य

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



लॉर्ड्स बालाजी क्रिकेट ग्राउंड पर मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रहे प्रथम बालाजी डेज क्रिकेट स्टेट चैंपियनशिप के पांचवे दिन शुक्रवार का खेल लॉर्ड्स बालाजी क्रिकेट ग्राउंड पर मानस क्रिकेट एकेडमी एवं ध्रुव क्रिकेट एकेडमी के बीच में खेला गया।

मानस क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मानस क्रिकेट एकेडमी की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए रितेश राय ने सर्वाधिक 77 रन, कप्तान अंशुल कपूर ने 66 रन, आकाश यादव ने 29 रन, अनिकेत ने 26 रन बनाए। मानस क्रिकेट एकेडेमी की पारी 71 ओवर में 260 रनों पर सिमट गयी और ध्रुव क्रिकेट एकेडेमी के सामने 90 ओवर में 261 रनों का लक्ष्य रखा। ध्रुव क्रिकेट एकेडमी की तरफ से सर्वाधिक 3 विकेट उत्कर्ष पाल, 2 विकेट अभिषेक कौशल, मानवेन्द्र चौहान, सौरभ मौर्या, पुष्कर सिंह और अंश यादव ने 1 - 1 विकेट प्राप्त किया।ॉ

जवाब में उत्तरी ध्रुव क्रिकेट एकेडमी की तरफ से अंश यादव ने सर्वाधिक 28 रन, अभिषेक कौशल नाबाद 23 पर दिन की समाप्ति पर खेल रहे हैं। ध्रुव क्रिकेट एकेडमी को जीत के लिए 71 ओवर में 190 रनो की आवश्यकता है। दिन समाप्ति पर धुव क्रिकेट एकेडमी का स्कोर 71 रन 2 विकेट के नुकसान पर रहा। इस अवसर पर बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन सचिव डा. सी.ए. जावेद, अध्यक्ष अख्तर अजीज खान, गौरव तिवारी, अफाक अली, योगेंद्र पाल सिंह, बब्बू अरोरा, जतिन चौधरी, सिंटू सिंह और मुकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## दो गांव से चार भैंस चोरी कर ले गए चोर

**हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार :** जिले में मवेशी चोर गिरोह सक्रिय हैं। हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था को धता बताते हुए मवेशी चोर दो गांव से चार भैंसों की चोरी कर ले गए।

बबुरिहा का पुरवा रामेश्वर तीन भैंसें चोर खोल ले गए।यहां पर चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरों का गिरोह छोटा हाथी गाड़ी लेकर रात्रि लगभग पौने तीन बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित रीठी गांव में पहुंच गया। जहां पर साहब प्रसाद मौर्य के घर के बाहर पड़ियों के साथ बंधी भैंस को चोर खोल कर ले जाने लगे। इसी बीच साथ बंधी पड़ियों ने शोर मचाना शुरु कर दिया। साहब प्रसाद को एक चोर भैंस को सड़क पर खड़ी छोटा हाथी गाड़ी की ओर ले जाते दिखा।

# किसानों की समस्याओं का हो समाधान

**संवाददाता, हरदोई**



किसानों के साथ बैठक करते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में शुक्रवार को किसान प्रतिनिधियों की आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि जनपद के किसानों की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर कराया जायेगा। भारत एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिलाया जायेगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी किसान बंधु किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के साथ फसल बीमा अवश्य करायें ताकि फसलो को होने वाले नुकसान की कुछ भरपाई हो सके। सोलर पम्प के लिए आवेदन करें ताकि बिजली के खर्च को कम किया जा सके। गांवों के तालाबों को पानी से भरने को लेकर उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि नहरों के किनारे स्थित तालाबों में पानी भरने की व्यवस्था कराये और नलकूप विभाग को नलकूपो के निकट स्थित तालाबों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराये इसके साथ ही उपायुक्त मनरेगा द्वारा यथा संभव अमृत सरोवरों में पानी भरवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि सीमेन पर भारी छूट उपलब्ध है। इस सीमेन से 95 प्रतिशत बछिया पैदा होने की सम्भावना है। जनपद में विभिन्न स्थानों पर वृहद गौशालाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने किसान संगठनों से भूसा दान करने की अपील की। किसान प्रतिनिधियों ने गोवंश संरक्षण में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी से किसानों के साथ गोष्ठियां आयोजित कर गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

# घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना पुलिस ने घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी पर एक गांव निवासी महिला ने घर में घुसकर छेड़छाड़ और गाली गलौज करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके महिला के न्यायालय में बयान कराए, जहां उसने बयानों में दुष्कर्म की भी बात कही। कोर्ट के आदेश पर विवेचना के दौरान धारा 376 की बढ़ोत्तरी की गई थी। पाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बीती 7 मई को थाने में तहरीर देकर बताया था कि 6 मई की रात को वह घर में अकेली लेटी थी। तभी गांव निवासी नन्हें उर्फ श्यामवीर उसके घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकतें की। किसी तरह उसने खुद को बचाया, जाते समय आरोपी ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पीड़िता के न्यायालय में बयान कराए गए थे। बयानों में पीड़िता ने दुष्कर्म की भी बात कही। शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# टीबी मरीजों के परिजनों के लिए आई दवा

**संवाददाता, हरदोई**





**टीबी उन्मूलन अभियान**

▶▶ अब परिजनों को भी खिलाई जाएगी दवा, जिले को मिली 13 हजार 500 टेबलेट

**अमृत विचार।** अभी तक टीबी का पॉजिटिव मरीज मिलते ही उसकी दवा शुरू की जाती थी, लेकिन अब टीबी का पॉजिटिव मरीज मिलते ही उसके परिजनों को भी टीबी से बचाव के लिए दवा खिलाई जाएगी। यह दवा जिले में पहली बार आई है। सभी ब्लॉकों में यह दवा भेज दी गयी है। यह दवा सिर्फ बलगम जांच के बाद रिपोर्ट पॉजिटिव आने बाले मरीजो के परिजनों को ही दी जाएगी। इसके लिए सभी कर्मचारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए है।

स्वास्थ्य विभाग टीबी को खत्म करने के लिए प्रयास कर रहा है। इसके चलते अब जिले में टीबी मरीजों के साथ परिवारजनों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी। विभाग टीबी रोगी के साथ ही परिजनों को भी टीबी की दवाई देगा।

विभाग ने टीबी रोगियों के परिजनों की स्क्रीनिंग की योजना बना ली है। अभी तक पांच साल के बच्चों को ही विभाग की ओर से प्रिवेंटिव थेरेपी दी जाती है लेकिन, अब टीबी से मरीज के घर के सभी सदस्यों की स्क्रीनिंग होगी। जरूरत पड़ने पर प्रिवेंटिव थेरेपी और एहतियात के तौर पर दवा भी दी जाएगी। स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। अप्रैल और मई माह में जिन मरीजों का इलाज शुरू हुआ है। उन मरीजों की मॉनीटरिंग की जा रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. शरद वैश्य ने बताया कि टीबी रोगी लगातार परिवार के सदस्यों के संपर्क में रहते हैं। इसके चलते परिवार के सदस्यों में भी टीबी की आशंका बनी रहती है। टीबी मरीज को प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) दवा दी जाएगी।

वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. नौमानउल्लाह ने बताया कि पॉजिटिव टीबी रोगियों के संपर्क में आए लोगों को टीपीटी दी जाएगी। रोगी के परिवार के लोगों को 3 महीने तक प्रतिरोधी दवाएं आयु के हिसाब से दी जाएंगी। स्टोर इन्चार्ज बृजेश मित्रा ने बताया कि सभी कर्मचारियों को दवा दी जा रही है। यह दवा सभी सीएचसी पर मिलेगी।

## गर्मी में खूब खाएं तरबूज-खीरा, सावधानी बरत कर लू से करें बचाव : सीएमओ

**हरदोई, अमृत विचार।** तेज लू और गर्मी के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सावधानी के अभाव में लोग बुखार, उल्टी दस्त से पीड़ित हो रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार का कहना है कि सावधानी बरतकर लू और गर्मी से राहत पाई जा सकती है। ध्यान रखें कि खाली पेट घर से बाहर न निकलें। जब भी घर से बाहर निकलें चेहरा और सिर गमछे से ढक कर रखें। पानी की बोतल साथ में रखें। चेहरे सहित खुले अंगों में सनस्क्रीन का उपयोग करें। दोपहर 12 से तीन बजे तक बाहर न निकलें और किचन में खाना बनाने से बचें। खिड़कियों और दरवाजों को बंद ही रखें। हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहने। गहरे रंग के तंग कपड़े पहनने से बचें। उन्होंने बताया कि तरबूज, खीरा, ककड़ी, अन्नानास, खरबूजा, शिकंजी, छांछ, लस्सी, नींबू पानी, नारियल पानी का सेवन करें। उबालकर ठंडा किया हुआ पानी ही पीएं। बाहर के कटे और खुले में बिकने वाले फल खाने से बचें। घर का ताजा और सुपाच्य भोजन का सेवन करें। तला-भुना खाने से परहेज करें। इसके अलावा बच्चों, गर्भवती और बुजुर्गों को दिन के समय घर से बाहर न निकलने दें। कमजोरी आना, चक्कर आना, पसीना आना, सिर दर्द, बेहोशी पसीना आना हीट वेव या लू के लक्षण हैं। बेहोशी आए या व्यक्ति अनर्गल बातें करने लगे तो उसे शीघ्र ही निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर लू प्रबंधन को लेकर आवश्यक तैयारियाँ की गई है।

**लापरवाही** बनीकोडर ब्लाक क्षेत्र में लाखों खर्च के बाद भी पूरा नहीं हुआ उद्देश्य

# अमृत सरोवरों में उड़ रही धूल, पानी को तरसते बेजुबान

**बनीकोडर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** करोड़ों खर्च के बाद भी अमृत सरोवरों से कोई फायदा नही निकल पा रहा है। विकास खंड बनीकोडर में जो अमृत सरोवर बने हैं, उनमें केवल धूल उड़ रही है। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के चलते जहां एक ओर आम जनमानस परेशान है, तो वहीं पशु पक्षी भी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। शासन स्तर से निर्देशों के बावजूद अभी तक इनमें पानी भरवाने की शुरुआत नहीं की गई है।इ5

विकास खण्ड बनीकोडर में लगभग 109 अमृत सरोवर है, लेकिन अपवाद को अगर छोड़ दें तो किसी भी तालाब में बिल्कुल पानी नहीं है। अधिकतर तालाब सूखे पड़े हैं। जिनका निर्माण मनरेगा योजना के अंतर्गत हुआ है। भीषण गर्मी के बीच पशु पक्षियों को पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। अधिकांश अमृत सरोवरों से धूल उड़ती नजर आ रही है।

> अमृत सरोवर हमेशा से सरकार की प्राथमिकता में रहे हैं। कई सरोवरों में पानी भरवाने की व्यवस्था कराई जा चुकी है। जहां के सरोवरों में पानी अभी नहीं भर सका है। वहां जल्द ही कार्ययोजना बनाकर पानी भरवाया जाएगा।
>
> **-बृजेश त्रिपाठी,** डीसी मनरेगा

**केस 1**



टिकरा ग्राम पंचायत के खेवराजपुर गांव किनारे सूखा पड़ा अमृतसरोवर।

बनीकोडर ब्लॉक के टिकरा ग्राम पंचायत में खेवराजपुर गांव के किनारे बने अमृत सरोवर सूखा पड़ा है। लाखों की लागत से सरोवर तो पक्का बनवा दिया गया, लेकिन पानी न होने की वजह से सरोवर के होने न होने से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

**केस 2**



ग्राम पंचायत सलेमपुर में भी अमृत सरोवर सूखा।

बनीकोडर की ग्राम पंचायत सलेमपुर में भी गांव के किनारे बने अमृत सरोवर पूरी तरह से सूखा पड़ा है। लोगों ने बताया कि तालाबों के कायाकल्प में मनरेगा से भी कार्य हुआ था। लाखों रुपए शासन स्तर से खर्च हुए लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।


**बड़ौदा यू.पी. बैंक Baroda U.P. Bank** | **कब्जा सूचना** | क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या, पोस्ट- साहेबगंज, जिला-अयोध्या- 224001 (यू.पी.)

**कब्जा सूचना (नियम 8(2) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु**

जबकि अधोहस्ताक्षरी जोकि **बड़ौदा यू.पी. बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी है, द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे दिये गये विवरण के अनुसार ऋणियों को मांग नोटिस जारी किया गया था। जिसके अनुसार मांग नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में वर्णित धनराशि का भुगतान बैंक को करने की सूचना ऋणियों/जमानतकर्ता को दी गई थी। ऋणियों द्वारा बकाया धनराशि का भुगतान करने में असफल रहने पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम (8) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप धारा 4 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतदद्वारा ऋणियों/उधारकर्ता और आम लोगों को यह नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे दी गई सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया गया है। ऋणियों/जमानतकर्ताओं/बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। ऋणियों को विशेष रूप से व जनसाधारण को सामान्य रूप से एतदद्वारा विषयगत सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करने के लिए सावधान किया जाता है और इस सम्बन्ध में किया गया कोई भी संव्यवहार **बड़ौदा यू.पी. बैंक** के अधोवर्णित प्रभारों व देय ब्याज/खर्चों के अधीन होगा।

| खाता/उधारकर्ता का नाम (सम्पत्ति के मालिक) | प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरणी | (अ) मांग नोटिस की तिथि (ब) सांकेतिक कब्जा की तिथि (स) मांग नोटिस के दिन तक बकाया शेष |
|---|---|---|
| **शाखा-ई.टी.सी. मसौधा** | | |
| **उधारकर्ता : श्री अरुण कुमार पाठक** पुत्र सत्य नारायण पाठक, मकान नं. 193 कंधारी बाजार, अयोध्या **सह-उधारकर्ता : श्रीमती रानी देवी पाठक** पत्नी श्री अरुण कुमार पाठक मकान संख्या. 193 कंधारी बाजार, रिकाबगंज, अयोध्या, 224001 **जमानतकर्ता : (1) श्री अमित कुमार श्रीवास्तव** पुत्र स्व. श्याम नारायन, निवासी- 628/1 बेगमगंज मकबरा, जिला-अयोध्या 224001 **(2) श्री महेन्द्र कुमार यादव** पुत्र स्व. रामराज यादव निवासी-उसरू, नई कालोनी, निकट प्राइमरी स्कूल, जिला-अयोध्या 224001 | संपत्ति/भूमि का समतुल्य बंधक- प्लॉट संख्या 535, क्षेत्रफल-680 वर्गमीटर। बिक्री विलेख संख्या-4017/15, बुक संख्या-1, ज़िल्द संख्या- 5993 पृष्ठ संख्या 325-354 दिनांक 22.05.2015 **स्वामी- श्रीमती रानी देवी पाठक** पत्नी अरुण कुमार पाठक निवासी मौजा उसरू (बीएनपी), परगना- हवेली अवध, तह.- सदर, जिला-अयोध्या में स्थित **चौहद्दी (साइट के अनुसार):** पूर्व-कच्ची सड़क 12 फीट, पश्चिम-सालिक राम का प्लाट, उत्तर- निर्मला देवी का मकान, दक्षिण-भानमती का प्लॉट | (अ) **20.01.2024** (ब) **21.05.2024** (स) रू. **9,64,528.97** दिनांक 11.01.2024 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे |

दिनांक-25.05.2024 स्थान-अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी-बड़ौदा यू.पी. बैंक

## एक नजर

### जिले में धारा-144 लागू

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने जिले में धारा 144 (निषेधाज्ञा) लागू की है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। बीच में वापस न लिया गया तो 21 जुलाई तक प्रभावी रहेगा। निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद उपबंधों में से निर्वाचन संबंधी प्रतिबंध प्रभावी नही रह जाएंगे। आदेश अथवा इसके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के तहत दण्डनीय अपराध होगा।

### दो बाइकों की भिड़ंत में पति-पत्नी घायल

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र में ड्योढी बाजार के करीब बैदरापुर मोड पर शुक्रवार को दो बाइकों में सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार खंडासा थाना क्षेत्र के अमावां सूफी निवासी राजेंद्र सिंह (58) व उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार शख्स मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ने बताया कि हादसे में घायल पति-पत्नी को पुलिस ने अस्पताल भेजवाया है। फरार दूसरे बाइक सवार की तलाश कराई जा रही है।

### परिवार गया था गांव, चोरों ने खंगाल लिया घर

**अयोध्या । अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के जयगुरुदेव आश्रम, सहादतगंज में चोरों ने एक मकान को अपना निशाना बनाया। दो मंजिले मकान के पांच दरवाजे और आलमारी-लॉकर तोड़ लगभग 32 हजार नकद, सोने व चांदी का सामान, एक लैपटॉप, दो स्मार्ट वाच तथा एक म्यूजिक सिस्टम पार कर दिया। वारदात के समय गृह स्वामी लखौरी गांव निवासी और गाँव के पूर्व प्रधान अभिषेक सिंह अपने पैतृक गांव गया हुआ था। गांव से वापस लौटने पर दरवाजों का ताला टूटा मिलने पर वारदात की जानकारी हुई। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य का कहना है कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच कराई जा रही है।

# दिसंबर तक हो जाएगा राम मंदिर के शिखर तक का काम

## सितबंर तक बन जाएगा सप्तऋषियों का मंदिर एवं मार्च 2025 तक परकोटे का कार्य होगा पूर्ण, भवन निर्माण समिति की बैठक में हुआ मंथन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** श्रीराम मंदिर भवन निर्माण समिति की बैठक के पहले दिन शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन मंदिर और परकोटे के निर्माण को लेकर मंथन किया गया। बताया गया कि दिसंबर 2024 तक मंदिर के शिखर तक के कार्य पूर्ण हो जाएंगे। बैठक श्रीराम मंदिर परिसर में हुई।

बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्म भूमि परिसर में सप्तऋषियों का मंदिर सितंबर तक तैयार हो जाएगा। बातचीत में उन्होंने बताया कि श्री राम मंदिर में बनने वाले राम दरबार

**राम दरबार की मूर्ति के स्वरूप को भी दिया जा रहा है अंतिम रूप**

की मूर्ति के स्वरूप को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। राम दरबार का स्केच फाइनल होने के बाद मूर्ति का निर्माण होगा। राम दरबार की प्रतिमा किस पत्थर पर बनेगी इसको लेकर मंथन चल रहा है। लोअर प्लिंथ पर बनने वाली मूर्ति का स्केच चित्रकार वासुदेव कामत तैयार कर रहे हैं। राम कथा म्यूजियम का कांसेप्ट भी जल्द स्पष्ट हो जाएगा। इसकी टेक्नोलॉजी पर बातचीत चल रही है।

उन्होंने कहा कि रामकथा म्यूजियम में प्रभु राम के अद्भुत स्वरूप का दर्शन होगा। राम कैसे पुरुषोत्तम हुए? चित्रांकन के जरिए



राम जन्मभूमि परिसर में शुक्रवार को बैठक लेते निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र व बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

भक्तों को समझाने का प्रयास किया जाएगा। राम कथा म्यूजियम में इसकी पूरी स्क्रिप्ट लिखी जाएगी। उसी के तर्ज पर म्यूजियम का निर्माण होगा।

ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि बैठक में निर्माण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यों की समीक्षा की गई। मंदिर में लगने वाले पत्थरों की आपूर्ति, पत्थरों पर नक्काशी के कार्य को पूरा करने के लक्ष्य पर भी मंथन किया गया। बताया कि परकोटे में नौ लाख घन फुट पत्थर लगेंगे। परकोटे में छह मंदिरों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। भगवान शिव, गणेश, सूर्य, जगदंबा माता, हनुमान जी का मंदिर, अन्नपूर्णा देवी के मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। परकोटे के बेसमेंट का कार्य लगभग पूर्ण होने वाला है। मार्च 2025 तक परकोटे का कार्य पूरा हो जाएगा। मंदिर के निर्माण कार्य में भूतल के बाद प्रथम तल के निर्माण का कार्य जून माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मंदिर के द्वितीय तल का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शिखर के निर्माण का कार्य शुरू होगा।

डॉ. मिश्र ने बताया कि मंदिर में लगने वाले पत्थरों की आपूर्ति का कार्य पूरा हो चुका है। दिसंबर 2024 तक मंदिर के शिखर तक का कार्य पूर्ण हो जाएंगे। मंदिर परिसर में कुबेर टीला स्थित शिव मंदिर के सभी कार्य पूरे हो गए हैं। टीला के चारों तरफ बाउंड्री बाल का चल रहा है। यह अगस्त तक पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद कुबेर टीले पर भी श्रद्धालु दर्शन पूजन कर सकेंगे। ट्रस्ट इसकी तैयारी कर रहा है। राम मंदिर परिसर में हनुमान की एक खंडित प्रतिमा पर श्री मिश्र ने कहा कि राम मंदिर के खंभों में मूर्तिकारी का कार्य चल रहा है। मूर्तिकारी के दौरान कोई बात ऐसी रही होगी लेकिन आज वहां ऐसी कोई मूर्ति नहीं है। ऐसी सभी मूर्तियों को निर्माण की प्रक्रिया में ठीक कर दिया गया है। बैठक में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, मंदिर के आर्टिटेक्ट आशीष सोमपुरा के साथ एलएनटी के इंजीनियर मौजूद थे।

# राम मंदिर निर्माण से देश को मिली स्फूर्ति

अयोध्या कार्यालय

**अमूर विचार :** राम मंदिर निर्माण से पूरे देश को स्फूर्ति मिली है। कई साल पहले अयोध्या आया था। राम मंदिर बनने के बाद अयोध्या आने का प्रयास किया था लेकिन नहीं आ पाया था। आज प्रमुख रूप से रामलला के दर्शन के लिए आया हूं। ये बातें शुक्रवार को नागालैंड के राज्यपाल डॉक्टर ला गणेशन ने कहीं। वो परिवार के साथ राममंदिर में दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मैं बहुत पहले अयोध्या आया था जब कल्याण सिंह मुख्यमंत्री हुआ करते थे, अब नए मंदिर में भगवान के विराजमान होने



रामलला का दर्शन करते नागालैंड के राज्यपाल और उनका परिवार।

**नागालैंड के राज्यपाल बोले- रामलला के दर्शन कर अभिभूत हूं**

के बाद आनंद के साथ दर्शन करने आया हूं। राम लला का दर्शन कर अभिभूत हूं। इससे पहले राज्यपाल सुबह महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या पहुंचे। जहां से वह सीधे सर्किट हाउस पहुंचे। वहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं अल्प विश्राम के बाद राम मंदिर पहुंचे। रामलला के दर्शन करने के दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। रामलला के पुजारी ने प्रसाद प्रदान किया।

# नगर की स्वच्छता में सभी करें सहयोग : नगर आयुक्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर को साफ-सुथरा बनाने में सभी जिलेवासी अपना पूर्ण सहयोग करें। अपने घरों से निकलने वाले सूखे एवं गीले कूड़े को अलग कर सफाई मित्र को दें। कूड़ा घरों के बाहर न फेंके। ये अपील नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने शुक्रवार को की। वो नगर निगम सीमांतर्गत स्वच्छता एवं डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह एवं कूड़े के पृथक्कीकरण के संबंध में अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सफाई कार्य में नियोजित संस्थाओं के



**बैठक में कहा- सूखे व गीले कूड़े को पृथक कर सफाई मित्र को दें**

प्रतिनिधियों के साथ आवश्यक बैठक कर रहे थे।

नगर आयुक्त ने नगर क्षेत्र में उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था कराए जाने व सम्यक पर्यवेक्षण के निर्देश दिये। अयोध्या धाम के अतिरिक्त एयरपोर्ट मार्ग, राजमार्ग के डिवाइडरों, साइड पटरी व फुटपाथ आदि पर रोस्टर के अनुसार साप्ताहिक व पाक्षिक रूप से अभियान चलाकर सफाई कराये जाने के निर्देश देते हुए उत्सर्जित कूडें के पृथक्करण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वार्डों में चयनित मोहल्ला समितियों को पुर्नजीवित करते हुए समिति का पंजीकरण कराकर खाते खोलने, वार्डो में सूखे एवं गीले कूड़े को अलग-अलग संग्रह के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार प्रसार, वार्डों में स्थापित कम्पोस्टरों को क्रियाशील किये जाने के निर्देश दिए। अवशेष स्थलों पर कम्पोस्टर स्थापित किये जाने तथा इस कार्य में पूर्व से सहयोग कर रही संस्था आईटीसी से भी सूखे गीले कूड़े के सम्बन्ध में स्टिकर आदि प्रत्येक भवन स्वामी को वितरित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

नगर आयुक्त कहा कि अयोध्या एक आध्यात्मिक एवं धार्मिक नगरी के रूप में विकसित हो रही है। इस दिशा में अभियान चलाकर सम्पूर्ण नगर क्षेत्र स्रोत से ही कूड़े को निस्तारित किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, जोनल अधिकारी गुरु प्रसाद पांडेय, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार झा, कमल कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विजयेन्द्र वर्मा, देवी प्रसाद, आईटीसी एवं सफाई व्यवस्था में नियोजित संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सरकारी नल के जल से निकल रहे कीड़े

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल नल योजना का सच अब सामने आने लगा है। घटिया बोरिंग और निर्माण के कारण लगाई गई टंकी से निकलने वाले जल में मौजूद कीड़े अब घर-घर पानी के साथ टोटी से गिर रहे हैं। पानी की शुद्धता को लेकर ग्राम प्रधान के साथ ग्रामीणों ने शिकायत जल निगम में दर्ज कराई लेकिन अब तक कोई झांकने तक नही पहुंचा।

विकासखंड की ग्राम पंचायत परानापुर में करोड़ों की लागत से तैयार की गई पानी टंकी का पानी इतना दूषित निकल रहा है कि पीने योग्य होना तो दूर पशुओं तक को



परानापुर में बनी पानी की टंकी जिससे हो रही दूषित जलापूर्ति।

**ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद विभाग मौन**



पानी में तैरते कीड़े (लाल घेरे में)।

> अभी शिकायत तो नहीं मिली लेकिन मामला बड़ी गड़बड़ी और जांच का है। जिम्मेदार बचेंगे नहीं। कीड़े युक्त पानी आने की पूरी जांच कराई जाएगी।
> **-अशोक कुमार सैनी, उपजिला अधिकारी, सोहावल**

पिलाने लायक नही है। ग्राम प्रधान अयोध्या प्रसाद वर्मा ने शुक्रवार को बताया 560 फिट गहरी बोरिंग से बनाई गई पानी टंकी का शुभारंभ कुछ महीने पहले ही किया गया है। टंकी शुरू होने पर पानी साफ आ रहा था पिछले सप्ताह पानी की टोटी से कुछ कीड़े दिखाई पड़े थे। बीच में कम पड़ गए आज काफी मात्रा में पानी के साथ टोटी से निकलने लगे तो पूरे गांव में हलचल मच गई है। गांव निवासी धर्मेंद्र प्रजापति ने सप्ताह भर पहले इसकी शिकायत जल निगम में की है लेकिन विभागीय कोई अब तक झांकने तक नही पहुंचा। जलनिगम के जेई अभय सिंह से पक्ष जानने की कोशिश की गई लेकिन फोन नही उठाया गया।

## राममंदिर में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध

**अयोध्या।** राम मंदिर में मोबाइल फोन ले जाना सभी के लिए आज 25 से पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया गया है। अब से पहले कई लोग मोबाइल फोन लेकर अंदर जाते थे। मंडलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की। इसमें राम मंदिर में मोबाइल फोन ले जाने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब राम मंदिर परिसर में 25 मई से मोबाइल फोन ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि ये नियम तो पहले से लागू है, लेकिन कुछ लोग वीआईपी के नाम पर छूट ले लेते थे। अब ये नियम सभी पर समान रूप से लागू होगा।

# अपर जिला जज ने खारिज किया जिला मजिस्ट्रेट का आदेश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** गोवंश के परिवहन में पकड़े गए वाहन को जब्त करने के जिलाधिकारी के आदेश को शुक्रवार को अपर जिला जज हेमंत कुमार ने निरस्त कर दिया। उन्होंने पत्रावली प्रति प्रेषित करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों के अनुरूप फिर से आदेश पारित करने को कहा है।

अधिवक्ता सलीम नैयर ने बताया कि 4 अगस्त 2023 को इनायत नगर थाना पुलिस ने भदोखरा गांव के पश्चिम हजारीलाल इंटर कॉलेज को जाने वाले खड़ंजे पर तीन लोगों को एक सफेद रंग के पिकअप में

**कहा कि डीएम ने नहीं किया न्यायिक विवेक का इस्तेमाल**

गोवंशीय पशुओं को लादते हुए शिबू निवासी बोहारी थाना मवई ,असगर अली निवासी मुकीमपुर पहाड़पुर नउवन का पुरवा थाना इनायत नगर, अजय रावत निवासी कटरौली थाना रोनाही को पकड़ा था। पिकअप बुध्दिराम निवासी कटरौली थाना रौनाई के नाम पंजीकृत थी। छह गोवंशीय पशु भी बरामद हुए थे। पकड़े गए लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी और वाहन को 9 फरवरी 2024 को जिला मजिस्ट्रेट ने जब्त करने का आदेश पारित किया था। इस आदेश को बुधीराम ने जिला जज की अदालत में चुनौती दी। जिला जज ने इसे सुनवाई के लिए अपर जिला जज की अदालत में स्थानांतरित कर दिया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश न्यायिक विवेक इस्तेमाल के बिना है और निहित क्षेत्राधिकार का अनुचित प्रयोग है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निरमुक्ति और जब्तीकरण का आदेश एक साथ किया है, जबकि सुभिन्न विषयों के लिए पृथक आवेदन पर पृथक आदेश पारित किया जाना उचित होता है। आदेश पत्रक पर किसी अधिवक्ता एवं पक्षकार के हस्ताक्षर नहीं है और इसी टिप्पणी के साथ कोर्ट ने जिलाधिकारी का आदेश निरस्त कर दिया।

# 26 में से 16 अफसरों ने दी निरीक्षण की रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पशुपालन विभाग की ओर से जिले भर में संचालित गोशालाओं में संरक्षित किए जा रहे पशुओं के भौतिक सत्यापन के लिए जिलास्तरीय 26 अफसरों की ड्यूटी लगी है। अप्रैल महीने में सिर्फ 10 अफसरों ने अपनी आवंटित गोशाला का निरीक्षण कर पशुपालन विभाग को रिपोर्ट सौंपी है। 16 अफसरों ने रिपोर्ट जमा नहीं की है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी जगदीश सिंह ने बताया कि जिन्होंने अभी तक रिपोर्ट नहीं सौपी है उन्हें रिमाइंडर भेजा गया है। जिले भर में दो हजार से अधिक गोशालाएं

**गोशालाओं में गड़बड़ी के मामले में बरती जा रही है लापरवाही**

संचालित हैं। जिन्हें लेकर बार-बार शिकायत सामने आती रहती है। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जांच कराई जा रही है, लेकिन लापरवाही के चलते पूरी रिपोर्ट नहीं आ रही है। इससे पहले गोशालाओं में भूसा खरीद को लेकर भी सवाल उठे थे। भूसा खरीद में अधिक पशु दिखा कर भूसे की धनराशि आहरित किए जाने के मामले सामने आए थे लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। सीवीओ कहते हैं अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है लेकिन देखा जा रहा है कहां गड़बड़ी हो रही है।

## रोडवेज बस का रंग रोगन खराब है तो कीजिए व्हाट्सएप

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** आप रोडवेज बस से यात्रा कर रहे हैं तो देखिए बस का रंग रोगन, सीट, इंडीकेटर खराब तो नहीं है। खराब हो तो दिए व्हाटसएप कीजिए। इसके लिए परिवहन निगम ने व्हाटसएप नंबर 9415049606 जारी किया है। निगम आपकी शिकायत को संज्ञान लेगा। दर्शायी गई कमी को दूर कराएगा। इन दिनों परिवहन निगम बसों के कायाक्लप का अभियान चला रहा है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश ने बताया कि बस यात्रियों की सुविधा को बेहतर करने के लिए परिवहन निगम इन दिनों बसों के कायाकल्प का अभियान चला रहा है। इसके तहत बसों की बाड़ी, रंगरोगन, सीट जैसे भौतिक कमियों पर यात्री अपनी शिकायत जारी व्हाटसएप पर फोटो और बस नंबर आदि डिटेल के साथ भेज सकते है। मैसेज मिलने पर डिपो या क्षेत्रीय कार्यशाला के स्तर पर इसे दुरुस्त कराया जाएगा। हालांकि अभी फैजाबाद के लिए कोई शिकायत नहीं आई है। इसमें विभाग के स्तर पर कोई लापरवाही मिलने पर कार्रवाई भी हो सकती है।

# 1792 स्कूलों के 2000 ग्रुप से जुड़े 18000 अभिभावक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डिजिटल तकनीक परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। बेसिक स्कूलों में भी अब बच्चे ऑफलाइन पढ़ाई के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा से जुड़ रहे हैं।

जिले के 1792 बेसिक स्कूलों में करीब 2000 व्हाट्सएप ग्रुप संचालित किए जा रहे हैं। इनके जरिए बच्चों और अभिभावकों को सीधे पठन-पाठन से जोड़ा गया है। इनमें करीब 18000 अभिभावक जुड़े हैं। ग्रुप के एडमिन विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैं। तकनीक के जरिए ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक पहुंच बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से यह योजना बनाई गई है। इन ग्रुपों में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, योग, व्यायाम, संगीत और कहानियां और फन गेम के जरिए बच्चों को गर्मी की

**बच्चे ऑफलाइन पढ़ाई के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा से जुड़ रहे**

छुट्टियों का होमवर्क कराया जाएगा। साथ ही शिक्षक ग्रुप पर ही अभिभावकों से फीडबैक भी लेंगे। बीते दिनों महानिदेशक बेसिक शिक्षा की ओर से गर्मी की छुट्टियों में भी बच्चों को पठन-पाठन से जोड़े रखने के लिए निर्देश जारी किए गए थे। इसी के तहत शिक्षकों ने व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर इस पर काम शुरू किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि छुट्टियों में बच्चों को पढ़ाने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप आसान तरीका है। वहीं, अभिभावक इसे गंभीरता से नहीं ले रहे। शिक्षकों का कहना है कि ज्यादातर अभिभावक मैसेज ही नहीं देखते हैं। इससे बच्चों को पता ही नहीं चल पाता है कि उन्हें क्या होमवर्क दिया गया है। इसके लिए समय-समय पर अभिभावकों को कॉल की जा रही है।

## सार-संक्षेप



थर्मल प्रिंटर वितरित करते प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव। अमृत विचार

### मंडल के 350 डाकघरों में प्रिंटर वितरित, स्पीड पोस्ट सेवा की शुरू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने मंडल के शुक्रवार को 350 से अधिक शाखा डाकघरों को थर्मल प्रिंटर वितरित कर रजिस्ट्री स्पीड पोस्टसेवा की शुरुआत की। उन्होंने डाक कर्मियों में उत्साह का संचार करते हुए कहा कि इससे गांव गांव के डाकघरों में रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, तथा पीएलआई की सुविधा सुलभ होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी के अच्छे आचरण एवं मेहनत से आज भी डाक विभाग के प्रति आम जनमानस का विश्वास एवं अच्छी छवि बनी हुई है, इसे कायम रखने का दायित्व हमरा है। इस दौरान निरीक्षक हरिमोहन सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, शाखा प्रबंधक चेतन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### सड़क पर पड़ी केबल से हो सकता बड़ा हादसा



मवई चौराहे से पटरंगा जाने वाले मार्ग पर पड़ी केबल। अमृत विचार

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रूदौली तहसील क्षेत्र के मवई चौराहा स्थित पटरंगा मार्ग पर इंटरनेट केबल बीच सड़क पर लगभग एक सप्ताह से पड़ी हुई है। इसकी चपेट में आकर रोज दो पहिया वाहन चालक फिसल कर गिर रहे हैं। क्षेत्र निवासी महेश चंद्र गुप्ता, सर्वेश मिश्रा, राजेश शर्मा, साकिब, रामदेव यादव आदि लोगों ने बताया एक सप्ताह से अधिक हो गया इंटरनेट केबल बीच सड़क पर पड़ी हुई है। उप जिलाधिकारी रुदौली अंशिका दीक्षित ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजकर केबल हटवाई जाएगी।

### चोरी के आरोपी का शांति भंग में चालान

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के ग्राम ढेमवा निवासी एक युवक के घर में चोरी की नियत से घुसे आरोपी को घर वालों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान शांति भंग में कर इति श्री कर लिया। पीड़ित राम रामऔतार व मनोज कुमार ने मामले की शिकायत पुलिस महानिरीक्षक से करते हुए न्याय की गुहार की है। थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया मामले की अभी पड़ताल चल रही है। घटना सत्य साबित हुई तो आरोपी को जेल भी भेजा जाएगा।

**सूरत-ए-हाल**

**शैक्षिक सत्र 2024-25 में माध्यमिक विद्यालयों में जोड़े गए हैं नौ खेल, जुलाई से होना है प्रशिक्षण**

# नए खेलों की जानकारी नहीं, कैसे कराए प्रशिक्षण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शैक्षिक सत्र 2024-25 में खेल प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम शुरू किया और नौ नए खेलों को शामिल किया गया है। कुछ खेल तो ऐसे हैं जिनका नाम विद्यार्थियों और खेल शिक्षकों ने कभी सुना नहीं। ऐसे में इन खेलों का हिस्सा विद्यार्थी कैसे बन पाएंगे यह बड़ा सवाल है।

जिले में 28 राजकीय, 50 अनुदानित, वित्त विहीन 366 कुल 444 माध्यमिक विद्यालय हैं। कुछ कॉलेजों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश में व्यायाम शिक्षक कार्यरत हैं। एक अप्रैल से शुरू हुए नए शैक्षिक सत्र 2024-25 में माध्यमिक शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों में खेल को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। इस बार खेल सूची में नौ नए खेलों को शामिल किया गया है। शतरंज के साथ ही गतका, कलारीपयट्टू, थांगता जैसे खेलों को शामिल किया गया है। विद्यालयों में तैनात अधिकांश व्यायाम शिक्षकों को गतका, कलारीपयट्टू, थांगता खेल के बारे में जानकारी ही नहीं है।

सप्ताह में एक बार आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता में इन खेलों के आयोजन को लेकर शिक्षक परेशान है। ऑनलाइन खेल को सर्च करने की कोशिश की जा रही है। साथियों से नए खेल के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। मगर, इन खेलों का प्रशिक्षण न होने के कारण व्यायाम शिक्षक इन नए खेलों को संचालित नहीं कर पाएंगे।

**इन खेलों को किया शामिल**

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शतरंज, थांगता, गतका, कलारीपयट्टू, जिम्नास्टिक, लॉन टेनिस, तीरंदाजी, जूडो व सॉफ्ट बॉल खेल को शामिल किया है। सभी खेलों का प्रशिक्षण जुलाई माह से सप्ताह में एक बार दिए जाने का निर्देश दिया गया है।

**महत्वपूर्ण जोड़े गए खेल**

**थांगता :** यह मणिपुर राज्य का मार्शल आर्ट खेल है। तलवार, भाले और ढाल के साथ खेले जाने वाला यह खेल आत्मरक्षा और युद्ध कला की पारंपरिक गतिविधि है।

**कलारीपयटू :** यह केरल के मार्शल आर्ट का नाम है। यह लाठी और चाकू चलाने में महारत हासिल करने वाला खेल है। यह व्यक्तिगत युद्ध परीक्षण की एक प्रणाली है।

**गतका :** इसे गुरुमुखी और शाहमुखी से नाम से भी जाना जाता है। यह लाठी लड़ाई की एक मार्शल आर्ट शैली है। पंजाब में इसका प्रशिक्षण दिया जाता है।

> खेल को बढ़ावा देने के लिए नौ नए खेल जोड़े गए हैं। सप्ताह में एक बार खेल गतिविधियां विद्यालय में आयोजित करने का आदेश दिया गया है। कुछ खेलों के नाम नए हैं। स्टेडियम में संपर्क कर व्यायाम शिक्षकों को नए खेलों का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। उसके बाद विद्यालयों में इन खेलों की गतिविधियां होंगी। – **डॉ. राजेश कुमार आर्या, डीआईओएस**

## बच्चों हो जाओ तैयार, आपके स्कूल में लगेंगे समर कैंप

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर गर्मी की छुट्टियों में परिषदीय स्कूलों के बच्चों को तरह-तरह की गतिविधियों से जोड़ने के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें न सिर्फ बच्चों को खुशनुमा माहौल दिया जायेगा। बल्कि उन्हें कई नई बातें भी सिखाई जाएंगी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि 29 में से 5 जून तक आयोजित होने वाले समर कैंप के लिए प्रत्येक विकासखंड से एक स्कूल का चयन किया गया है। इन समर कैंप में बच्चों को चित्रकला, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग सिखाई जायेगी। बच्चों को विज्ञान से जुड़े प्रयोग, कहानी सुनाना, निबंध लिखना, किताब बनाना, क्विज कंपटीशन, अभिनय, अखबार पढ़ना जैसी चीजें सिखाई जाएंगी। खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। बच्चों को गीत संगीत की भी शिक्षा दिए जाने की योजना तैयार की गई है।

# सुलतानपुर में दिलचस्प हुआ चुनाव, त्रिकोणीय मुकाबले के बन रहे आसार

## जातीय समीकरण ने गायब किए विकास के मुद्दे, भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी खुद को मान रहे मजबूत

मनोज कुमार मिश्र, सुलातानपुर

**अमृत विचार**: कुशनगरी का चुनाव दिलचस्प हो गया है। यहां त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम समय में कोई भी विकास का मुद्दा नहीं रहा। जातिगत वोटों के ध्रुवीकरण में तीनों प्रमुख पार्टियां लगी रही। अब देखना दिलचस्प होगा कि लगातार दो बार जीत दर्ज कर चुकी भाजपा का विजय रथ रोकने को इंडी गठबंधन का जातिगत गणित कितना काम करता है। बसपा अपने कैडर वोटों के बल पर खुद को विजयी मान रहा है।

शनिवार को लोकतंत्र के महापर्व का उत्सव है। लोकसभा के चुनाव में सुलतानपुर सीट से वर्तमान सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। सपा ने प्रदेश सरकार में मंत्री रहे रामभुआल निषाद को चुनाव मैदान में उतारा है। इस चुनाव में इन दो पूर्व मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर है। वहीं, बसपा ने उदराज वर्मा को टिकट दिया है। सपा-बसपा ने इस बार भाजपा के एकमुश्त वोट माने जाने वाले कुर्मी व निषाद बिरादरी के मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए जातिगत समीकरण साधने के लिए प्रत्याशी दिए हैं।

बसपा का मानना है कि दलित-मुस्लिम और कुर्मी वोटों के साथ आने से लड़ाई मजबूत होगी। सपा भी मुस्लिम, यादव, निषाद वोटों जरिए मुख्य लड़ाई में रहना चाहती है। हालांकि, भाजपा सभी जातियों के बीच जाकर उनका सहयोग व समर्थन चाह रही है। उल्लेखनीय कि चुनाव प्रचार के दौरान लाभार्थी वर्ग को साधने में भाजपा प्रत्याशी व संगठन लगा रहा। विभिन्न योजनाओं को लेकर घर-घर तक पहुंचकर पक्ष में वोट मांगते थे। लेकिन, चुनाव तिथि नजदीक आते-आते सारे विकास के दावे खोखले होते गए और चुनाव जातिगत नजर आने लगा। भाजपा और सपा निषाद वोटरों को साधने में लग गई। शुक्रवार को दिन भर पार्टी प्रत्याशी, समर्थक अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे रहे। इस बार सोशल मीडिया को भी प्रचार का हथियार बनाया गया।



मेनका संजय गांधी राम भुआल निषाद उदराज वर्मा

### सुलतानपुर लोकसभा

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | -18,52,912 |
| पुरुष मतदाता | -9,64,401 |
| महिला मतदाता | -8,88,445 |
| थर्ड जेंडर | -66 |
| नव मतदाता | -24,348 |

### 2019 में 58.1% पड़ा था वोट

2019 लोकसभा चुनाव में कुल 58.1 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। इस चुनाव में कुल 17,39,538 मत पड़े थे। इसमें 9,11,087 पुरुष, 8,28,387 महिलाओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। इस चुनाव में 9,771 वोट नोटा को पड़े थे। वहीं, 2014 के लोकसभा चुनाव में 56.6 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस चुनाव में भी 5,412 मत प्राप्त हुए थे। इस बार थोड़ी सी मेहनत की जाए तो 60 प्रतिशत के ऊपर मतदान हो सकता है।

### वरुण का नहीं दिखा असर!

भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के समर्थन में प्रचार के अंतिम दिन गुरुवार को उनके पुत्र वरुण गांधी माहौल बनाने पहुंचे थे। ताबड़तोड़ आधा दर्जन से अधिक नुक्कड़ सभाओं को उन्होंने संबोधित किया था। इस दौरान वरुण गांधी ने यह कहकर जाति आधारित राजनीति करने वाली पार्टियों की घेराबंदी की कि जातिगत राजनीति से किसी का भला होने नहीं है। फिर भी सपा की चाल के चलते उनकी उन 11 स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं कराई गई, जहां निषाद या फिर पिछड़ी जाति के वोटरों की संख्या अधिक है।

### अब तक निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | एमए काजिमी | कांग्रेस |
| 1957 | गोविंद मालवीय | कांग्रेस |
| 1961 | गनपत सहाय (उच्) | निर्दलीय |
| 1962 | कुंवर कृष्ण वर्मा | कांग्रेस |
| 1967 | गनपत सहाय | कांग्रेस |
| 1969– | पं. श्रीपति मिश्र (उच्) | भाक्रांद |
| 1971 | केदारनाथ सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | जुल्फिकारुल्ला | जनता पार्टी |
| 1980 | गिरिराज सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राजकरन सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | राम सिंह | जनता दल |
| 1991 | विश्वनाथ दास शास्त्री | भाजपा |
| 1996 | डीबी राय | भाजपा |
| 1998 | डीबी राय | भाजपा |
| 1999 | जयभद्र सिंह | बसपा |
| 2004 | ताहिर खान | बसपा |
| 2009 | डा. संजय सिंह | कांग्रेस |
| 2014 | वरुण गांधी | भाजपा |
| 2019 | मेनका गांधी | भाजपा |

## एक नजर

### चिकित्सक हत्याकांड में नहीं हो सकी गवाही

**सुलतानपुर, अमृत विचार** : शहर के शास्त्री नगर में संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में सेशन जज जेपी पांडेय की कोर्ट में शुक्रवार को भी गवाही शुरू नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 31 मई की तारीख की है। हत्याकांड में आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर कोर्ट ने सामान्य आशय से हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और दहशत फैलाने के आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए आरोप तय हो चुके है। केस अभियोजन साक्ष्य में चल रहा है।

### जानलेवा हमले के आरोपी की जमानत खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र गौरीगंज के माधवपुर में दो माह पूर्व रंजिशन घर में घुसकर उदयभान पर जानलेवा हमला करने के आरोपी हीरालाल की जमानत न्यायाधीश संतोष कुमार ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी है। गांव के तेजभान सिंह ने भाई उदयराज, मिथलेश, प्रीति सिंह पर हमला करने के आरोप में 12 मार्च की हुई घटना में केस दर्ज कराया था। हमले में मिथिलेश, उदयभान, प्रीति सिंह के सिर पर गंभीर चोट आने से लखनऊ रेफर किया गया था। वही इसी मामले में आरोपी हीरालाल की पत्नी ने पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### कोर्ट से दुराचार के आरोपी को मिली जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचार** : गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन साल पूर्व युवती से दुराचार करने, अपमानित करने और धमकी के मामले में विरोधाभासी बयानों के कारण न्यायाधीश जेपी पांडेय ने आरोपी दिनेश को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। बचाव पक्ष से लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ तारकेश्वर सिंह व अंजलि ने बताया आरोपी 28 जून 2021 को दर्ज हुए केस के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। मुकदमे में पुलिस और मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए पीड़िता के बयानों में भिन्नता पाई गई है। कोर्ट ने साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर जेल में बन्द आरोपी दिनेश की रिहाई का आदेश दिया है।

### कोर्ट फीस स्टांप ऑनलाइन न होने से परेशानी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार** : तहसील कादीपुर में ई स्टांप की व्यवस्था तो है लेकिन कोर्ट फीस का स्टांप अभी ऑनलाइन नहीं मिलता। जिसके कारण वादकारियों को समस्या होती है। कोर्ट फीस के लिए भी ई स्टांप जारी होने लगे और उसे कोर्ट में दाखिल करने की सुविधा मिलने लगे तो लोगों को आसानी होगी।

# लोकतंत्र के पावन यज्ञ में आज हम सब डालेंगे आहुति

## मतदान केंद्रों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, आज सात बजे से शुरू होगा मतदान, अमहट मंडी परिषद से दिन भर रवाना होते रहीं पोलिंग पार्टियां

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार**: हम सब पढ़ते-सुनते आए हैं कि जनता द्वारा, जनता के लिए जनता का शासन। यही लोकतंत्र की खूबसूरती है और उसकी ताकत भी। लोकतंत्र के ढांचे को और मजबूत करने के मकसद से जिले में छठे चरण में शनिवार को लोकसभा चुनाव होगा। इस बार हम सबको थोड़ी मेहनत करके मतदान प्रतिशत 60 प्रतिशत के ऊपर पहुंचाना होगा।

शुक्रवार की सुबह से ही अधिकारियों की आमद मंडी समिति व केन्द्रीय विद्यालय अमहट में हुई। वही मतदान कार्मिक भी पहुंच गए थे। सुबह से ही डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना, एसपी सोमेन बर्मा व सीडीओ अंकुर कौशिक भी पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल का निरीक्षण करते रहे। 187 इसौली, 188 सुलतानपुर विधान सभा की पोलिंग पार्टियां नवीन मंडी से रवाना हुई। 89 सदर, 190 लंभुआ, 191 कादीपुर की पोलिंग पार्टियां केन्द्रीय विद्यालय अमहट से रवाना हुई।

### ड्यूटी कटवाने को परेशान दिखे कई कार्मिक

पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए हर विधानसभा स्तर पर 19 पोलिंग पार्टियों के लिए बूथ बने थे। साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टियों की उपस्थिति व रवाना करने करने की जिम्मेदारी थी। ड्यूटी कटवाने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेटो से जुगाड़ लगाते रहे। रिजर्व मतदान कार्मिकों को ड्यूटी लगा उन्हें रिलीव कर दिया।



रवानगी स्थल पर निरीक्षण करने पहुंचीं डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना।



मंडी परिषद से बूथों को जाती पोलिंग पार्टी। अमृत विचार

### भूखे रहे वाहन चालक

पोलिंग पार्टियों को बूथ तक ले जाने के लिए प्रशासन ने निजी बसों को अधिग्रहित किया है। निजी बसों के चालक वाहन लेकर गुरुवार को आ गए थे। गुरुवार की रात उन्हें भोजन प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया गया। वहीं शुक्रवार को चालकों को न तो नाश्ता मिला न ही भोजन। बाहर से चालक कुछ नाश्ता कर भूखे पेट पोलिंग पार्टियों को लेकर रवाना हो गए।

### वोटर्स इन विकल्पों को दिखाकर दे सकते हैं वोट

यदि आपके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं होगा तो कई अन्य पहचान पत्र दिखाकर मतदान कर सकते हैं। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र या राज्य सरकार द्वारा संचालित कंपनियों के कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी किया गया स्मार्ट काड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, तस्वीर के साथ पेंशन दस्तावेज, चुनाव मशीनरी द्वारा जारी की गई प्रमाणित फोटोयुक्त मतदाता पर्ची, सांसदों या विधायकों को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र, आधार कार्ड आदि दिखाकर वोट डाला जा सकता है।

# मतदान केंद्रों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार**: विकासखंड धनपतगंज अंतर्गत वर्तमान लोकसभा चुनाव 2024 में कल होने वाले चुनाव को लेकर तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। क्षेत्र के 142 मतदान केंद्रों पर सुबह निर्धारित समय पर लगभग एक लाख पच्चीस हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसके लिए मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी पहुंच चुकी हैं।

सरैया माफी बूथ संख्या 91, 92 महिला मतदाता पुरुषों की अपेक्षा अधिक होने के कारण सरैया माफी बूथ संख्या 91,92 को पिंक बूथ बनाया गया है। जिस पर सिर्फ महिला मतदाता ही अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। इस बूथ को पिंक कलर में रंग रोगन कर पहचान दी गयी है। इसी के साथ देहली बाजार बूथ संख्या 72 का मॉडल बूथ बनाया गया है। जहां विशेष सुरक्षा के साथ सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है।



विनगी बूथ संख्या 146, 145 पर पहुंची पोलिंग पार्टी। अमृत विचार

### 9040 कर्मी कराएंगे मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने बताया कि 1991 पोलिंग पार्टियों में कुल 9040 मतदान कर्मी हैं। जिन्हें 450 बसों व 700 हल्के वाहनों से मतदान केंद्रों तक भेजा गया है। कुछ वाहनों को रिजर्व में भी रखा गया है। जिले में कुल 18 मॉडल बूथ बनाए गए हैं। जिन पर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया है।

# जिले में बनाए गए 15 मॉडल मतदेय स्थल

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार**: इस बार लोकसभा क्षेत्र में कुल 15 मतदेय स्थलों को मॉडल बनाया गया है। हर विधानसभा क्षेत्र से तीन मतदेय स्थलों को मॉडल के तौर पर रखा गया है। यहां पर मतदान करने के लिए आने वाले वोटरों को कुछ विशेष सहूलियतें दी जायेगी।

जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार मॉडल बनाए गए मतदेय स्थलों में से इसौली विधानसभा क्षेत्र से मतदेय स्थल संख्या 122, 123 व 124 जूनियर हाईस्कूल देहली रूम नं. एक को शामिल किया गया है। वहीं सुलतानपुर विधानसभा क्षेत्र से ग्राम पंचायत सचिवालय पंचायत भवन सौरमऊ रूम नं. एक व दो तथा नगर पालिका भवन सुलतानपुर रूम नं. दो को शामिल किया गया है। सदर विधानसभा क्षेत्र से प्रा. विद्यालय खरगपुर रूम नं. 01, प्रा. विद्यालय उपाध्यायपुर रूम नं. 01, प्रा. विद्यालय गोपालपुर रूम नं. 01 को लिया गया है। लंभुआ विधानसभा क्षेत्र से पूर्व माध्यमिक विद्यालय पखरौली रूम नं. 01, प्रा. क विद्यालय चौकिया नया भवन रूम नं. 01, प्रा. विद्यालय मुरली रूम नं. 01 को शामिल किया गया है। वहीं कादीपुर विधानसभा क्षेत्र से जिन मतदेय स्थलों को मॉडल का दर्जा दिया गया है, उनमें प्रा . विद्यालय कटघरा नरायनपुर रूम नं. 01 है।

# चुनाव ड्यूटी कराने आए मेरठ के होमगार्ड की मौत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार**: कोतवाली देहात के अहिमाने के पास स्थित महर्षि विद्या मंदिर मे रुके चुनावी ड्यूटी में आए मेरठ जिले के एक होमगार्ड जवान की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी है। रात में तबीयत खराब होने से मौत की बात सामने आई है, जिसकी सूचना परिवारजनों को दी गयी है।

लोकसभा चुनाव ड्यूटी में आए मेरठ जिले के एक होमगार्ड जवान की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी है। मृतक होमगार्ड जवान की पहचान पवन कुमार के रूप मे हुई है जो पश्चिमी यूपी के मेरठ जिले का निवासी है। देहात कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे किनारे महर्षि विद्या मंदिर में तीन दिन पहले आए सुरक्षा कर्मियों की टोली रुकी है, जिसमें पवन कुमार भी मौजूद था। गुरुवार की रात में अचानक पवन कुमार की तबियत खराब होने के बाद उल्टी होने लगी तथा वह बेहोश हो गया। जिससे संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी थोड़ी देर में मौत हो गयी है। मेरठ जिला निवासी होमगार्ड जवान पवन कुमार की मौत से पुलिस व प्रशासन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। जवान की मौत की जानकारी पुलिस द्वारा उसके घर परिजनों को दी गयी है। देहात कोतवाल ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी।

# भाजपा नेता की सड़क दुर्घटना में मौत

- चार पहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर

कूरेभार, सुलतानपुर

**अमृत विचार**: थाना क्षेत्र में बाइक सवार एक भाजपा नेता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मियांगंज पटना चौराहा के पास शुक्रवार को भोर लगभग 3.30 बजे एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की ठोकर से बाइक सवार भाजपा नेता गंभीर रूप से घायल हुए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी भिजवाया। जहां उन्हें चिकित्सक ने मृत घोषित किया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

धनपतगंज थाना के दुबे का पुरवा मजरे पुरखीपुर निवासी उमेश चंद्र दुबे (55) पुत्र स्व. राम सुख दूबे भाजपा किसान मोर्चा धनपतगंज मंडल अध्यक्ष थे। उनके 17 दिवसीय नाती का लखनऊ के एक सरकारी अस्पताल में मौत हो गई थी, उसका अंतिम संस्कार गुरुवार की सायं गांव में किया गया था। इस घटना को जानकार उनका साला उनके घर आ रहा था, जिसे लेने के लिए वे अपनी बाइक से भोर वह कूरेभार बाइक से निकले थे। वह मियागंज (पटना चौराहा) के पास पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्र ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, अभी परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।



कूरेभार में रोते–बिलखते परिजन। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### अभय मिस्टर व कहकशां अंसारी बनीं मिस फेयरवेल

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार** : राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय ने शुक्रवार को संगोष्ठी कक्ष में स्नातक विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया। जिसमें बीकॉम के अभय मिस्टर व इसी कक्षा की कहकशां अंसारी मिस फेयरवेल चुनी गईं। मां सरस्वती, राणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर शिक्षकों तथा सहपाठियों का स्वागत किया। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो . दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि वाणिज्य का क्षेत्र बहुत विस्तृत है। इसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। संचालन ऐश्वर्या, वैष्णवी व शिवांशी ने किया। स्वागत असिस्टेंट प्रो . डॉ ओम भास्कर सिंह व आभार ज्ञापन संकायाध्यक्ष डॉ विवेक सिंह ने किया। समारोह में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रमाकांत तिवारी, डॉ . बृजेश प्रताप सिंह व यशस्वी प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय की पूर्व छात्रा रूपाली सिंह व खुशबू नाज उपस्थित रहीं। समारोह में उपस्थित शिक्षकों व विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।




राणा प्रताप महाविद्यालय में फेयरवेल पार्टी।

### छह आरोपियों पर केस दर्ज करने का आदेश

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : थानाक्षेत्र गोसाईगंज के पकड़ीपुर कसमऊ गांव के वसीद अहमद पर रंजिशन मारपीट, जान से मारने की धमकी व बोलेरो से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित सिंह ने छह आरोपियों के खिलाफ थानाध्यक्ष गोसाईगंज को मुकदमा दर्ज कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की एक प्रति तीन दिन के भीतर अदालत में भजने का आदेश दिया है। थानाक्षेत्र के पकड़ीपुर कसमऊ निवासी मोहम्मद दानिश ने आरोप लगाया है कि मुकदमें में गवाही देने की रंजिशन इनायतपुर गांव के नफीस, तसरीफ, मोईद व पकड़ीपुर गांव के दानिश, कामरान, व खरसोमा निवासी आसिफ ने बीती 22 तारीख को बाइक से जा रहे उसके पिता को बोलेरो से टक्कर मारकर गिरा दिया तथा कट्टे की बट व लात मूको से मारकर गंभीर चोटें पहुंचाकर मुकदमे में गवाही देने पर हत्या की धमकी दी । थाने व एसपी के यहां से कारवाई न होने पर कोर्ट ने अर्जी पर संज्ञान लेते हुए केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

### करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार** : स्थानीय थाना क्षेत्र के वैदहा सुकरैया गांव निवासी जगेसर( 50 ) पुत्र लहूरी शुक्रवार सुबह नौ बजे अपने कच्ची दीवार पर मिट्टी की पटाई कर रहे थे। इस बीच दीवार के ऊपर से गुजरे बिजली की कटी केबल की चपेट में आ गया। जिससे वह झुलसकर जमीन पर गिर पड़े। परिजन आनन फानन में उसे मेडिकल कालेज सुल्तानपुर ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक चार पुत्र और पुत्रियां है। जिनमें से दो की शादी हो चुकी है। जगेसर की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया की घटना की जानकारी है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार** : शुक्रवार को चांदा थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर निवासी 55 वर्षीय इदरीश अपने मोटर साइकिल से घर के लिए लंभुआ बाजार से सामान लाने जा रहा था। वह लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बेदूपारा गांव के निकट लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचा ही था की अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिर गया। शरीर पर गंभीर चोट होने के कारण दुर्घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना होते ही आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्र ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है और दुर्घटना कारित करने वाले वाहन की पुलिस तलाश कर रही है। उधर घर वाले भी सूचना पाते ही दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए।

### करुणेश नोटरी नामित

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार** : तहसील कादीपुर के अधिवक्ता करुणेश पाठक को भारत सरकार ने नोटरी नामित किया है। उनके नामित होने पर अवनीश सिंह, संजय सिंह, इंद्रेश तिवारी, लालचंद शुक्ल सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### बाइक की ठोकर से घायल बच्चे की मौत

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार** : थाना के क्षेत्र अमरुपुर गांव निवासी सिराज का चार वर्षीय पुत्र अनस को शुकुल उमरी निवासी सभाजीत की बाइक से ठोकर लग गई। हादसे में सभाजीत और अनस भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। स्थानीय लोगों दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले गए। जहां गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। लेकिन अनस की हालत अधिक गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही अनस की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अनस के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिया भेज दिया गया है। तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है।

## लोकसभा चुनाव

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने में जुटा है प्रशासनिक अमला, अधिकारियों व कर्मचारियों ने जमकर पसीना बहाया

# हेलो! मैं एसडीएम बोल रहा हूं, आपको मतदाता पर्ची मिली कि नहीं

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार**: घटते मतदान प्रतिशत को लेकर चिंतित निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की बड़ी कवायद की है। जिसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों ने जमकर पसीना बहाया है। वही स्कूल और कॉलेजों में मतदाता जागरूकता के लिए रैली, प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक भी किया गया। मतदान केन्द्र तक पहुंचने में असमर्थ बुजुर्गों व दिव्यांगों का घर घर जा कर पोस्टल बैलेट से मतदान कराया है। चुनाव ड्यूटी में लगी बीएलओ मतदाताओं से मिल कर उनकी निर्वाचन की पर्ची घर जाकर देते हुए मतदान के लिए प्रेरित कर रही है। एसडीएम अन्य कर्मचारियों से इसकी जांच पड़ताल कराते हुए स्वयं फोन कर हकीकत जान रहें हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को फोन कर उन्हे मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं चुनावी शोर बंद होने के बाद आयोग की गाड़ियां क्षेत्रों में लोगो को मतदान के लिए प्रेरित कर रही है।

### बुजुर्ग व दिव्यांगों ने घर पर किया मतदान

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निर्वाचन आयोग ने विधान सभा स्तर पर 85 प्लस बुर्जुग व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगों को चिन्हित कराया। इस दौरान 85 प्लस के 445 मतदाता तो 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगों की संख्या 298 मिली। जिले की पांचों विधानसभा में 105 कार्मिकों की 35 टीम बना घर घर जा कर चार दिन मतदान कराया था। वहीं, निर्वाचन में लगे कार्मिकों का भी पोस्टल बैलेट से मतदान कराया गया।

### चुनाव में लगे वाहन चालकों का नहीं कराया गया मतदान

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चिंहित 743 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओ के लिए 105 कार्मिक 35 टीमों में चार दिनों तक घर घर गए। तब भी पूरा मतदान नहीं करा पाएं। वही पोलिंग पार्टियों को बूथ तक छोड़ने व मतदान के बाद उन्हें वापस लाने चुनाव में लगे अधिकारियों के वाहनों के चालक मतदान से वंचित हो रहे हैं। जिनकी संख्या पांच हजार से अधिक है। 743 मतदाताओं के लिए घर घर टीम गई वही दो दिन वाहन के साथ खड़े चालकों से पोस्टल बैलेट से मतदान कराना आयोग उचित नहीं समझा। आयोग की पहल पर इस बार कितना मतदान प्रतिशत बढ़ा है, शनिवार शाम स्पष्ट हो जायेगा।

### मतदाता पहचान पत्र में गड़बड़ी से वोट देने से वंचित हो सकते हैं दो भाई

**कादीपुर, सुलतानपुर** : मामला कादीपुर विधानसभा के भाग संख्या 100 प्राथमिक विद्यालय कादीपुर कला बूथ का है। इस बूथ के एक मतदाता को मतदाता फोटो पहचान पत्र संख्या एक्सवीयू 3350352 जारी हुआ है। जिसमें एक भाई की फोटो दूसरे भाई का नाम और पिता की जगह तीसरे भाई का नाम लिखा है। कादीपुर नगर के विक्रम भवन ,शाहगंज रोड निवासी वरिष्ठ साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह जटायु के तीन पुत्र हैं। बड़े पुत्र ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। मझले पुत्र ध्यानेंद्र विक्रम सिंह युवा साधक और आध्यात्मिक मामलों के जानकार हैं तथा छोटे पुत्र मानवेंद्र विक्रम सिंह बंगलौर की एक कंपनी में सहायक निदेशक हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की सुबह बीएलओ के प्रतिनिधि ने जब मतदाता पर्ची के साथ मतदाता पहचान पत्र उन्हें सौंपा तो उसे देखकर वह हैरान रह गये। निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों की लापरवाही से परिवार के दो सदस्य मतदान से वंचित रह जायेंगे। बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराई गई मतदाता पर्ची और मतदाता पहचान पत्र के अनुसार मतदाता क्रमांक 1042 और 1043 पर एक ही नाम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह अंकित है। दोनों ही जगह पिता के नाम पर छोटे भाई मानवेंद्र विक्रम सिंह का नाम लिख दिया गया है। मतदाता संख्या 1042 का जो मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है उससे साफ जाहिर होता है कि आयोग के कर्मचारियों ने एक गंभीर राष्ट्रीय कार्यक्रम का मजाक बना दिया है। इसमें फोटो मझले भाई ध्यानेन्द्र विक्रम सिंह की लगी है नाम बड़े भाई ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह का लिखा है और पिता के नाम की जगह छोटे भाई मानवेन्द्र विक्रम सिंह का नाम दर्ज है।

# विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**विदाई समारोह**

**राजर्षि रणंजय सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फेयरवेल का हुआ आयोजन**

संतकबीरनगर, अमेठी

**अमृत विचार।** राजर्षि रणंजय सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शुक्रवार को बी.फार्मा व डी.फार्मा अंतिम वर्ष के छात्र- छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान छात्र- छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डॉअनूप मैती द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया।

कॉलेज परिसर हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डा. अनूप मैती ने पास आउट बैच को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । संस्थान के शिक्षकगणों डॉ. जयदेव पांडे, डॉ. धर्मेंद्र कुमार ओझा, डॉ. विनय कुमार पाठक, डॉ. सादिक अली, अमरजीत राम, विजयेंद्र पांडे, अनुराग पांडे आदि ने छात्र-छात्राओं को सफलता के पथ पर आगे बढने और अनुशासन में रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने कॉलेज में एक दूसरे के साथ गुजारे पलों को याद किया। इस दौरान छात्र- छात्राओं ने नृत्य, भाषण और नाटिका प्रस्तुत कर सबका मनोरंजन किया।



कार्यक्रम का शुरूआत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करतीं डीएम। अमृत विचार

**अमेठी ,अमृत विचार।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में बनाये गये स्ट्रांग रूम के आउटर कार्डन का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी में तैनात अधिकारी कर्मचारीगण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के संबन्ध में दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम सहित अन्य अधिकारी ,कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बैंकों की सुरक्षा के लिए अलर्ट रही अमेठी पुलिस

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार ।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत श्रेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की तिलोई शाखा, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा की मुसाफिरखाना शाखा एवं जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई ।

बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी । बैंक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये हैं ।





बैंकों का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### सीओ ने बैंक में चलाया चेकिंग अभियान

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार ।** मुसाफ़िरखाना कस्बा के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा व एटीएम मुसाफ़िरखाना में सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी मुसाफ़िरखाना अतुल सिंह ने शुक्रवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्धों से पूछताछ की गई। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफ़िरखाना अतुल सिंह कस्बे के बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा मुसाफ़िरखाना में चेकिंग करने पहुँच गए और सुरक्षा आदि का बारीकी से जायजा लिया।बैंक के आस पास मौजूद सन्दिग्ध लोगो से क्षेत्राधिकारी ने पूछताछ की।उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को ड्यूटी के दौरान अलर्ट रहने के निर्देश दिये।

**एक नजर**

### अमेठी के छात्र शुभम का आईआईएमसी में चयन

**अमेठी, अमृत विचार।** प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान आईआईएमसी में पीपरपुर जनपद अमेठी के छात्र शुभम कसौधन का ऑल इण्डिया रैक 597 पर चयन हुआ है। इससे परिजनों और क्षेत्र के लोगों में ख़ुशी का माहौल हैं, शुभम कसौधन ग्राम पीपरपुर ब्लाक भादर तहसील व जिला अमेठी उत्तर प्रदेश के निवासी हैं माँ उषा देवी गृहणी एवं पिता संतोष कसौधन बर्तन व्यवसायी हैं पुरे परिवार समेत माँ का विशेष योगदान रहा। भारतीय जनसंचार संस्थान आईआई एम सी सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित है। जो विश्वभर में दिग्गज पत्रकार देने के लिए जाना जाता हैं।

### दुर्घटना में महिला सहित दो बच्चे घायल

**मुसाफिरखाना ,अमेठी।** शहीद भाले सुलतान थाना क्षेत्र के खौंपुर के पास मो आकिब निवासी बलभद्र पुर थाना क्षेत्र जामो मोटर साइकिल से अपनी भाभी तरन्नुम बानो व दो बच्चों साथ कहीं जा रहे थे, जहाँ खौंपुर के पास बने ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित हो गई और भाभी दोनों बच्चों सहित गिर गयी।जिसे आसपास के लोगों की मदद से स्थानीय अस्पताल पहुँचाया गया। जहाँ पर प्राथमिक उपचार के उपरांत उन्हें ट्रामा के लिए रेफर कर दिया। किन्तु परिवारजनों ने उन्हें सूर्या अस्पताल में भर्ती करा दिया है जहाँ उनका इलाज चल रहा है।

# भीषण गर्मी में लोगों को रुला रही अघोषित विद्युत कटौती

## जेई बोले- चल रहा इमरजेंसी शेड्यूल, इसमें रोस्टर का समय नहीं

संवाददाता, शुकुल बाजार,अमेठी

**अमृत विचार ।** एक और जहां गर्मी बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर विद्युत कटौती भी लोगों को रुला रही है । ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की दशा अभी से खराब होने लगी है गांव में बिजली आने का कोई समय नहीं है।

अधिकांश समय लोकल फाल्ट के चलते खराबी बनी ही रहती है चुनाव में जहां तमाम नेता लंबे चौड़े वादे कर रहे हैं वही बिजली समस्या को दुरूस्त करने की कोई भी आवश्यकता नहीं समझ रहा है

इन दिनों जिले का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आस पास पहुंच रहा है बढ़ रही गर्मी में बिजली की मांग भी बढ़ रही है लेकिन बिजली की मांग बढ़ने के साथ विद्युत आपूर्ति की समस्या लोगों के सामने बढ़ती जा रही कस्बा शुकुल बाजार से लेकर गांवों में बिजली कुछ ही घंटे ही पहुंच रही है। जेई अश्वनी यादव ने कहा इमरजेंसी शेड्यूल चल रही है यह ऊपर से ही है इसमें कोई रोस्टर का समय नहीं बनाया गया है।



पावर हाउस की सांकेतिक फोटो। अमृत विचार

### इनवर्टर चार्ज करने भर को भी नहीं मिल रही बिजली

सरकार करोड़ों रुपए प्रति वर्ष विद्युत आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था में लग रही है लेकिन इसका लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में इतनी विद्युत नहीं आती है कि लोगों के इनवर्टर चार्ज हो सके गर्मी के मौसम में तेज हवाएं आंधी चलने से अक्सरविद्युत तार वह पोल टूट जाते हैं जो सप्ताह भर पड़े रहते हैं सरकार ने बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए तमाम प्रयास किए हैं लेकिन जनता को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### जनप्रतिनिधियों ने नहीं दिया ध्यान

चुनाव में सभी प्रत्याशी अनेकों प्रकार की घोषणा कर रहे हैं अभी भी जिले में बिजली व्यवस्था सुधारने को लेकर किसी जनप्रतिनिधि ने द्वारा कोई ठोस कदम उठाए नहीं गए हैं हालांकि जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी निधियां का तमाम पैसा विद्युत व्यवस्थाओं के सुधार में खर्च कर रहे हैं ।

### 56 से अधिक देश मानते हैं बौद्ध धर्म को

**गौरीगंज, अमृत विचार ।** अखिल भारतीय मौर्य महासंघ की ओर से त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा पर्व मनाया गया। लोक गायक संदीप सम्राट ने अपने गीतों के माध्यम से भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को धरातल पर उतारने का संदेश दिया। कहा कि बौद्ध धम्म की मजबूती को समाज में धार्मिक अनुशासन जरूरी है। सामूहिक त्रिसरण और पंचशील के बाद विचार गोष्ठी आयोजित की गई। अरुण कुमार मौर्य ने कहा कि सम्राट अशोक ने बौद्ध धम्म के प्रचार-प्रसार के लिए अपने पुत्र महेन्द्र और पुत्री संघमित्रा को समाज को समर्पित कर दिया। श्री लंका और अन्य देशों को पंचशील के अनुरूप आचरण के लिए तैयार किया। हौसिला प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज दुनिया के 56से अधिक देश बौद्ध धर्म को मानते हैं, इसमें सबसे बड़ा योगदान अशोक महान का है। वर्षिका मौर्य और आकाश मौर्य ने बुद्ध गीत प्रस्तुत किए। रामयश मौर्य, बाबू लाल मौर्य, सुरेश कुमार, मंशा राम मौर्य, राम मूरत निषाद,शिवसरण मौर्य, अनिल कुमार मौर्य एडवोकेट, राकेश कुमार मौर्य , शाक्य राहुल मौर्य, रामकुमार मौर्य , हिमांशु मौर्य आदि मौजूद रहे।

### विशालकाय आम के पेड़ को ठेकेदार ने किया जमीदोंज

**अमेठी, अमृत विचार ।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के करौंदी में शुक्रवार को हरे विशालकाय आम के वृक्ष को लकडकट्ट द्वारा जमीदोंज कर दिया गया। शिकायत होने पर वनविभाग द्वारा जुर्माना व कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

# कृष्ण की लीला का किया वर्णन



कथा सुनातीं पूजा किशोरी।



कथा का रसपान करते श्रोतागण। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे हवलदार मजरे गड़ेरी गांव में मुख्य यजमान धीरजलाल मिश्रा एवं शकुन्तला मिश्रा के यहाँ चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक देवी पूजा किशोरी ने भगवान श्री कृष्ण की अलौकिक लीला व कंस वध का वर्णन करते हुए श्रोताओं को कथा का रसपान कराया।

कथा व्यास पूजा किशोरी ने कहा कि भगवान की महा रासलीला इतनी अलौकिक है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन के लिए गोकुल पहुंच गए थे । भगवान भक्तों से प्रेम करने व उनके कल्याण के लिए धरा पर अवतार लेते हैं।

जैसे कोई व्यक्ति घर से बाहर रहकर अपने परिवार के लिए सारी सुख सुविधा उपलब्ध करा तो सकता है लेकिन प्रेम नहीं कर सकता। प्रेम करने के लिए उसे घर आना पड़ेगा।

कथावाचक ने भगवान श्री कृष्ण के मथुरा गमन प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि अक्रूर जी भगवान को लेने आए जब भगवान श्री कृष्ण मथुरा जाने लगे तो समस्त बृज की गोपियों भगवान श्री कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गयी कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़ कर जाना ही था तो हमसे प्रेम क्यों किया यह मार्मिक और करुणामयी प्रसंग सुन श्रोताओं की आंखें नम हो गयी श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान धीरज लाल मिश्रा रहे। इस दौरान हीरा लाल मिश्रा,राम सुभग मिश्रा,राम सूरत मिश्रा,सुभाष मिश्रा,लालता प्रसाद तिवारी,ओम प्रकाश मिश्रा,रवि मिश्रा,अखिलेश तिवारी,अमित मिश्रा,रमेश पाण्डेय,डाक्टर विपुल,राज मिश्रा,आरव मिश्रा अपना स्टूडियो किठावर सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# किशोरी लाल शर्मा पहुंचे सपा नेता के घर

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार ।** मतदान के दिन वोट देने जा रहे सपा नेता की पिटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा पीड़ित सपा नेता के घर पहुंचे और हर संभव का मदद का आश्वासन दिया। कांग्रेस प्रत्याशी ने घायल सपा नेता का संजय गांधी अस्पताल में निःशुल्क इलाज करवाने का वादा किया साथ ही उस पर दर्ज मुकदमे को में एसपी से मिलकर फाइनल रिपोर्ट लगवाने की बात कही।

पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के शिवली मौजा लाला का पुरवा गांव का है जहां गांव के रहने वाले समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश सचिव प्रमोद यादव 20 मई को दोपहर करीब 3 बजे मतदान करने पोलिंग बूथ जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में गांव के ही रामकिशोर सिंह, रंजीत शुक्ला, अनुज तिवारी, महेंद्र शुक्ला और रमेश शुक्ला ने लाठी डंडों से उनकी पिटाई कर दी। पिटाई से प्रमोद के एक उंगली टूट गई, सर और पूरे शरीर में चोटें आई।

घटना के बाद इलाज करवा कर थाने पहुंचे प्रमोद ने मामले की तहरीर थाने में दी जिसके बाद पुलिस ने पांचो नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।



पीड़ित परिवार से मिलते कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा। अमृत विचार

### प्रमोद पर भी दर्ज हुआ है मुकदमा

गांव की एक दलित महिला ने प्रमोद पर छेड़खानी और मारपीट करने का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी है। जिसके बाद प्रमोद पर एससी एसटी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आश्वासन के बाद परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

**फॉलोअप**

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** बेलखरी गांव निवासी संविदा लाइनमैन की लाइन का फाल्ट ठीक करते समय बिजली आने से हुई मौत के मामले में परिजनों ने शुक्रवार को अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया। एसडीओ विद्युत ने परिवार के एक सदस्य की नौकरी तथा साढ़े सात लाख रुपए की आर्थिक सहायता संबंधित संस्था के माध्यम से दिलाने का वादा किया।

पीठीपुर उपकेन्द्र पर संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत बेलखरी निवासी राजकुमार कोरी बुधवार को लाइन में आई फाल्ट को ठीक करते समय बिजली सप्लाई आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। गुरुवार को उसका शव घर आने के बाद परिवार के एक सदस्य को नौकरी व आर्थिक सहायता की मांग को लेकर परिजनों ने शव को दरवाजे पर रखकर अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया था।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने की 50 हजार की आर्थिक मदद

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि शुक्रवार की सुबह मृतक के परिजनों से मिले और उन्हें ढांढस बंधाया। उनके पहुंचने पर घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी सीमा बेसुध हो गई थी। उन्होंने सीमा को 50 हजार रुपए देकर आगे भी मदद का भरोसा दिलाया।

## वर्ग पहेली-80

**बाएं से दाएं**

1.1. पाश जिसका अस्त्र है अर्थात वरुण देवता 2. यम 3. बहेलिया।
4.1. जो मन में बसा हो, प्रिय 2. प्रेमपात्र।
6.1. बंदर 2. पक्षी, चिड़िया 3. सूर्य।
8.1. बुराई 2. अहित।
9. परम दयालु, परम कृपालु।
10.1. अनिश्चयात्मक ज्ञान 2. दुविधा 3. संभावना और असंभावना का मिश्रण 4. संकट की आशंका या संदेह।

**ऊपर से नीचे**

2. तत्काल, अचानक, एकाएक, फटाफट।
3.1. दानशीलता 2. उदारता 3. दरियादिली।
5.1. दो या दो से अधिक संस्थाओं
7.1. किसी बात का परिणाम या फल बताना 2. (ज्योतिष) वे बातें जो व्यक्ति के जीवन पर ग्रहों के प्रभाव के रूप में कही जाती हैं।
8.1. मानरहित, प्रतिष्ठारहित 2. जिसका मान या अंदाज़ न हो, बहुत, बेहद, अपरिमित 3. सीधा-सादा, गर्वरहित।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | ■ | 3 |
| ■ | ■ | 4 | | | | |
| 5 | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | ■ |
| | ■ | 8 | | | | ■ |
| 9 | | | | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | 10 | | |

## वर्ग पहेली -79 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | थे | रा | ■ | ■ | ■ | 2 अ |
| जू | ■ | ■ | 3 कू | ■ | 4 ले | न |
| म | ■ | ■ | प | ■ | ■ | जा |
| ■ | 5 हं | 6 त | का | 7 र | ■ | न |
| ■ | ■ | 8 ब | र | प | ना | ■ |
| 9 भु | 10 र | का | ■ | ट | ■ | ■ |
| ■ | न | ■ | ■ | 11 ना | दि | रा |

## सुडोकू -159

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | | |
| | | | | | | | 5 | |
| | 5 | | | | | | | |
| | | | 1 | | 9 | | | |
| 1 | | | | | | | | 3 |
| | | | 6 | | | 1 | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 4 | | | | | |

## सुडोकू -158 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 8 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 | 5 | 7 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 मई शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 18 .58 तक तत्पश्चात तृतीया।

**आज का पंचांग**





दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 10 .36 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष:** आज आपकी कुछ गुप्त बातें लोगों को पता लग सकती हैं। आपको धैर्यवान होकर अपना काम करना चाहिए। बुद्धिजीवी लोगों की सलाह से आप परेशानियों से बाहर आ सकते हैं। नुकीले उपकरणों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें।

**वृष:** आज प्रेम संबंधों में कुछ भी अस्पष्टता न रखें। यदि आवश्यक न हो तो आपको किसी यात्रा पर जाने से बचना चाहिए। आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। आपको महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पहले भाग में ही पूर्ण कर लेना चाहिए।

**मिथुन:** आज व्यवसाय में अटका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। छुट्टियां मनाने के लिए आप कहीं बाहर जा सकते हैं। शाम को अपनी कार्य नीति में कुछ बदलाव करने की योजना पर काम करने का विचार बनाएंगे।

**कर्क:** आज इस समय आपको एकतरफा निर्णय लेने से बचना चाहिए। क्रोध और स्वार्थी व्यवहार के कारण कुछ अच्छे लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। शाम के समय आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**सिंह:** आज होटल कारोबारियों को कुछ तकनीकी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। धन के लेन-देन को लेकर सावधानी बरतें। दार्शनिक विषयों के प्रति आपकी रुचि बढ़ने वाली है। व्यवसाय में कुछ धीमापन देखने को मिल सकता है।

**कन्या:** आज दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। व्यवसाय से जुड़े लोग दुकान या स्थान में बदलाव को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं, किंतु दोपहर बाद कुछ उलझनों में फंसने के योग बन रहे हैं। अपनी जीवनशैली पर आपको ध्यान देना होगा।

**तुला:** आज अचानक स्थान बदलने के योग बन रहे हैं,जो लोग आपके प्रति नकारात्मक भाव रख रहे थे वे आपको लेकर काफी सहयोगात्मक हो सकते हैं। सलाहकर्ता सेवाओं और धार्मिक कृत्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है।

**वृश्चिक:** आज दिन की शुरुआत सामान्य रहेगी। आप काम को लेकर लापरवाही न करें। गठिया रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। आपके मन में दया का भाव रहेगा। इसीलिए आप दूसरे लोगों और बेजूबान जीवों की सेवा कर सकते हैं।

**धनु:** आज दोपहर के बाद आप काफी परिस्थितियों की समीक्षा करेंगे जिसके परिणाम स्वरूप आप काफी कुछ बदलाव लाने की तैयारी कर सकते हैं। जिन कार्यों से आपको नुकसान हो रहा था उसमें सुधार या उसे बंद करने की भी योजना बनाएंगे।

**मकर:** आज अनावश्यक बातों को लेकर आप अपने नजदीकी लोगों पर नाराज भी हो सकते हैं। आपको बड़े निर्णय लेने से बचना चाहिए। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। आपके मन को कई तरह की चिंता घेर सकती है।

**कुंभ:** आज संपत्ति खरीदने का निर्णय लेने का प्रयास करेंगे। चिकित्सीय पेशे से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा रहेगा। आपके द्वारा कई लोगों की मदद हो सकती है। गुमी हुई वस्तु आपको वापस मिलने के योग बन रहे हैं।

**मीन:** आज शिक्षण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन सुखद रहेगा। शाम को घर पर अच्छा समय बिता सकते हैं। आप काफी सजग होकर काम करेंगे। नए व्यवसाय को लेकर बौद्धिक लोगों से परामर्श ले सकते हैं। परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
हिरासत — सुबह : 10 .22
रन — दोपहर : 03 .18

SONY MAX
आदि पुरुष — सुबह : 08 .22
एक था टाइगर — रात : 09 .07

SONY PIX
डंकिर्क — सुबह : 11 .20
2012 — रात : 08 .45

ZEE CINEMA
जिस्म 2 — सुबह : 09 .55
दबंग 3 — रात : 07 .25

colors CINEPLEX
सिम्हा 2 — दोपहर : 12 .36
लकीर — शाम : 06 .39

**आज की सुपरहिट फिल्म**





सोनी मैक्स पर रात : 09 .07 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने हजामत की दुकान खोली।
एक ग्राहक शेव कराने आया।
पप्पू- मूंछ रखनी है?
ग्राहक- हां।
पप्पू ने ग्राहक की मूंछ काट कर उसके हाथ में देते हुए- लो रख लो, जहां रखनी है।

एक लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था।
टीचर-क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
लड़का- नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है।

बुद्धो कलूषभूतायां विनाशे प्रत्युपस्थिते।
अनयो नयसङ्काशो हृदयात्रावसर्पति॥

विनाशकाल के समय बुद्धि विपरीत हो जाती है। ऐसे व्यक्ति के मन में न्याय के स्थान पर अन्याय घर कर लेता है। वह अन्याय के आसरे ही सब निर्णय लेता है।

## संपादकीय

# यात्रा संचालन के लिए

उत्तराखंड में चल रही चार धाम यात्रा के लिए इस बार रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यात्रा के लिए 22 मई तक 31 लाख पंजीकरण हुए। परंतु भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। श्रद्धालुओं के सैलाब से प्रशासनिक व्यवस्थाएं चरमराई हैं। यह चिंताजनक और डराने वाली हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां आए तीर्थयात्रियों में से 52 श्रद्धालुओं की विभिन्न कारणों से मृत्यु हो चुकी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री, सचिव और गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक गंगोत्री में तीन, यमुनोत्री में 12, बदरीनाथ में 14 और केदारनाथ में 23 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है। उनकी मृत्यु का कारण हृदयाघात बताया गया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने यात्रा की जानकारी लेने के लिए उत्तराखंड की मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। भीड़ नियंत्रण को लेकर अब उत्तराखंड सरकार केंद्रीय सुरक्षा बलों की मदद लेगी। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निगरानी समिति का गठन कर अधिकारियों को यात्रा मार्गों में तैनात रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिरों में श्रद्धालुओं को दर्शन का समान समय मिले तथा रजिस्ट्रेशन एवं दर्शन में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता देने के साथ ही ऋषिकेश, हरिद्वार एवं अन्य ठहराव वाले स्थानों से केदारनाथ, बद्रीनाथ जा रहे वाहनों को अलग-अलग समय में छोड़ा जाए। यानि श्रद्धालुओं की मौत के बात अब शासन-प्रशासन जागा है।

केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने मिलकर काम करने का निर्णय लिया है। चार धाम यात्रा के दौरान स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं लेकिन यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं की वजह से परेशानियां झेलने को मजबूर होना पड़े तो उसमें प्रशासन की नाकामी ही झलकती है। राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले तीर्थाटन को सुनियोजित ढंग से संचालित कराने की जिम्मेदारी के प्रति संवेदनशीलता से काम लिया जाना चाहिए। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना चाहिए। क्षमता से अधिक लोग वहां पहुंच रहे हैं, तो इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए। यात्रा मार्गों को समय पर दुरुस्त नहीं करना भी प्रशासन की बड़ी नाकामी है। मानसून के दौरान भी चार धाम यात्रा का संचालन सुचारू रूप से हो इसके लिए समय रहते पूरी तैयारी की जानी चाहिए। लोग निजी वाहन लेकर इन तीर्थ स्थलों पर पहुंच रहे हैं। इस कारण वाहनों की लंबी कतारें परेशानी का कारण बन रही हैं। यात्रियों व वाहनों की संख्या का संतुलन बनाए रखने के लिए सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाया जाना चाहिए।

# अवकाश में उल्लास का पर्याय हों समर कैंप


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर समर कैंप अवकाश के दिनों में कुछ निर्धारित अवधि के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम होते हैं। निश्चित ही इस दौरान जो क्रियाकलाप आयोजित किए जाते हैं, उनके मूल में बच्चों के समग्र विकास की संकल्पना होती है।

अक्सर शाम को घर के सामने पार्क में चला जाता हूं। पक्षियों का कलरव, बच्चों की चहल-पहल, तन-मन को सुकून देते फूल-पौधे जैसे कई कारणों के साथ स्वास्थ्य लाभ भी है। यहां बिताया एक घंटा दिनचर्या को संतुलित व सुव्यवस्थित बना देता है। इस दौरान यहां आने वाले विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों से कुछ देर का वार्तालाप भी एक विशेष पल होता है। यह विभिन्न बोर्ड में पढ़ने वाले बच्चे हैं, जो स्कूली शिक्षा के तमाम पहलुओं पर मुझसे बेझिझक अपने विचारों का आदान-प्रदान करते रहते हैं। उस दिन पार्क में पहुंचा तो बच्चे किसी चिंता में मशगूल दिखे।

मैं बातचीत में थोड़ा शामिल हुआ तो बोले, "क्या बताएं अंकल! कल से छुट्टियां हो रही थीं, लेकिन स्कूल में एक सप्ताह का 'समर कैंप' लगा दिया गया है''। ''समर कैंप! उससे तो आपको लाभ ही होगा''-मैंने कहा। ''कोई लाभ नहीं होगा अंकल, वही पुरानी बातें रिपीट होंगी जो कई साल से हो रही हैं"-एक सीनियर बच्चा बोला। इस बिंदु पर काफी देर बातचीत के बावजूद सभी बच्चे इस बात पर एकमत थे कि कैंप से उन्हें कोई विशेष लाभ नहीं होने वाला है, बल्कि यह उनके अवकाश के उल्लास को छीन रहा है।

विद्यालय स्तर पर समर कैंप अवकाश के दिनों में कुछ निर्धारित अवधि के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम होते हैं। निश्चित ही इस दौरान जो क्रियाकलाप आयोजित किए जाते हैं, उनके मूल में बच्चों के समग्र विकास की संकल्पना होती है। ग्रीष्मकालीन शिविरों की संकल्पना का पहला संगठित स्वरूप 1861 में संचालित अमेरिकन 'गनरी कैंप' को माना जाता है। शिक्षक एवं उन्मूलनवादी फ्रेडरिक विलियम गन तथा उनकी पत्नी ने 1850 में वाशिंगटन के एक छोटे शहर में लड़कों के लिए 'द फ्रेडरिक गन स्कूल' (गनरी स्कूल) नाम से एक स्वतंत्र होम स्कूल संचालित किया था। विद्यार्थियों ने स्कूल संचालकों से स्कूल का कुछ समय सैनिकों की तरह प्राकृतिक परिवेश में जाकर बिताने का अनुरोध किया। फ्रेडरिक गन ने बच्चों के शारीरिक, चारित्रिक व शैक्षिक विकास को ध्यान में रखते हुए इस विचार को दो सप्ताह की सुनियोजित यात्रा के रूप में प्लान किया। वे पूरे स्कूल को दो सप्ताह की पैदल यात्रा पर ले गए, जहां बच्चों ने शिविर बनाया तथा प्राकृतिक परिवेश में जीवन के तमाम उपयोगी सबक सीखे। यह इस यात्रा की सफलता का ही प्रभाव था कि इस प्रकार के शिविर अगले कई वर्षों तक चलते रहे। इन शिविरों की सफलता और प्रभावकारिता के कारण फ्रेडरिक गन को 'संगठित कैंपिंग का जनक' माना जाता है।

सुनियोजित नियोजन इस कड़ी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू है। इसमें स्थान का चुनाव (विद्यालय में किस स्थान पर कौन सी गतिविधि या क्रियाकलाप कराना है), मूलभूत बुनियादी सुविधाएं, आवश्यक संसाधन-सामग्री, संदर्भ व्यक्ति, समय-सारिणी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का समुचित निर्धारण आवश्यक होता है। यहां यह भी ध्यातव्य है कि नियोजन में बच्चों तथा उनके अभिभावकों की राय को भी प्रमुखता से स्थान दिया जाए। बच्चे इस अवधि में 'हॉलिडे मोड' पर होते हैं। इसलिए सामान्य दिनों के औपचारिक विद्यालयीय अनुशासन के बजाय यहां लचीला रुख अपनाते हुए बच्चों को रचनात्मक स्वतंत्रता देनी होगी। समय-सारिणी के अनुरूप क्रियाकलापों का निर्धारण इस प्रकार से करना होगा कि बच्चों को प्रतिक्षण नवीनता का अनुभव हो तथा वे उनमें रम जाएं।

आने वाले वर्षों में समर कैंप किंचित परिवेश व परिस्थितिगत बदलावों के साथ स्कूली शिक्षा का अहम हिस्सा बनते गए। उद्देश्य यही था कि बच्चे अनुकूल वातावरण में सहज रूप से अपनी प्रतिभाओं का विकास कर पाएं। विभिन्न संस्थाओं में इनके उल्लेखनीय परिणामों को दृष्टिगत रखते हुए हर शिक्षा बोर्ड ने समर कैंप के आयोजन को किसी न किसी रूप में स्वीकार किया जो अद्यतन जारी है। प्रश्न यही है कि ऐसा क्या किया जाए कि समर कैंप मात्र औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि बच्चे खुशी-खुशी इनका हिस्सा होने को आतुर हों। यह कैसे संभव हो, इस पर विचार करते हैं। अगर हम ग्रीष्मकालीन समर कैंप्स के उद्देश्यों की बात करें तो इनमें प्रमुख रूप से -सृजनात्मकता को बढ़ावा देना, कल्पना शक्ति को उभारना, नेतृत्व क्षमता विकसित करना, सह-अस्तित्व को समझना, नवीन परिस्थितियों से समायोजन, समस्या समाधान कौशल जैसे प्रमुख लक्ष्य उभर कर आते हैं। यह उद्देश्य अपनी पूर्णता को प्राप्त हों इसके लिए सबसे जरूरी है नियोजन अर्थात् सुनियोजित कार्ययोजना बनाना। इसके बाद कैंप का आयोजन (क्रियान्वयन), प्रबंधन, आकलन, मूल्यांकन, अभिलेखीकरण जैसे अन्य बिंदु आते हैं।

सुनियोजित नियोजन इस कड़ी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू है। इसमें स्थान का चुनाव (विद्यालय में किस स्थान पर कौन सी गतिविधि या क्रियाकलाप कराना है), मूलभूत बुनियादी सुविधाएं, आवश्यक संसाधन-सामग्री, संदर्भ व्यक्ति, समय-सारिणी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का समुचित निर्धारण आवश्यक होता है। यहां यह भी ध्यातव्य है कि नियोजन में बच्चों तथा उनके अभिभावकों की राय को भी प्रमुखता से स्थान दिया जाए। बच्चे इस अवधि में 'हॉलिडे मोड' पर होते हैं। इसलिए सामान्य दिनों के औपचारिक विद्यालयीय अनुशासन के बजाय यहां लचीला रुख अपनाते हुए बच्चों को रचनात्मक स्वतंत्रता देनी होगी। समय-सारिणी के अनुरूप क्रियाकलापों का निर्धारण इस प्रकार से करना होगा कि बच्चों को प्रतिक्षण नवीनता का अनुभव हो तथा वे उनमें रम जाएं। सामान्यतः समर कैंप एक सप्ताह से दो सप्ताह की अवधि के होते हैं। शेष समय बच्चे अपने घर-परिवेश में विभिन्न प्रकार के अनुभवों से गुजर रहे होते हैं। खेल, यात्राएं, समारोह, घरेलू कार्य, मेले, बाजार, स्वाध्याय, संकलन, टेक टाइम जैसे कितने ही कार्य अवकाश अवधि में उनकी दिनचर्या का हिस्सा होते हैं। अवकाश अवधि में बच्चों के इन पसंदीदा कार्यों को योजनाबद्ध रूप से सीखने से कैसे जोड़ा जाए समर कैंप में इस बिंदु पर भी पर्याप्त चर्चा-विमर्श हो।

उदाहरण के लिए यदि इस अवधि में बच्चे कोई यात्रा करने जा रहे हैं तो उसका सचित्र यात्रा वृत्तांत तैयार करें। यदि वह किसी कलाकार, कलमकार अथवा कामगार से मिलते हैं तो उसका साक्षात्कार लें। यदि उनके आसपास कोई आयोजन होता है तो उसकी आख्या बनाएं। कोई मूवी देखी है तो उसकी समीक्षा करें। समर कैंप के दौरान बच्चों को संगीत, नृत्य, कला, शिल्प, साहित्य, खेल जैसी विशिष्ट प्रतिभाओं के आधार पर चिह्नित कर उन्हें उस क्षेत्र विशेष पर आधारित क्रियाकलापों से प्रमुखता से जोड़ने का एक सुस्पष्ट पाथ-वे तैयार कराया जाए। इससे वे समर कैंप अवधि के बाद भी अपनी प्रतिभा को तराशना जारी रख सकेंगे।

एक स्वतंत्र, समावेशी तथा भयमुक्त वातावरण में समय बिताना, नई चीजें सीखते हुए स्वयं को समृद्ध करना तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होना। ये कुछ ऐसे गुण हैं, जो समर कैंप के दौरान बच्चों में स्वाभाविक रूप से आ जाते हैं और उन्हें जीवन की विविध परिस्थितियों से समायोजन के लिए तैयार करते हैं। इसके लिए यह नितांत आवश्यक है कि कैंप केवल पुराने क्रियाकलापों की औपचारिक व नीरस पुनरावृत्ति भर न हो। मनोशिक्षाविद विलियम हल का कथन है कि 'यदि हम बच्चों को बोलना सिखाते तो वे शायद कभी बोलना नहीं सीखते'। यह कथन समर कैंप के संदर्भ में भी प्रासंगिक और विचारणीय है।

## प्रसंगवश

# मूर्ति विखंडन के मायने

हिंदू धर्म की मान्यताओं और व्यवस्थाओं के अनुसार देवी-देवताओं की मूर्तियां विधि विहित पद्धति के अनुसार प्राण प्रतिष्ठित हो जाने पर तो प्राणवान हो ही जाती हैं, किंतु ऐसा न होने पर भी उन्हें पूज देने, श्रद्धा सहित अक्षत पुष्पादि अर्पित कर देने या भक्ति भाव सहित विनती कर देने पर भी जीवंत हो जाती हैं। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि "भक्त जब पत्र, पुष्प, फल या जल जो भी मुझे भक्ति भाव फे अर्पित करता है तो मैं सदेह होकर उसका भोग करता हूं"।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इधर अयोध्या के राम मंदिर के प्रवेश द्वार से आगे नृत्य मंडप के पास स्तंभ पर उत्कीर्ण हनुमान जी की भुजा खंडित हो जाने का समाचार मिला है, जो चिंताजनक और दुःखद है। यहां एक धनुष का विग्रह भी टूटा हुआ बताया जा रहा है। ये किस तरह निर्मित हुए हैं और कैसी निम्न स्तरीय सामग्री लगाई गई कि इतनी जल्दी विखंडित हो गए। खजुराहों के मंदिरों पर सदियों पूर्व अंकित मूर्तियां आज भी ज्यों की त्यों हैं। सीसीटीवी कैमरे में आए चित्र के अनुसार एक भक्तिन महिला के मूर्ति से लिपट जाने से भुजा उखड़ गई। इससे मूर्ति में प्रयुक्त मैटेरियल की गुणवत्ता का अंदाजा सहज ही लग जाता है। अब मंदिर प्रशासन ने मूर्ति की मरम्मत करा दी है, किंतु धनुष अभी टूटा ही है। आगे से रोज रात दर्शन का समय समाप्त हो जाने के बाद निरीक्षण किया जाएगा और टूट -फूट की मरम्मत सुनिश्चित की जाएगी। यह कौन सी बात हुई? क्या श्रद्धार्पित मूर्ति का खंडित होना अपशकुन नहीं है?

रामचरितमानस में त्रिजटा ने एक दुःस्वप्न देखा था जिसमें रावण "मुंडित शिर खंडित भुज बीसा" दिखा था। फिर जो कुछ हुआ, वह सर्वविदित है। जब राजकुमारी सीता भवानी भवन में पूजन करने गईं तो शुभ संकेत मिला, "विनय प्रेम बस भई भवानी। खसी माल मूरति मुसकानी"। यानी मूर्तियों के संकेत हलके में लेना बुद्धिमानी नहीं होगी। पहला यह कि मूर्ति का निर्माण इतना कमजोर कैसे हुआ? दूसरा यह कि अरबों की कमाई वाले मंदिर में मूर्तियों की सुरक्षा पर यथोचित खर्च क्यों नहीं किया जा रहा? दर्शन काल में मूर्तियों के इर्दगिर्द वर्दीधादी सेवादार तैनात कर दिए जाएं।

# बयानों की मियाद


अनूप शुक्ल
कानपुर

एक पार्टी में रहते हुए दिए गए बयान दूसरी पार्टी में ज्वाइन करने पर मान्य नहीं होंगे और अलग-अलग समय में दिए गए बयानों में विरोधाभास होने पर सबसे ताजा बयान ही मान्य होगा। ऐसी स्थिति में पुराने बयान की मियाद स्वत: समाप्त मानी जाएगी। राजनीति में बयानों की मियाद संबंधी यह नियम लागू होने पर देश के अधिक से अधिक लोग देश सेवा के क्षेत्र में आगे आएंगे। देश का धड़ल्ले से विकास होगा।

अक्सर लोगों का मन देश सेवा के लिए हुड़कने लगता है। खासकर चुनाव के समय देश सेवा की ललक सबसे तगड़ी होती है। इस इच्छा की पूर्ति के लिए लोग उसी पार्टी से चुनाव लड़ना चाहते हैं जिस पार्टी की सरकार बनने की संभावना होती है। बिना सरकार में शामिल हुए देश सेवा कोई मायने नहीं रखते।

सरकार बनाऊ पार्टी के लिए लोग या तो पार्टी बदलते हैं या पहली बार उस पार्टी में शामिल होते हैं। दोनों स्थितियों में पहले के दिए गए बयान बहुत समस्या पैदा करते हैं। पहले जिस पार्टी की ऐसी-तैसी करते रहे बाद में उसी की तारीफ करने पर लोग बहुत सवाल उठाते हैं। पहले आप इसको घटिया बताते रहे अब यह अच्छी पार्टी कैसे हो गई? जिसको गरियाते रहे उसकी जय बोलते हुए कैसा लगता है आपको। जिसका मुंह तोड़ने की मंशा रखते थे उसके चरण चांपते हुए कैसा फील होता है। बयान और भी बवाल करते हैं। कोई पार्टी विपक्ष में रहते हुए जो कहती है सरकार बनने पर उससे उलट काम करना पड़ता है। सरकार में रहते हुए जिन कामों की वकालत करते रहे चुनाव में हार कर विपक्ष में बैठने पर उसी का विरोध करना पड़ना है।

पहले का जमाना होता और बात अखबारों तक ही सीमित रहती तो कह देते -"अखबार ने मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर छापा है", लेकिन आजकल तो ट्विटर और फेसबुक का जमाना है। लोग आपके ही ट्विट आपको दिखाकर पूछते हैं -" ये तो आप ही ने कहा था। अब आप इसके उलट कैसे हो गए? इस हृदय परिवर्तन का कारण क्या है?" ट्विटर, फेसबुक और सोशल मीडिया पर दिए गए बयानों का ई-कचरा बहुत दिन तक सुरक्षित रहता है, जहां आपके खिलाफ हुआ आपके विरोधी आपके सामने लहराकर कहेंगे कि आपका आचरण इस बयान के विरुद्ध है। आपकी पॉलिटिक्स क्या है बंधुवर? आप लोगों से अगर कहेंगे कि आपका हृदय परिवर्तन हुआ है तो लोग विश्वास नहीं करेंगे।

सबको पता है कि हृदय परिवर्तन तो डाकुओं का होता है। राजनीतिज्ञ का तो केवल दल परिवर्तन होता है। पुराने बयानों से होने वाली असुविधा सर्वव्यापी है। सभी राजनीतिज्ञ इससे हलकान हैं। ऐसे में इसका यही एक उपाय है कि बयानों की मियाद तय कर ली जाए। हर राजनीतिज्ञ अपने बयान की सीमा तय कर दे। जैसे गारंटी/वारंटी की मियाद खतम होते ही ग्राहक का दावा खतम हो जाता है। वैसे ही बयान की मियाद खतम होते ही उस बयान पर सवाल बेमानी हो जाएंगे। कुछ मियादें इस तरह की हो सकती हैं: गैर राजनीतिज्ञ रहते हुए दिए बयानों की अवधि राजनीति में प्रवेश करते ही समाप्त हो जाएगी। वहीं सरकार में रहते हुए दिए गए बयान सरकार गिरते ही अमान्य हो जाएंगे। इसके साथ ही विपक्ष में रहते हुए दिए गए बयान सरकार बनने की स्थिति में स्वतः निरस्त हो जाएंगे।

एक पार्टी में रहते हुए दिए गए बयान दूसरी पार्टी में ज्वाइन करने पर मान्य नहीं होंगे और अलग-अलग समय में दिए गए बयानों में विरोधाभास होने पर सबसे ताजा बयान ही मान्य होगा। ऐसी स्थिति में पुराने बयान की मियाद स्वतः समाप्त मानी जाएगी। राजनीति में बयानों की मियाद संबंधी यह नियम लागू होने पर देश के अधिक से अधिक लोग देश सेवा के क्षेत्र में आगे आएंगे। देश का धड़ल्ले से विकास होगा। फिलहाल तो चुनाव के समय राजनीति में बयानबाजी को फैशन मानकर ही काम चलाना होगा और जैसा कि फैशन के बारे में सब जानते हैं कि फैशन के दौर में गारंटी का कोई मतलब नहीं होता। देश सेवा के पवित्र भाव के सामने दिए गए बयानों की कोई गारंटी नहीं होती।

## सोशल फोरम

# भारतीय चुनावी राजनीति

केंद्र में कांग्रेस का राज भारतीयों को अभी नहीं चाहिए। वे मोदी में ही अभी भविष्य देख रहे हैं, क्योंकि कुछ अनकहे मामलों में उनका नियंत्रण और स्थिरता अपनी कहानी खुद बयां करती है। पॉलिसी डायनामिक्स को आमजन नहीं समझता, डेवलपमेंट परफॉरमेंस के माने आमजन क्या जाने?


रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

सोशल सेक्टर में इन्वेस्टमेंट के माने हैं बुढ़ापा पेंशन, फ्री राशन, मुफ्त चिकित्सा और दवा, मुफ्त शिक्षा और किताबें, सिलाई मशीनों का वितरण और न जाने क्या क्या! कुछ पार्लियामेंट्री कमेटियों की रिपोर्ट्स देख रहा था। हमारे माननीयों की मैपिंग हुई और देखा गया कि किसी विषय, जैसे कि साइंस एंड टेक्नोलॉजी में इनकी रुचि और जागरूकता का लेवल क्या है? संसद में साइंस और टेक्नोलॉजी से संबंधित विषयों पर स्वास्थ्य और एग्रीकल्चरल साइंस को लेकर कितने प्रश्न उठाए गए। स्थिति निराशाजनक से भी नीचे की है। इससे अच्छी तो यह 1990 आदि के दशक में थी। लोगों के जीवन को क्या अकेले मोदी ही या इनकी पार्टी के सांसद ही बदलने की काबलियत रखते हैं? इंडियन पार्लियामेंट की डायनामिक्स या हालात बदलने की ताकत वक्त के अनुसार बदली है, लेकिन लोकलुभावन चेहरों से नहीं, बल्कि संसद में कुछेक अच्छे पढ़े-लिखे लोगों और संसदीय कार्य प्रणाली की वजह से। इंडियन पार्लियामेंट को दिशा-निर्देश इनके कमेटी सिस्टम से ही मिलता है, बिहार या झाबुआ की पब्लिक रैलियों से नहीं।

कांग्रेस 60 साल रही है और मोदी जी? बड़ा सवाल यह है कि देश एक व्यक्ति के दिशा-निर्देश से क्यों चले? विपक्ष मजबूत चाहिए, लेकिन विपक्ष की मजबूती किन अर्थों में किन मुद्दों पर प्रकट हुई है? संसदीय कार्रवाई की रिपोर्ट्स का अध्ययन गिरते हुए स्तर की ओर इंगित करता है। डिबेट्स में क्या क्वालिटी है? बौद्धिक लोगों ने इस बारे अध्ययन करके बहुत रिसर्च पेपर्स लिखे हैं, लेकिन इनका अध्ययन कौन करता है? और जो लोग करते हैं, वे भारतीय राजनैतिक परिदृश्य को बदलने में असमर्थ हैं या कोई रुचि नहीं लेते।

-फेसबुक वॉल से

# वायुयान हादसे से यात्री सुरक्षा के नए सबक


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तरी अटलांटिक के ऊपर, साफ हवा में यह टर्बुलेंस हुआ, जो ताकत में पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से भी अधिक शक्तिशाली था। उनका कहना है कि पूरी दुनिया में वायुमंडलीय टर्बुलेंस में इसी तरह की वृद्धि हुई है।

अभी हाल ही में घटे एक वायुयान हादसे से यात्री सुरक्षा के नए सबक मिले हैं। वाकया लंदन से सिंगापुर जा रहे सिंगापुर एयरलाइंस के विमान का है। उड़ान के दौरान ही जब विमान हजारों फीट की ऊंचाई पर था उसमें सहसा भीषण उथल-पुथल (टर्बुलेंस) हुई जिसके कारण 73 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। ताज्जुब यह है कि न कोई आंधी तूफान दिखा था, न ही घने बादलों का घेरा और आकाशीय बिजली। कोई चेतावनी नहीं। सबकुछ साफ, मगर फिर भी भयानक स्थिति उत्पन्न हो गई।

उड़ान में इतनी गंभीर बाधा किस कारण से आई? अब इस पर एयरोडायनमिक्स से जुड़े विशेषज्ञों के बीच विचार विमर्श हो रहा है। अभी इसी सिलसिले में एक रिपोर्ट नेचर पत्रिका के समाचार विश्लेषण स्तंभ में 22 मई को आई है। क्या जलवायु परिवर्तन विमानों में टर्बुलेंस की ऐसी तीव्रता और आवृत्ति को बढ़ावा दे सकता है? जिसमें यात्रियों की जान पर बन आए? विगत 20 मई को उड़ान भरने वाले इस विमान ने झटके से अचानक लगभग 1800 मीटर से अधिक नीचे तेजी से गोता लगाया जिससे यात्री और उनके सामान केबिन की छत से जा टकराए। एयरलाइन की 24 वर्षों में ऐसी यह पहली घातक घटना थी। रीडिंग यूनिवर्सिटी, यूके में वायुमंडलीय शोधकर्ता पॉल विलियम्स के अनुसार यह गंभीर टर्बुलेंस की घटना थी, जो विमान के यात्रियों एक प्रक्षेप्य (प्रोजेक्टाईल) में बदल देती है। सीट-बेल्ट न पहनने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यह बिना किसी प्रतिबंध के रोलर कोस्टर पर बैठने जैसा भयावह अनुभव दे सकता है।

हवाई जहाजों की उड़ान में छोटे-मोटे टर्बुलेंस आम घटना हैं। अधिकांश उड़ानों में कुछ हद तक टर्बुलेंस का अनुभव होता है। जमीन के पास, हवाई अड्डे के आसपास तेज हवाएं विमानों के उड़ान भरने या उतरने के दौरान टर्बुलेंस पैदा कर सकती हैं। अधिक ऊंचाई पर, तूफानी बादलों में हवा का ऊपर-नीचे का प्रवाह विमानों के उनके बीच से या उनके पास से गुजरने पर हल्की से लेकर गंभीर टर्बुलेंस पैदा कर सकते हैं। पर्वत श्रृंखलाओं पर ऊपर की ओर बढ़ने वाली हवा की धाराएं भी टर्बुलेंस पैदा कर सकती हैं। विलियम्स का मानना है कि जब हवा पहाड़ के ऊपर से बहती है तो विमान ऊपर उठ जाता है और उसमें टर्बुलेंस हो सकता है। इसके अलावा ऐसी स्थिति अक्सर जेट धाराओं के किनारों पर होती हैं, जो कि दुनिया भर में घूमने वाली मजबूत हवा की धाराएं हैं, मगर बिना बादलों के भी घटित होने वाले टर्बुलेंस को "साफ हवा का टर्बुलेंस (क्लीयर एअर टर्बुलेंस)" कहा जाता है। विलियम्स कहते हैं कि सिंगापुर एयरलाइंस की घटना के सटीक कारण का पता लगाने में कई हफ्ते लग सकते हैं। हो सकता है वह कोई तूफान रहा हो, लेकिन साथ ही साफ हवा की परिस्थितियां भी थीं। जांच चल रही है। सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी में वायुमंडलीय शोधकर्ता जंग-हून किम का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण टर्बुलेंस की घटनाएं अधिक, बार-बार और गंभीर होती जा रही हैं। पिछले वर्ष प्रकाशित एक अध्ययन में विलियम्स और उनके सहयोगियों ने 1979 और 2020 के बीच साफ हवा में घटे टर्बुलेंस में बड़ी वृद्धि पाई थी।

उत्तरी अटलांटिक के ऊपर, साफ हवा में यह टर्बुलेंस हुआ, जो ताकत में पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से भी अधिक शक्तिशाली था। उनका कहना है कि पूरी दुनिया में वायुमंडलीय टर्बुलेंस में इसी तरह की वृद्धि हुई है। विलियम्स का कहना है कि यह वृद्धि लगभग निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन का परिणाम है, जो टर्बुलेंस पैदा करने वाली जेट धाराओं को मजबूत कर रहा है। एक अन्य अध्ययन में विलियम्स और उनके सहयोगियों ने जलवायु मॉडल का उपयोग करके यह अनुमान लगाया कि जैसे-जैसे जलवायु गर्म होगी, साफ हवा में टर्बुलेंस की घटनाएं और अधिक गंभीर और लगातार होती जाएंगीं। किम और उनके सहयोगियों ने पाया कि पिछले साल प्रकाशित एक अध्ययन में जलवायु परिवर्तन के साथ बादलों और पहाड़ों के आसपास की साफ हवा में भी उथल-पुथल अधिक बार होगी। टर्बुलेंस में हो रहे संभावित वृद्धि के बावजूद, अधिकांश उड़ानें यथावत चलती रहेंगी। "ऐसा नहीं है कि हमें उड़ान भरना बंद करना होगा या विमान आसमान से गिरने लगेंगे, मैं बस इतना कह रहा हूं कि फिलहाल जो टर्बुलेंस 10 मिनट तक के हैं, वे भविष्य में 20 या 30 मिनट के हो सकते हैं"। पायलट उड़ान की योजना बनाने के साथ ही टर्बुलेंस के अनुमानों का सहारा लेते हैं। मौसम केंद्रों के शोधकर्ता ग्राउंड-आधारित सेंसर और उपग्रहों से एकत्र किए गए डेटा के आधार पर टर्बुलेंस की भविष्यवाणी कर सकते हैं और पायलटों को पूर्वानुमान बता सकते हैं। विमान में पायलट तूफानी बादलों की पहचान करने के लिए रडार का उपयोग करते हैं। यह विमान से भेजे जाने वाले रेडियो तरंगों पर निर्भर करता है, जो फिर सेंसर की ओर वापस परावर्तित होते हैं और आसपास के क्षेत्र का नक्शा बनाते हैं, लेकिन रडार बादल रहित साफ हवा के उथल-पुथल का पता नहीं लगा सकता। विलियम्स कहते हैं कि यहां लिडार नामक एक अन्य तकनीक मदद कर सकती है, जो रडार के विपरीत प्रकाश की एक अलग तरंग दैर्ध्य का उपयोग करता है। मगर अभी तो यह बहुत महंगा है और इसके लिए एक बड़े बॉक्स की आवश्यकता होती है, लेकिन यह अदृश्य/साफ हवा के टर्बुलेंस को देख सकता है। यदि इसके बॉक्स को छोटा किया जा सके और लागत कम हो जाए तो इसका जल्द ही व्यापक उपयोग किया जा सकता है। कुछ प्रायोगिक उड़ानों में विमान से 20 मील आगे की साफ हवा के टर्बुलेंस को देखने में सफलता मिली है। इसलिए तब तक जब भी आप हवाई यात्रा करें, तो पूरी यात्रा के दौरान कृपया अपनी सीट बेल्ट बांधे रखें और खुद को सुरक्षित रखें। सिंगापुर एअरलाइन की उड़ान में तकरीबन सत्तर लोग सीट बेल्ट नहीं बांधे थे, जो मिसाइल की तरह विमान की छत से जा टकराए।

# नकदी में लेन-देन का बढ़ना

डिजिटल युग में डिजिटल लेन- देन में भारी उछाल आया है। डिजिटल लेन-देन एक ट्रिलियन के आंकड़े को पार कर चुका है। भारत सरकार ने 8 नवंबर 2016 में भारतीय रुपये के 1000 और 500 के नोटों को प्रचलन से बाहर कर दिया था, उसके बाद से डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलना शुरू हुआ था।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस समय कुल नकदी प्रचलन 17 लाख करोड़ से कुछ अधिक था, किंतु अब यही नकदी प्रचलन 35.5 लाख करोड़ पहुंच गया है, जो पहले से दुगना है। नोटबंदी और यूपीआई को लेकर प्रचार के बाद नकदी के प्रयोग में कोई अंतर नहीं आया है यानी दूसरे शब्दों में कहे तो नकदी हमेशा राजा है। एक्सपर्ट का मानना है कि परंपरागत कैश के लेन-देन और मनुष्य के अंदर व्याप्त एक अदृश्य भय के कारण ही वो डिजिटल पेमेंट से दूरी बनाए रखता है और नकद भुगतान में सुरक्षित महसूस करता है। यह भी देखने में आया है कि यूपीआई यूजर भी दोनों तरह से भुगतान करने को ही बेहतर मानते हैं। भारतीय कर प्रणाली में उच्चतम दरों के चलते भी नकद भुगतान को खत्म करना संभव नहीं।

आगरा के जूता बाजार में हाल ही में जूता निर्माताओं के यहां से करोड़ों की नकदी बरामद होना इसका ज्वलंत उदाहरण है। जीएसटी की उच्चतम दरों से बचने को आगरा के जूता बाजार में पर्ची का चलन है। पर्ची से पूरे हफ्ते खरीद होती रहती है और हफ्ते में एक दिन नकदी से भुगतान किया जाता है। यही व्यवस्था और उद्योग भी अपनाते हैं। फिलहाल देश में दोनों ही विकल्प मौजूद हैं और दोनों ही समान रूप बढ़ रहे हैं।

## एक नजर

### मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**अमृत विचार, जौनपुर :** जौनपुर जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन तथा विधानसभा उप निर्वाचन-2024 को लेकर 25 मई मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उक्त आदेश कोषागार तथा उप कोषागार पर भी लागू होंगे।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**अमृत विचार, नैनी :** औद्योगिक क्षेत्र स्थित बजहा गांव में शुक्रवार सुबह आम के पेड़ से लटका युवक का शव मिला। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति ने बजहा गांव में आम के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की तो मृतक की शिनाख्त नीरज प्रजापति (34) निवासी जोकनई, थाना करछना के रूप में हुई। फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल की जांच किया। पुलिस के अनुसार मामला आत्महत्या का है। परिजन अभी इसका कारण नही बता सके। युवक की शादी भी नही हुई थी।

### बिजली लाइन ठीक करते समय लाइनमैन झुलसा

**संवाददाता, राजगढ़ (मिर्जापुर), अमृत विचार :** राजगढ़ थाना क्षेत्र के खोराडिह ग्राम सभा के चंदनपुर गांव में सुबह करीब 9 बजे के आसपास बिजली का तार ठीक करते समय लाइनमैन झुलस गया। जानकारी के अनुसार लाइनमैन श्रवण कुमार चंदनपुर गांव में 11 हजार वोल्टेज का लाइन बनाने पहुंचा। लाइन बनाते समय बिजली के करंट में आने से बुरी तरह से झुलस गया। स्थानीय ग्रामीणों और परिवारजनों की की मदद से उसे राजगढ़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे मंडलीय अस्पताल मिर्जापुर रेफर कर दिया, जहां पर उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### बच्चों ने मां सरस्वती के वाद्ययंत्रों का किया पूजन

**अमृत विचार, सीखड़ (मिर्जापुर) :** नारायण नगर, पचरांव स्थित नारायण गृहस्थ आश्रम में वैशाखी पूर्णिमा पर बच्चों द्वारा मां सरस्वती के वाद्ययंत्रों का पूजन किया गया। हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद सुन्दर कांड का पाठ किया गया। इसके उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद के रूप में भोजन कराया गया। आए हुए अतिथियों का संस्था के प्रबंधक विचित्रानंद ने स्वागत किया। इस अवसर पर रूपेश पाण्डेय, डॉ ओम शंकर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र शुक्ल, आद्या सिंह प्रधान, केडी सिंह, सीताराम भारद्वाज, अरुण कुमार सिंह, उत्तम सिंह आदि रहे।

# 1902 बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां, मतदान आज

## प्रतापगढ़ : पांच विधानसभा क्षेत्रों के 1,83, 3,312 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** संसदीय सीट प्रतापगढ़ के चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। पांच विधानसभाओं के कुल 1,83,3,312 मतदाता 25 मई को होने वाले मतदान में अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसके लिए 1902 पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को एटीएल मैदान से रवाना की गईं। सुबह आठ बजे जुटे मतदान कार्मिक शाम तक अपने-अपने पोलिंग बूथों पर पहुंचे।

प्रतापगढ़ लोकसभा सीट पर 25 मई को मतदान होना है। इसके लिए मतदान कार्मिकों को एटीएल मैदान से रवाना किया गया। एटीएल ग्राउंड पर विधानसभावार पंडाल बनाया गया था। सदर, पट्टी, रानीगंज, विश्वनाथगंज और रामपुरखास विधानसभाओं में 1902 बूथ बनाये गए हैं। इसके लिए 1902 पोलिंग पार्टियां लगाई गई हैं। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी,एक प्रथम मतदान अधिकारी समेत चार लोग शामिल हैं। इसके अलावा बूथों पर माइक्रो आब्जर्वर सहित सहित अन्य को भी तैनात किया गया है। कुल 7608 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें 770 कार्मिकों को रिजर्व किया गया है। एटीएल ग्राउण्ड पर सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति, पुलिस प्रेक्षक महेश चन्द्र जैन, जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।



मतदान प्रक्रिया कराने के लिए पोलिंग बूथ पर जातीं महिला मतदान कार्मिक। अमृत विचार

### मतदाताओं का आंकड़ा

कुल मतदाता – 1,83,3,312
पुरूष मतदाता – 9,70,013
महिला मतदाता – 8,63,294
थर्ड जेण्डर – 05

**विधानसभावार मतदाता**

- रामपुरखास – 3,31,033 (पुरुष 1,73,139, महिला 157892, थर्ड जेण्डर 02)
- विश्वनाथगंज – 4,08,524 (पुरुष 218205, महिला 190318, थर्ड जेण्डर 01)
- सदर – 3,67,865 (पुरुष 195902, महिला 171963)
- पट्टी – 3,75,136 (पुरुष 197602, महिला 177533, थर्ड जेण्डर 01)
- रानीगंज – 3,50,754 (पुरुष 185165, महिला 165588, थर्ड जेण्डर 01)

## मतदाता पहचान पत्र के हैं 12 विकल्प

**अमृत विचार, प्रतापगढ़ :** अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि मतदाता फोटो पहचान पत्र न होने पर 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अर्न्तगत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूडीआईडी कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार है।

## पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**अमृत विचार, प्रतापगढ़ :** डीएम संजीव रंजन ने कहा कि शनिवार को अपने-अपने पोलिंग बूथों पर माकपोल कराने के बाद ही सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर प्रातः 7 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू कराएंगे। मतदान को सकुशल कराये जाने के लिये पर्याप्त मात्रा में अर्द्धसैनिक बल, पीएसी,पुलिस बल एवं होमगार्ड लगाये गये हैं। मतदान कार्य में व्यवधान डालने वाले व्यक्तियों पर पैनी नजर रखते हुये तत्काल सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करेंगे। इस अवसर पर डीडीओ राकेश प्रसाद,पीडी डॉ. आर.सी. शर्मा, डीआईओएस सरदार सिंह, बीएसए भूपेन्द्र सिंह आदि ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी में विशेष सहयोग दिया।

# भाजपा के प्रचार को निकलीं सपा विधायक पूजा पाल



भाजपा के बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचीं सपा विधायक पूजा पाल।

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ खिंचवाई गई फोटो वायरल

**अमृत विचार :** प्रयागराज में सपा विधायक पूजा पाल भाजपा के लिए प्रचार करने निकली है। सपा विधायक पूजा पाल शुक्रवार को बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंची। जहां पूजा पाल ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार किया।

पूजा पाल ने राज्यसभा चुनाव में भाजपास के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी। इतना ही नहीं तीन दिन पहले प्रयागराज में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भी मुलाकात भी की थी। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश की 14 सीटों पर 25 मई को मतदान होना है। इस बीच शुक्रवार को प्रयागराज के चकिया इलाके में रोड गार्डन में आयोजित बीजेपी के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जहां सपा विधायक पूजा पाल मौजूद थी। पूजा पाल कौशांबी की चायल विधानसभा सीट से विधायक हैं। सपा विधायक पूजा पाल की एक तस्वीर सामने आने से खलबली मच गयी है। जिससे समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की मुसीबत बढ़ सकती है। सपा की महिला विधायक पूजा पाल ने भाजपा प्रत्याशी का चुनाव प्रचार कर यह साबित कर दिया है कि वह भाजपा की हो गई हैं।

पूजा पाल काफी देर तक भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रही और चुनाव को लेकर चर्चा की। पूजा पाल ने यहां भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ तस्वीर भी खिंचवाई थी। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ खिंचवाई गई तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी। हालांकि, इस मामले में सपा विधायक पूजा पाल ने अभी तक अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# इलाहाबाद व फूलपुर सीट पर आज डाले जाएंगे वोट

## प्रशासन ने पूरी कीं तैयारियां, पोलिंग पार्टियां ईवीएम मशीन लेकर मतदान स्थल को रवाना

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद और फूलपुर संसदीय सीटों पर 25 मई शनिवार को मतदान होगा। प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को पोलिंग पार्टियां ईवीएम मशीन लेकर रवाना कर दिये गये हैं। इसके लिए शहर में चार केंद्र बनाए गए हैं। जहां से पोलिंग पार्टियां मतदान स्थल तक जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने सभी अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंप दी है।

25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने परेड ग्राउंड, केपी इंटर कॉलेज, नार्दर्न रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिंटिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैदान से पोलिंग पार्टी को रवाना किया। जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक परेड ग्राउंड से मेजा करछना, बारा, कोरांव, प्रतापपुर और हंडिया और केपी कॉलेज से इलाहाबाद पश्चिमी, उत्तरी और दक्षिणी, एमएनएनआईटी से फाफामऊ और सोरांव व नार्दन रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिंटिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैदान से फूलपुर पोलिंग पार्टियां भेजे जा रहे है।

**जिले में 4712 बूथों पर होगा मतदान :** जनपद में 4712 बूथों पर शनिवार को मतदान होगा। सभी बूथ पर चार मतदानकर्मियों की तैनाती की गयी है। करीब 21 हजार मतदानकर्मियों को लगाया गया हैं। डीएम नवनीत सिंह चहल ने बैठक कर तैयारियों की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिया।

**केंद्रों पर मिलेंगी सुविधाएं :** डीएम ने चारों स्थलों पर बिजली और पंडाल के साथ डॉक्टरों की टीम एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था करने का निर्देश जारी किया है।

**1112 वाहनों की कराई गई व्यवस्था :** पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्र तक सकुशल पहुंचने के साथ उन्हें वापस लाने के लिए भी उन्हीं वाहनो का उपयोग किया जायेगा। इसके लिए 1112 वाहनों को लगाया गया है। कुछ अतिरिक्त वाहनों को भी मंगाया गया है।

**हर बूथ पर मिलेगी सूची व पर्ची :** हर विधानसभा क्षेत्र के बूथ पर मतदाता सुविधा केंद्र की व्यवस्था होगी। जहां मतदाता सूची और पर्ची उपलब्ध कराई जाएगी। हर बूथ पर एक बीएलओ मौजूद होगा।

**386 क्रिटिकल बूथ :** जिले में 179 क्रिटिकल मतदान केंद्र, 386 बूथ चिह्नित किए गए हैं। सबसे अधिक इलाहाबाद में 125 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं। फूलपुर में 35, भदोही आंशिक में 15 स्थल क्रिटिकल हैं। इन मतदान स्थलों पर माइक्रो ऑब्जर्वर नजर रखेंगे। जिले के कुल 2368 बूथों की वेबकॉस्टिंग भी की जाएगी।

**मतदाता पहचान पत्र नहीं तो घबराए नहीं :** मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो 12 अन्य तरह के पहचान पत्र में से कोई एक को दिखाकर वोट डाला जा सकेगा। ये पहचान पत्र आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त बैंक पासबुक, श्रम विभाग की ओर से जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, डीएल, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र, यूडीआईडी कार्ड, सांसद-विधायकों के पहचान हैं।



मतदेय स्थलों के लिए रवाना होने से पहले परेड ग्राउंड में ईवीएम को सील करते मतदान कर्मी। अमृत विचार

### मुंडेरा मंडी के स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी ईवीएम

प्रयागराज में दोनों लोकसभा क्षेत्रों के अतिरिक्त कुछ भाग प्रतापपुर और हंडिया विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इसके बाद ईवीएम मुंडेरा मंडी परिसर में बने स्ट्रांग रूम में रखी जाएगी।

### पिंक और दिव्यांग बूथ की व्यवस्था

प्रत्येक विधानसभा में पिकक बूथ और दिव्यांग बूथ की व्यवस्था भी की गई है। पिंक बूथ पर महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा बाहर विधानसभा में पांच पांच मॉडल बूथ भी बनाए जाएंगे।

### इलाहाबाद सीट

- कुल मतदाता –1825730
- कुल महिला मतदाता – 837149
- कुल पुरुष मतदाता – 988343
- अन्य मतदाता – 238
- मतदान केंद्र – 934
- बूथ –1813

### फूलपुर सीट

- कुल मतदाता – 2067043
- कुल महिला मतदाता – 944827
- कुल पुरुष मतदाता – 1122020
- अन्य मतदाता – 196
- मतदान केंद्र – 858
- बूथ – 2068

### भदोही आंशिक

- कुल मतदाता – 817711
- महिला मतदाता – 376176
- पुरुष मतदाता – 441449
- अन्य मतदाता – 86
- मतदान केंद्र – 449
- बूथ – 831
- जोन – 47
- सेक्टर – 378

# अतिसंवेदनशील बूथों की करें विशेष निगरानी

## विशेष प्रेक्षक ने अधिकारियों के साथ बैठक कर की चुनाव तैयारी की समीक्षा, दिए निर्देश

संवाददाता, मिर्जापुर

▸▸ मतदाताओं के लिए पेयजल शौचालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं कराएं उपलब्ध

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष प्रेक्षक सामान्य अजय वी. नायक एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह तथा विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर दोनों जनपदों में चुनावी तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली।

अजय नायक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय, रैम्प सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर की गयी तैयारियों, पोस्टल बैलेट, मतदान केन्द्रों पर की जाने वाली वेबकास्टिंग व्यवस्था, माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती, सीएपीएफ की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वर्नलेबुल एवं संवेदनशील/अतिसंवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिये। प्रेक्षक ने सभी विधानसभावार सहायक रिटर्निंग आफिसर से भी उनके द्वारा की गयी तैयारियों के बारे में जानकारी ली व आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

विशेष व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों के द्वारा की जाने वाले व्यय विवरण के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी प्रत्याशियों द्वारा व्यय किये गये विवरण नियमानुसार निर्धारित तिथि पर जांच अवश्य कराएं। उन्होंने मादक पदार्थों/शराब व अन्य तरह के कैश आदि की जब्ती व एमसीएमस के विवरण के बारे में जानकारी ली।

विशेष प्रेक्षक पुलिस मनमोहन सिंह ने कहा कि मतदान केन्द्र व किसी अन्य स्थल पर किसी प्रकार की घटना होने पर पुलिस के पहुंचने के रिस्पांस टाइम को निर्धारित करते हुए चेक किया जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मडिया पर निगरानी रखते हुए किसी घटना/समाचार को संज्ञान लेते हुए प्रभावी कार्रवाई की जाए, पुलिस निष्पक्षतापूर्वक कार्य करे ताकि निर्वाचन को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।

बैठक में अधिकारियों ने अपने जनपदों के मतदान केन्द्रों की संख्या, कार्मिकों की संख्या व वाहनों की संख्या तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



अधिकारियों के साथ बैठक करते विशेष प्रेक्षक अजय वी. नायक। अमृत विचार

## ईवीएम प्रशिक्षण का निरीक्षण कर ली जानकारी

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया में चल रहे पीठासीन/मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली और उसे अपने सामने संचालित कराकर जानकारी ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों के लिए लगाये गये वोटर फैसिलिटेशन सेंटर में भी पहुंचकर जानकारी ली। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजकीय पॉलीटेक्निक में चल रहे मतदान कार्मिकों की रवानगी, ईवीएम मशीनों व अन्य निर्वाचन प्रपत्र के रखरखाव/पैकिंग के कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण की जानकारी लेतीं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन।



सिविल बार एसोसिएशन कुंडा के शपथ ग्रहण में उपस्थित नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

## सिविल बार एसो. के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**अमृत विचार, कुण्डा (प्रतापगढ़) :** सिविल बार एसोसिएशन कुण्डा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण को समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। जिला जज अब्दुल शाहिद ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी। उन्होंने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा न्याय व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। इसके लिए बार और बेंच का आपसी सामंजस्य बना रहे। सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता हनुमान प्रसाद पाण्डेय ने किया। इस दौरान अधिवक्ता वैभव पाण्डेय,अनुराग शुक्ल,सुधीर कुमार पाण्डेय,सुनील कुमार श्रीवास्तव घनश्याम शुक्ल,विनय शुक्ला, सिद्धार्थ शुक्ला, अमित तिवारी शुभम शुक्ला आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक और किशोर की मौत, दो घायल

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

▸▸ टक्कर मारने वाला चालक वाहन समेत फरार

▸▸ बाइक पर सवार थे चार लोग बारात से लौट रहे थे

**अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव में गुरुवार की देर रात में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक पर सवार चार लोगों में एक युवक व किशोर की घटना स्थल पर मौत हो गई, जबकि एक युवक व किशोर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाने के साथ मृत युवक व किशोर के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हलिया थाना क्षेत्र के हलिया हरिजन बस्ती निवासी संतोष कुमार (40) भाई श्रवण कुमार (24), शुभम कुमार (15) व आशीष कुमार (13) के साथ सिलहटा गांव में बारात में शामिल होने के बाद बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे गुर्गी गांव में पहुंचे कि सामने से आ रहे अज्ञात वाहन से टक्कर होने से बाइक सवार संतोष कुमार व शुभम कुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि श्रवण कुमार व आशीष कुमार घायल हो गए। मौके से अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने मृत युवक व किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश करने में जुट गई है। मृत युवक व किशोर के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि बाइक सवार की अज्ञात वाहन से आमने-सामने टक्कर होने से बाइक सवार युवक व किशोर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है, जबकि बाइक सवार युवक व किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

### गंगा में तीन बच्चियां डूबीं, एक की मौत

**अमृत विचार, चुनार (मिर्जापुर) :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के शिवाला घाट पर शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे गंगा स्नान के दौरान तीन बच्चियां (उम्र लगभग 10 से 11 वर्ष) डूबने लगीं। जिनमें दो बच्चियों को पास ही मछली पकड़ रहे मछुआरों ने बचा लिया, जबकि एक गहरे पानी में डूब गई। बच्चियों के साथ घर की महिलाएं भी आई थीं।

बताया जा रहा है कि गंगा में स्नान करते समय डूबी बच्ची शबाना (10) निवासी ग्राम डबक, जमालपुर अपने मामा के घर 28 व 29 मई को होने वाले शादी में शामिल होने के लिए मां राबिया के साथ सराय टेकउर, चुनार आई थी। गोताखोरों द्वारा शबाना का शव करीब 5 घंटे बाद गंगा से खोज निकाला।

## बैंक कैशियर की लापरवाही से दस हजार रुपये लेकर फरार

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

▸▸ एक खाताधारक का पैसा दूसरे को दे दिया

▸▸ सीसीटीवी की फुटेज से की जा रही युवक की तलाश

**अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा हलिया के कैशियर की लापरवाही से पैसा निकालने के लिए शुक्रवार को आये खाताधारक का दस हजार रुपये कैशियर ने दूसरे खाताधारक को दे दिया। पैसा लेकर जाने वाले खाताधारक की तलाश बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से की जा रही है।

बैंक का एक खाताधारक बैंक से पैसा निकालने के लिए दस हजार रुपये का विड्रॉल भरकर कैशियर के पास जमा कर नगद का इंतजार कर रहा था कि इसी बीच कैशियर के पास पंहुचे दूसरे खाताधारक को कैशियर द्वारा बिना पहचान किये दस हजार रुपये दे दिया गया और वह पैसा लेकर बैंक से चला गया। जब पहले खाताधारक को नगद नहीं मिला, तब जाकर कैशियर को जानकारी हुई तब तक दूसरा खाताधारक बैंक से पैसा लेकर जा चुका था। घटना के बाद बैंक में अफरातफरी मच गई। शाखा प्रबंधक भूप सिंह सोनल बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से युवक की पहचान कराने में जुट गए, लेकिन पहचान नहीं हो पाई है।

## एक नजर

### मनरेगा के तहत 51 ग्राम पंचायतों में शुरू हुआ काम

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की 106 ग्राम पंचायतों में से मनरेगा के तहत 51 ग्राम पंचायतो में कार्य शुरू हो गया है। ब्लॉक के एपीओ राजेश कुमार सोनी ने बताया कि अन्य ग्राम पंचायतो में मनरेगा का कार्य शुरू किए जाने के लिए ग्राम रोजगार सेवकों से मांग पत्र ब्लॉक मुख्यालय को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन ग्राम पंचायतो में मनरेगा का कार्य शीघ्र ही नहीं शुरू कर दिया जाएगा उन ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवकों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के लिए संस्तुति कर दी जाएगी।

### 135 राजस्व गांवों में डिजिटल क्रॉप सर्वे शुरू

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के 135 राजस्व गांवों में जायद फसलों और गन्ने की फसल का डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य गत् 15 मई से शुरू किया गया है। ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी कृषि रामवीर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार राजस्व गांवो में लगे सर्वे कर्ताओं को आगामी 31 मई तक कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया गया है।

### दरोगा की गाड़ी में टेम्पो ने मारी टक्कर, मामला दर्ज

**परसपुर, अमृत विचार :** दरोगा की गाड़ी में पीछे से अनियंत्रित टेम्पो ने टक्कर मार दी जिससे दरोगा की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना पर पुलिस द्वारा अज्ञात टेम्पो चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। परसपुर थाना अन्तर्गत पसका चौकी प्रभारी पवन कुमार सिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि वह अपनी निजी वाहन से इलाहाबाद हाईकोर्ट जा रहे थे कि भोंदू पुरवा आंटा के पास पीछे से आ रहे टैम्पो ने उनकी कार में ठोकर मार दी। जब तक वह वाहन रोककर उतरते टैम्पो चालक फरार हो गया। ठोकर से उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

# टिकरी जंगल में मिला युवती का शव, हत्या की आशंका

## पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटक रहा था शव, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचार:** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के टिकरी जंगल में शुक्रवार को एक युवती का शव सागौन के पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटकता पाया गया। वन कर्मी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवती के हाथ पर खुशबू लिखा हुआ है लेकिन वह कहां की रहने वाली है इसका पता नहीं चल सका है। युवती की हत्या कर शव जंगल में लटकाए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाग स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल मृतका की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।


जांच करती पुलिस।


मृतका के हाथ पर गुदा नाम। अमृत विचार

टिकरी वन रेंज के वन रक्षक योगेश मिश्र के मुताबिक शुक्रवार को रुदापुर माता मंदिर के बगल बुटहनी गांव जाने वाले रास्ते पर गस्त के लिए जा रहे थे कि सड़क से कुछ दूरी पर दुर्गंध आती महसूस हुई। उन्होंने जंगल के भीतर जाकर देखा तो एक युवती की लाश पेड़ पर दुपट्टे को सहारे लटक रही थी। देखने से शव दो से तीन दिन पुराना लग रहा था। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। वनकर्मी के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। देखने में युवती की उम्र करीब 25 वर्ष के आसपास लग रही थी। उसके एक हाथ पर खुशबू लिखा हुआ था। पुलिस ने आस पास मौजूद लोगों से युवती की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। आशंका है कि युवती की हत्या कर उसका शव जंगल के बीच लाकर लटकाया गया है। फिलहाल इसको लेकर तरह तरह की चर्चा हो रही है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि वन विभाग के सूचना पर मौके से पेड़ से लटक रहे करीब 25 वर्षीय युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के हाथ पर खुशबू लिखा हुआ है। मृतका के हाथ में कलावा व पैरों में पायल पहने हुए थी। हालांकि उसकी पहचान नहीं हो सकी है। आसपास के थानों में भी सूचना भेजी गयी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत स्पष्ट हो पायेगा की कैसे मौत हुई है। शव की पहचान करने के साथ पुलिस प्रत्येक पहलू पर जांच कर रही है।

### ग्राम पंचायत बरौली में अज्ञात कारणों से लगी आग चार घर जले

**संवाददाता, उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरौली में अज्ञात कारणों से लगी आग में चार लोगों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। हल्का लेखपाल ने 1 लाख से अधिक के नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है। ग्राम पंचायत बरौली के बखरिहा में शुक्रवार को अज्ञात कारणों से आग लगने के बाद रक्षाराम, सुखराम जगदीश व रामआसरे का फूस का छप्पर व उसमें रखा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया चारों लोगों का 15 हजार नगद सहित 14 कुंतल गेहूं व 50 कुंतल भूसा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों द्वारा कड़ी मशक्कत व दमकल के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया। हल्का लेखपाल अवधेश चौबे ने बताया कि क्षति का आकलन किया जा रहा है।

# हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

## भारतीय जनता पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** भाजपा ने शुक्रवार को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। ज्ञापन में ममता सरकार के धार्मिक आधार पर किए गए आरक्षण को निरस्त करने के कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की गयी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप बम बम ने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने ओबीसी आरक्षण धार्मिक आधार देने का फैसला किया था जिसे कोलकाता हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोर्ट के फैसले पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि ममता सरकार के फैसले को हाईकोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किया है लेकिन ममता बनर्जी सरकार का अड़ियल रवैया ओबीसी वर्ग व संविधान के विपरीत है। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंप हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा प्रिंस चौरसिया, क्षेत्रीय मंत्री रंजीत बाबा व भूपेंद्र आर्य, विनोद यादव, शेष चौरसिया राम गोपाल साहू, मनोज विश्वकर्मा, संतोष चौरसिया, धर्मेन्द्र चौहान, अनूप जायसवाल, दिनेश प्रजापति व ओबीसी मोर्चा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।


ज्ञापन सौंपते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### सड़क दुर्घटना में दंपति घायल

**करनैलगंज, अमृत विचार :** गोंडा-लखनऊ मार्ग पर कादीपुर के पास हादसे में बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बृहस्पतिवार की रात कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम गोनवा निवासी अंग्रेज गुप्ता अपनी पत्नी के साथ ससुराल से वापस लौट रहे थे। अभी वह अपने गांव के समीप मनोज धर्म कांटा के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने सीएचसी करनैलगंज पहुंचाया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# हॉस्टल में नहीं मिली छात्रा, मचा हड़कंप

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** अंतू के कस्तूरबा गांधी विद्यालय की कक्षा-6 की छात्रा गुरुवार रात छात्रावास से गायब हो गई। जानकारी पर स्कूल में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस व शिक्षा विभाग के अधिकारी उसे रात भर खोजते रहे। भोर में वह अपने चचेरे मामा के घर मिली। वार्डेन की तहरीर पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। छात्रा को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के गोडे गांव निवासी इंद्र बहादुर की पुत्री शालू (11) अंतू क्षेत्र के बाबूगंज स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में कक्षा-6 की छात्रा है। 15 अप्रैल को छात्रा

**▸▸ दूसरे दिन अपने चचेरे मामा के घर मिली तो पुलिस ने राहत की सांस ली**

का कस्तूरबा गांधी विद्यालय में प्रवेश हुआ था। दो दिन पूर्व उसकी मां रीता उसे स्कूल में छोड़कर गई थी। गुरुवार रात करीब 9 बजे स्कूल की छात्राएं खाना खाकर टीवी देख रही थीं, तभी शालू रहस्यमय ढंग से छात्रावास से गायब हो गई। जब छात्राएं कमरे में गईं तो शालू के कमरे में न होने की सूचना छात्राओं ने वार्डेन को दी। छात्रावास में खोजबीन के बाद वह नहीं मिली तो वार्डेन ने इसकी सूचना परिजनों के साथ जिले के शिक्षा अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर परिजन स्कूल पहुंचे, शिक्षा विभाग के अधिकारी भी आ गए। पुलिस को सूचना दी गई। रात में ही पुलिस भी स्कूल पहुंच गई। पुलिस शिक्षा विभाग के अधिकारियों व परिजनों को लेकर रिशतेदारों के घर के साथ संभावित स्थानों पर ढूंढती रही। छात्रा के पास कोई मोबाइल फोन न होने से वह लोकेशन ट्रेस नहीं कर पा रही थी। जिससे प्रशासन के लोगों के हाथपांव फूल गए। भोर में वह अंतू क्षेत्र के बैजलपुर में अपने चचेरे मामा के घर मिली तो पुलिस ने राहत की सांस ली।

छात्रा ने बताया कि उसका हॉस्टल में मन नहीं लगता है। जिससे वह भाग कर एक टैंपो से अपने मामा के घर चली आई थी। पुलिस वार्डेन मीरा यादव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।


नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं रानीगंज नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा गुप्ता।

### नगर पालिकाध्यक्ष को अर्पित की पुष्पांजलि

**अमृत विचार, प्रतापगढ़ :** नगर पालिकाध्यक्ष हरि प्रताप सिंह का शव शुक्रवार सुबह 10 बजे अंतिम दर्शन के लिए नगर पालिका के कार्यालय परिसर में लाया गया। इस दौरान आयोजित शोकसभा में उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। ईओ राम अचल कुरील, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डॉ. एसके सिंह, सभासद धीरज सिंह, योगेश सिंह, आशुतोष सिंह, आशीष जायसवाल, पूर्व सभासद ज्ञानेश मिश्र, राजेश सिंह आदि ने पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। रानीगंज प्रतिनिधि के अनुसार, नगर पंचायत रानीगंज में अध्यक्ष मीरा गुप्ता, बद्री गुप्ता एवं ईओ महेंद्र सिंह के मौजूदगी में शोक सभा का आयोजन किया गया।

### छप्पर रखने के विवाद को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार, नवाबगंज :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के व्यौंदा मांझा गांव में छप्पर रखने के लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। इस मारपीट में एक व्यक्ति को चोटें आई हैं। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित बाप बेटे के खिलाेर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के व्यौंदा मांझा गांव निवासी सभाजीत यादव ने थाने पर दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि विपक्षी नंदकुमार कुमार यादव निवासी उपरोक्त ने जबरदस्ती के बल पर उसकी जमीन में छप्पर रख रहे थे। मना करने पर विपक्षी नंदकुमार कुमार यादव और उनके बेटे मित्र सेन यादव ने गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे जिससे हाथ में गंभीर चोंटे आई। शोर सुनकर आसपास के लोग बचाव करने आए और विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर पिता और पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# शहीद जवान को प्रमोद तिवारी ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, लालगंज (प्रतापगढ़)

**अमृत विचार :** रामपुर खास के सांगीपुर क्षेत्र के पूरे नरायनदास में राजकुमार पाल (50) वायुसेना में नान कॉम्बैट पद पर तैनात थे। तबादले के बाद नई दिल्ली से अलवर कार्यभार ग्रहण करने पहुंचने पर गुरुवार को मस्तिष्क आघात से राजकुमार पाल की सांसें थम गयीं। गुरुवार की शाम बलिदानी सैनिक का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। सेना की टुकड़ी ने शुक्रवार की सुबह बलिदानी सैनिक को सशस्त्र सलामी दी।

इसके बाद उनका शव मानिकपुर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी अपनी बेटी प्रो.डॉ. विजयश्री सोना के साथ बलिदानी सैनिक के गांव पहुंचे और स्वयं व विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।


शहीद राजकुमार के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि देते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व उनकी पुत्री विजयश्री सोना।

# एएनएम पर लगाया अभद्रता का आरोप, की शिकायत

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

**अमृत विचार :** स्थानीय विकास खंड के अमदह गांव में कार्यरत एक आशा कार्यकर्ता ने गड़बड़ा राजा उपकेंद्र पर कार्यरत एक एएनएम पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है।

गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के प्रभारी चिकित्साधिकारी को पत्रक देकर एएनएम के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिए गए पत्रक में आशा कार्यकर्ता ने आरोप लगाया कि बीते बुधवार को प्राथमिक विद्यालय अमदह में बच्चों और महिलाओं को टीकाकरण करवाने के लिए बुलाकर ले गई, जहां एएनएम ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया। वह मामले की शिकायत फोन से बीसीपीएम से कर रही थी कि उसी दौरान एएनएम ने कुर्सी से नीचे गिरा दिया और अपशब्दों का प्रयोग करने लगी।

एएनएम के इस कृत्य से मानसिक रूप से पीड़ित हूं। आशा कार्यकर्ता ने पत्रक देकर एएनएम के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में हलिया के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि आशा कार्यकर्ता द्वारा पत्रक दिया गया है, मामले की जांच की जाएगी।

# हाईवे पर चल रहा रिपेयरिंग का काम सुरक्षा मानकों की हो रही अनदेखी

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** गोंडा-लखनऊ फोरलेन मार्ग मरम्मत कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी का मामला सामने आया है। सड़क मरम्मत में लगे कर्मी न तो स्वयं ही सुरक्षा उपकरण धारण कर रहे है और न ही निर्माण स्थल पर वाहन चालकों को निर्देशित करने वाले सड़क सुरक्षा चिन्ह ही लगा रहे हैं। जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है।

गोंडा-लखनऊ हाईवे पर करनैलगंज के आसपास फोरलेन की खराब सड़क की रिपेयरिंग का काम चल रहा है। रिपेयरिंग के इस काम में केवल मजदूर ही लगाए गए हैं। जो बिना हेलमेट, जूता व सुरक्षा जैकेट के ही सड़क की रिपेयरिंग कर रहे है। यही नहीं इन मजदूरों द्वारा रिपेयरिंग स्थल से निकलने वाले वाहनों के लिए लेन डायवर्जन या अन्य किसी प्रकार के निर्देश सड़क पर नहीं लगाए हैं। जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। जब इस विषय में सड़क पर काम कर रहे लोगों से पूछा गया तो उनका कहना था कि सुरक्षा उपकरणों के न होने से खतरा तो रहता ही, लेकिन हम लोग क्या कर सकते है। साहब लोग कुछ उपलब्ध ही नहीं कराते।


बिना सुरक्षा उपकरण सड़क की मरम्मत में लगे श्रमिक। अमृत विचार

# गोंडा में स्थापित होगी तुलसीदास डिजिटल लाइब्रेरी

## अवधी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भौतिक व इलेक्ट्रॉनिक रूप से तैयार किया जा रहा बुनियादी ढांचा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** अवधी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए जिले के सूकरखेत क्षेत्र के छतौनी गांव में गोस्वामी तुलसीदास डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। इसके लिए भौतिक तथा इलेक्ट्रानिक रूप से बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है। यह जानकारी अवध संस्कृति उत्कर्ष समिति के अध्यक्ष महेश सिंह ने सिविल लाइंस क्षेत्र में आयोजित समिति के कार्यकारिणी की बैठक में दी।

जिले के प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. सूर्यपाल सिंह के आवास स्थान पर आयोजित बैठक में उन्होंने बताया कि इसके लिए भवन निर्माण तथा साफ्टवेयर डेवलपमेंट का काम शुरू कर दिया गया है। इनके पूर्ण होते ही इसे मूर्त रूप प्रदान किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डा. सूर्यपाल सिंह ने कहा कि अवधी भाषा के संरक्षण तथा संवर्द्धन के लिए तो हम मिलकर काम अवश्य करें किंतु हिंदी और अवधी को अलग बिल्कुल न होने दें। उन्होंने अवधी के लेखकों से अपील किया कि वे अवधी में अपने आलेख और कविताएं उन्हें प्रेषित करें, जिसे उनकी पत्रिका 'पूर्वापर' में नियमित स्थान दिया जाएगा। प्रो. महराज दीन पांडेय ने कहा कि हमारा उद्देश्य अवध की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। प्रो. मंशाराम वर्मा ने कहा कि अवध की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रचारित करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

वरिष्ठ पत्रकार जानकी शरण द्विवेदी ने कहा कि अवधी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन पर कई महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए एक सोशल मीडिया टीम के गठन का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि समिति के प्रयासों से अवध की संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा और इसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान मिलेगी। उन्होंने सभी सदस्यों से आगामी कार्यक्रमों के लिए अपनी पूरी मेहनत और समर्पण के साथ काम करने की अपील की। संचालन डॉ. संत शरण त्रिपाठी ने किया। बैठक में पिछले वर्ष के दौरान किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

समिति के अध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने पिछले वर्ष के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष डा. श्रीनारायण तिवारी ने वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि पिछले वर्ष समिति को विभिन्न स्रोतों से अच्छा वित्तीय समर्थन प्राप्त हुआ था। उन्होंने सभी दाताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि समिति के कार्यों को सफल बनाने में उनके योगदान का महत्वपूर्ण स्थान है।



बैठक में मौजूद अवध संस्कृति उत्कर्ष समिति के लोग। अमृत विचार

**लापरवाही** — लाइसेंस न लेने पर दस लाख जुर्माने का है प्रावधान, आबकारी महकमे की अनदेखी से सरकारी राजस्व को लग रहा चूना

# बिना फूड लाइसेंस गोंडा में चल रहीं शराब की 300 दुकानें

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में 300 से अधिक शराब की दुकान बिना फूड लाइसेंस के संचालित हो रही हैं। शराब की दुकान संचालित करने के लिए फूड लाइसेंस लेना आवश्यक है, लेकिन अधिकतर शराब विक्रेताओं ने इस लाइसेंस को लेना जरूरी ही नहीं समझा। जबकि बिना फूड लाइसेंस के दुकान संचालित करने पर 10 लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। आबकारी महकमे की लापरवाही से सरकारी राजस्व को चूना लग रहा है।

सरकारी शराब की दुकान के लिए आबाकारी महकमा लाइसेंस जारी करता है। लॉटरी के आधार पर दुकानें आवंटित की जाती हैं। लेकिन दुकान संचालन के लिए आबकारी विभाग के साथ साथ खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से भी लाइसेंस लेना होता है। यह लाइसेंस लेने को बाद ही दुकान संचालित की जा सकती है। अगर कोई बिना फूड लाइसेंस लिए शराब की दुकान का संचालन कर रहा है तो उस पर 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है लेकिन यहां जिले में ठीक उल्टा हो रहा है। आबकारी विभाग से लाइसेंस मिलने के बाद शराब विक्रेता फूड विभाग से लाइसेंस लेना जरूरी नहीं समझते। आबकारी विभाग की लापरवाही से यह पूरा खेल चल रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो जिले में करीब 425 शराब की दुकानों कि संचालन होता है। इनमें से महज 125 के आसपास दुकानदारों ने फूड विभाग से लाइसेंस लिया है जबकि 300 दुकानें बिना फूड लाइसेंस के संचालित हो रही हैं।



> सभी दुकानों का लाइसेंस खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की ओर से होना चाहिए। उसी में शराब की भी दुकान आती हैं। जनपद में 400 से अधिक दुकानें संचालित हैं, लेकिन करीब 125 दुकानों का ही लाइसेंस जारी किया गया है। धारा 63 के मुताबिक लाइसेंस न होने पर बिक्री करने पर 10 लाख तक का जुर्माना लगाया जाने का प्रावधान है तथा दुकान को बंद भी कराया जा सकता है। जिले में लाइसेंस को लेकर अभियान चलाया जाएगा।
>
> **-अजीत कुमार मिश्रा,** अभिहित अधिकारी द्वितीय-खाद्य एवं औषधि प्रशासन

### लाइसेंस के लिए जल्द चलेगा अभियान

नियम के मुताबिक सभी दुकानदारों को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से लाइसेंस लेना होता है। दुकान चाहे सरकारी हो या निजी लाइसेंस सबके लिए जरूरी होता है। समय-समय पर अभियान चलाकर लाइसेंस जारी भी किया जाता है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से कई बार अभियान चलाकर लाइसेंस जारी करने की कार्य योजना भी बनी लेकिन यह योजना धरातल पर नहीं आ सकी। औषधि प्रशासन विभाग के अफसर अभियान चलाने का दावा करके लाइसेंस जारी करने की बात कह रहे हैं। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि लोकसभा चुनाव संपन्न हो गया है मतगणना हो जाने के बाद पूरे जिले में लाइसेंस को लेकर अभियान चलाया जाएगा।

# संस्कृत महाविद्यालय से लापता दो विद्यार्थी रामपैड़ी पर नहाते मिले

संवाददाता, उमरी बेगमगंज

**अमृत विचार:** अयोध्या के राजगोपाल संस्कृत महाविद्यालय से बृहस्पतिवार को लापता हुए दो छात्र शुक्रवार की सुबह अयोध्या स्थित राम पैड़ी पर सरयू स्नान करते हुए मिल गए। बच्चों के बरामदगी के बाद उन्हे तलाश रहे परिजनों ने राहत की सांस ली है। बरामद छात्र ने बताया कि मौसी ने उसे दो थप्पड़ मार दिया था जिससे नाराज होकर वह स्कूल से गायब हो गया था।

उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बरौली निवासी विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि उनका भाई अमित मिश्रा और उनके रिश्तेदार परास निवासी गुड्डू मिश्रा का लड़का अंश मिश्रा दोनों का 17 मई को अयोध्या के श्री राजगोपाल महाविद्यालय में संस्कृत पढ़ने के लिए एडमिशन कराया गया था। बृहस्पतिवार को सुबह 9 बजे दोनों बच्चे अचानक स्कूल से गायब हो गए। बच्चों के गायब होने के संबंध में जब परिजनों ने विद्यालय प्रशासन के लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने जानकारी नहीं होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। इस पर विनय ने अयोध्या कोतवाली पुलिस को छात्रों के स्कूल से लापता सूचना दी लेकिन पुलिस ने इस सूचना पर कोई एक्शन नही लिया तो परिजन खुद ही बच्चों की तलाश में जुट गए। विनय ने बताया की रात भर वह सभी अयोध्या शहर की खाक छानते रहे लेकिन दोनों छात्रों का पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह जब वह लोग नया घाट पर बच्चों को तलाश रहे थे तो दोनों राम पौड़ी पर सरयू स्नान करते हुए मिल गए। विनय ने बताया कि जब दोनों से पूछताछ की गई तो पता चला कि दो दिन पहले उसकी मौसी अपने बेटे से मिलने गई थी। मौसी से उसने घर वापस चलने की जिद की थी जिस पर मौसी ने उसे दो थप्पड़ मार दिया था। इसी से आहत होकर दोनों ने प्लानिंग की और विद्यालय में घर जाने को बोलकर दूसरे मंदिर पहुंच गए और वहीं पर छुपे हुए थे।

छठा चरण

उत्तर प्रदेश में छठे चरण में 14 लोकसभा सीटों सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, श्रावस्ती, बस्ती, डुमरियागंज, अंबेडकरनगर, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर व भदोही में शनिवार को वोट डाले जाएंगे। 2019 के चुनाव में भाजपा इनमें नौ सीटें ही जीत सकी थी। चार सीटें लालगंज, श्रावस्ती, अंबेडकर नगर और जौनपुर में बसपा जीती थी, जबकि आजमगढ़ सीट सपा के खाते में गई थी, जो उसने उपचुनाव में गंवा दी थी। ऐसे में भाजपा के सामने इस बार पिछले प्रदर्शन से आगे निकलने की चुनौती है, तो सपा के पीडीए की असली परीक्षा पूर्वांचल में ही मानी जा रही है, जबकि बसपा के सामने पिछली बार जितनी सीटें जीतकर आधार बचाने का दबाव है। इन 14 में आधी सीटों पर भाजपा और सपा में जोरदार मुकाबला देखने में आया है। माना जा रहा है कि यहां जातीय समीकरणों के चलते पलड़ा किसी ओर भी झुक सकता है।

# छठे चरण की सीटें आठ, जिन पर लड़ाई आर-पार

**14** लोकसभा सीटों पर आज मतदान, आधी सीटों पर कड़ा संघर्ष

**09** सीटें ही इनमें भाजपा 2019 के चुनाव में जीत सकी थी।

दिग्विजय सिंह

### आजमगढ़ का रण जीतने पूरा सैफई कुनबा उतरा

आजमगढ़ सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। 2014 में स्व. मुलायम सिंह यादव और 2019 में अखिलेश यादव यहां से जीते थे। लेकिन अखिलेश ने करहल विधासभा सीट जीतने के बाद आजमगढ़ सीट से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद हुए उपचुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को हरा दिया था। इस बार फिर से धर्मेंद्र को चुनावी मैदान में उतारकर पूरा यादव कुनबा उस हार का बदला लेने को आतुर है। 2022 के उपचुनाव में धर्मेंद्र को करीब 3.04 लाख वोट मिले थे। वह निरहुआ से सिर्फ आठ हजार वोटों से पीछे रह गए थे। बसपा से उतरे गुड्डू जमाली को 2.66 लाख वोट मिले थे। उन्हें ही हार का जिम्मेदार माना गया था। जमाली अब सपा में हैं। बसपा से इस बार मशहूद अहमद ताल ठोंक रहे हैं, पर उनके लिए जमाली जैसा समर्थन नहीं नजर आ रहा है। हालांकि भाजपा सांसद निरहुआ को दूसरी जीत का पूरा भरोसा है। लेकिन आंकड़े सपा के पक्ष में दिख रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटें सपा के पास हैं। पार्टी के मुख्य वोट बैंक, मुस्लिम और यादवों की संख्या यहां ज्यादा है। अनुमान है कि यादवों की आबादी 21 फीसदी, दलितों की 20 फीसदी और मुसलमानों की आबादी 17 फीसदी है।



### श्रावस्ती में बूथ जीतने के लिए कांटे का संघर्ष

- श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र ब्राह्मण-मुस्लिम बहुल है। परिसीमन के बाद 2009 में यहां पहली बार चुनाव हुआ था। पिछले तीन चुनावों में कांग्रेस, भाजपा व बसपा एक-एक बार जीती है। 2019 में बसपा के राम शिरोमणि शर्मा ने भाजपा सांसद दद्दन मिश्रा को 5,320 मतों से हरा दिया था। कांग्रेस के धीरेंद्र प्रताप सिंह 58 हजार मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। यहां मतों की लड़ाई को 2014 के चुनाव से समझा जा सकता है, जब भाजपा से जीते दद्दन मिश्रा को 3 .45 लाख, सपा के अतीक अहमद को 2 .60, बसपा के लालजी वर्मा को 1,94 लाख वोट मिले थे। इस बार यहां भाजपा प्रत्याशी राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के पुत्र साकेत मिश्र ने ब्राह्मण मतों के साथ पार्टी के परंपरागत मतों को अपने पक्ष में गोलबंद कर रखा है। सांसद रामशिरोमणि वर्मा बसपा छोड़कर सपा से उतरे थे। बसपा ने मुइनुद्दीन अहमद खान को मैदान में उतारा था। यहां लोगों का कहना है कि मुस्लिम मत बसपा और सपा में बंटते नजर आ रहे हैं। ऐसे में दलित मत निर्णायक भूमिका में आ गए हैं, जिन पर तीनों प्रत्याशी अपना-अपना दावा कर रहे हैं। कांटे के मुकाबले में प्रचार खत्म होने के बाद लड़ाई अब बूथ जीतने की कोशिश में बदल गई है।

### जौनपुर में वोटों का बंटवारा, भाजपा को धनंजय की ताकत

- जौनपुर सीट पर 1996 से भाजपा और बसपा को तीन-तीन बार जीत मिली है। सपा यहां दो बार जीती है। इस बार यहां बसपा से सांसद श्याम सिंह यादव, भाजपा के कृपाशंकर सिंह और सपा से उतरे पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा के बीच तिकोना मुकाबला हुआ है। भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रह चुके हैं, लेकिन रहने वाले जौनपुर के हैं। जौनपुर के बड़ी संख्या में लोग मुंबई में रहते हैं। बाहुबली धनंजय सिंह का समर्थन मिलने के बाद उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है। सपा ने मुस्लिम, यादव, कुशवाहा समीकरण बनाकर मुकाबला अपनी ओर खींचने का प्रयास किया है, तो बसपा दलित वोट बैंक के साथ यादव मतों में सेंधमारी कर रही है। 2019 के चुनाव में बसपा के श्याम सिंह यादव ने भाजपा के सांसद कृष्ण प्रताप सिंह को 60 हजार मतों से हराया था। कांग्रेस के देवव्रत मिश्रा 27 हजार वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। 2014 में भाजपा के कृष्ण प्रताप सिंह वोटों के बंटवारे से जीत गए थे। उन्हें 3 .67 लाख वोट मिले थे। बसपा के सुभाष पांडे को 2 .20, सपा के पारसनाथ यादव को 1.80, निर्दलीय धनंजय सिंह को 64 हजार, आप पार्टी के डॉ. केपी यादव को 43 हजार और कांग्रेस के रविकिशन को भी करीब 43 हजार मत मिले थे। इस बार भी यहां वोटों का बंटवारा होना माना जा रहा है।



बीपी सरोज।



प्रिया सरोज।



कृपाशंकर सरोज।

### तीनों प्रत्याशी पासी, भाजपा-सपा में सिमटती कहानी

मछली शहर लोकसभा सीट से भाजपा सांसद बीपी सरोज के सामने जीत की हैट्रिक का मौका है। लेकिन 2019 के चुनाव में मामूली अंतर से मिली जीत और इस बार सपा और बसपा से भी सरोज (पासी) बिरादरी के प्रत्याशी होने से परिस्थितियां बहुत आसान भी नहीं है। सपा से सुप्रीम कोर्ट की वकील युवा प्रत्याशी प्रिया सरोज ने उन्हें कड़ी चुनौती दी है। प्रिया सपा से तीन बार सांसद रहे और वर्तमान में जौनपुर की केराकत विधानसभा सीट से विधायक तूफानी सरोज की बेटी हैं। तीसरे प्रत्याशी बसपा से उतरे पूर्व आईएएस अधिकारी कृपाशंकर सरोज भी पासी के अलावा कॉडर मतों पर भरोसा कर रहे हैं। पिछले चुनाव में बीपी सरोज देश में सबसे कम वोटों से जीतने वाले सांसद बने थे। उन्होंने बसपा के त्रिभुवन राम को 181 वोटों से हराया था। इस बार तीनों प्रत्याशी पासी बिरादरी से होने से सवर्ण मतदाता निर्णायक नजर आ रहे है। हालांकि मछली शहर में पिछड़े और दलित मतदाता सबसे ज्यादा हैं। पिछड़ों में भी यादव अधिक हैं तो दलितों में गौतम बिरादरी सर्वाधिक है। जानकार मुकाबला भाजपा और सपा के बीच सिमटता बता रहे हैं।

### लालगंज में सपा की चुनौती तोड़ पाएगी भाजपा

- लालगंज लोकसभा सुरक्षित सीट पर पिछले सात चुनावों में चार बार बसपा, दो बार सपा जबकि भाजपा ने सिर्फ एक बार 2014 में जीत दर्ज की थी। 2019 में सपा के साथ गठबंधन में बसपा की संगीता आजाद ने 54 .01 मत प्राप्त करके भाजपा की सांसद नीलम सोनकर 37 .19 प्रतिशत को हराया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटें जीती थीं। भाजपा से नीलम सोनकर ने इस बार जीत हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाया है। यहां माने जा रहे सीधे मुकाबले में लोग सपा से उतरे दो बार के सांसद दरोगा प्रसाद सरोज की स्थिति बेहतर बताते नजर आते हैं। बसपा सांसद की जगह पार्टी से उतरीं डॉ. इंदु चौधरी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की पूरी कोशिश करती नजर आई हैं। लेकिन इस सीट पर जीत-हार का फैसला जातीय समीकरणों से ही तय होना है।

### मेनका को त्रिकोणीय संघर्ष में बहाना पड़ा है पसीना

- सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा सांसद मेनका गांधी को नौवीं बार संसद में पहुंचने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा है। 2019 में वह पहली बार सुल्तानपुर से चुनाव लड़ी थीं और कांटे के मुकाबले में बसपा के चंद्रभद्र सिंह को 14 हजार वोट से हराया था। इस बार सपा प्रत्याशी पूर्व राज्य मंत्री रामभुआल निषाद ने बाहरी होने के बाद भी सजातीय मतों तथा यादव-मुस्लिम मतों के सहारे उन्हें तगड़ी चुनौती दे रखी है। बसपा के स्थानीय युवा प्रत्याशी उदराज वर्मा ने भी कड़ी मेहनत की है। उन्हें कुर्मी और कॉडर वोट का सहारा है। पिछले तीन चुनावों में बसपा यहां दूसरे नंबर पर रही है। लोकसभा क्षेत्र की चार विधानसभा सीटों पर भाजपा तथा एक में सपा का कब्जा है। मुकाबला कड़ा समझकर ही मेनका गांधी ने पूरे चुनाव प्रचार की कमान खुद संभाले रखी है। मतदान से पहले यहां त्रिकोणीय संघर्ष की चर्चा है।

## जातीय बिसात पर शह-मात के खेल में अब वोटर की चाल

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** पूर्वांचल में लोकसभा चुनाव की जातीय बिसात पर शह और मात के खेल में सपा ने इस बार गैर-यादव ओबीसी का दांव चला है तो भाजपा ने सवर्ण कार्ड से किलेबंदी करते हुए ओबीसी वोट बैंक को अपने पाले से बाहर नहीं जाने देने की व्यूह रचना की है। छठे चरण के चुनाव वाली 14 सीटों पर इंडिया गठबंधन के तहत 12 सीटों पर सपा ने चुनाव लड़ा है, जबकि कांग्रेस ने इलाहाबाद तो टीएमसी ने भदोही में किस्मत आजमाई है। सपा का सिर्फ डुमरियागंज में ही अगड़ी जाति से भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी को उतारा है। बाकी 11 सीटों पर उसने पिछड़ों और दलित को मौका दिया था। ऐसे में सपा के गैर-यादव ओबीसी प्रत्याशियों ने भाजपा को कड़ी देकर आधा दर्जन सीटों पर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। सपा के श्रावस्ती, बस्ती, प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर सीट पर कुर्मी समुदाय के प्रत्याशी लड़ाई में हैं। संतकबीरनगर और सुल्तानपुर सीट पर निषाद जाति और फूलपुर और जौनपुर में मौर्य समाज के उम्मीदवारों ने मजबूती से मुकाबला किया है। इसी तरह लालगंज और मछलीशहर सुरक्षित सीट पर सपा के पासी समुदाय के प्रत्याशियों ने भाजपा की राह में कांटे बो रखे हैं। अकेले आजमगढ़ में यादव बिरादरी से सपा मुखिया अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं। उधर, इंडिया गठबंधन की सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने इलाहाबाद में भूमिहार समाज के उज्जवल रमण सिंह को उतारकर भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की नाक में दम कर रखी है, तो भदोही में तृणमूल कांग्रेस से ब्राह्मण प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी समीकरण उलटने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

- सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए में गैर यादव ओबीसी रणनीति का होने जा रहा इम्तिहान
- धनंजय सिंह और राजा भैया का कहां और कितना चला सिक्का, इसका भी चल जाएगा पता
- सुभासपा, अपना दल (एस), निषाद और जनवादी पार्टी से भाजपा को कितना मिलेगा आक्सीजन

### भाजपा की सवर्ण और ओबीसी दांव से कमल खिलाने की रणनीति

- भाजपा छठे चरण की सभी 14 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद भाजपा के कमल निशान पर ही उतरे हैं। भाजपा ने इस चरण की एक दर्जन सामान्य सीटों में अधिकांश पर अगड़ी जाति के ही प्रत्याशी उतारे हैं। सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, इलाहाबाद और बस्ती सीट पर भाजपा के प्रत्याशी ब्राह्मण हैं, जबकि जौनपुर और डुमरियागंज सीट पर ठाकुर बिरादरी के प्रत्याशी हैं। पार्टी ने आजमगढ़ में यादव, प्रतापगढ़ में तेली, फूलपुर में कुर्मी और संत कबीर नगर तथा भदोही में निषाद समुदाय को प्रतिनिधित्व दिया है।

### ओबीसी का वर्चस्व, उपजातियां भी नहीं कम

- पूर्वांचल की पूरी सियासत में ओबीसी का वर्चस्व माना जाता है। यहां कई सीटों पर ओबीसी वोट 50 फीसदी तक है। ऐसे में यह वोट बैंक जीत-हार तय कर देता है। अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक पूर्वांचल में मुसलमान 17 फीसदी, यादव 14 फीसदी, अन्य पिछड़ा वर्ग 27 फीसदी दलित 22 फीसदी, ब्राह्मण 10 फीसदी और राजपूत सात फीसदी से कुछ अधिक माने जाते हैं। राजपूत वोटों को भाजपा ने धनंजय सिंह से जौनपुर ही नहीं आसपास की कई सीटों पर साधने की कोशिश की है, हालांकि राजा भैया की नाराजगी पार्टी को दो-तीन सीटों पर परेशान कर रही है। पूर्वांचल की कई सीटों पर राजभर, कुर्मी, मौर्या, पासी, निषाद, चौहान (नोनिया) जैसी गैर यादव ओबीसी जाति के वोटर इतनी संख्या में हैं कि वो किसी भी दल को जीत दिला सकते हैं। भाजपा ने इसे देखते हुए ही ओमप्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) और जनवादी पार्टी को अपने साथ जोड़कर जीत का ताना बाना बुना है।

### नोनिया मतदाताओं में असमंजस की स्थिति

- घोसी संसदीय सीट पर नोनिया और राजभर मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। हालांकि ये दोनों जातियां भाजपा के परंपरागत मतदाता के रूप में गिनी जाती हैं। 2022 के विधानसभा और 2019 के लोकसभा चुनाव में इनके मतों में जबरदस्त बंटवारा होने से इस सीट पर बसपा को लाभ मिला था। बसपा से नोनिया जाति के पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान के मैदान में आने और जनवादी पार्टी अध्यक्ष संजय चौहान के भाजपा के साथ जाने से नोनिया चौहान मतदाता यहां असमंजस की स्थिति में दिख रहा है।

### लालगंज में राजपूत और पासी मतदाता दिख रहे हैं निर्णायक

- लालगंज सीट पर राजपूत मतदाताओं का दबदबा है। पासी और सोनकर मतदाता भी यहां निर्णायक भूमिका निभाते हैं। 2014 में सोनकर और पासी मतदाताओं का साथ पाकर भाजपा सीट जीत गई थी लेकिन 2019 के लोकसभा और 2022 के विधानसभा चुनाव में ये मतदाता सपा के साथ चले गए थे। मछलीशहर में पासी जाति के ही उम्मीदवार सपा, भाजपा और बसपा से होने से पासी समाज के मतदाता असमंजस में हैं। यहां इस जाति का एकमुश्त वोट किसी दल के साथ जाता नहीं दिख रहा है। जौनपुर में कोइरी, कुशवाहा मतदाताओं का भाजपा पर जबरदस्त प्रभाव है पर बाबू सिंह कुशवाहा के सपा से आने के बाद सपा सेंधमारी करती दिख रही है। बसपा से यादव जाति के उम्मीदवार के कारण यादव भी बंटा दिख रहा है।

### अंबेडकरनगर में बसपा ने खड़ी की सपा के लिए मुश्किल

अंबेडकरनगर में आठ में से छह चुनाव बसपा ने जीते हैं। लेकिन इस बार यहां समीकरण बदले नजर आ रहे हैं। बसपा के सांसद रितेश पांडेय ने भाजपा से चुनाव लड़ा है। उनको बसपा सरकार में मंत्री रहे और छह बार के विधायक लालजी वर्मा ने सपा उम्मीदवार के रूप में कड़ी टक्कर दी है। इनके मुकाबले बसपा ने करीब ढाई लाख मुस्लिम मतदाताओं को देखते हुए जलालपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कमर हयात को मैदान में उतारा था, जिन्होंने लड़ाई को त्रिकोणीय बनाकर सपा के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। 2019 में यहां बसपा के रितेश पांडेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को 96 हजार मतों से हरा दिया था। इससे पहले 2014 में भाजपा के हरिओम पांडे जीते थे। लेकिन बसपा के राकेश पांडेय को 2 .92 लाख, सपा के राममूर्ति वर्मा को 2 .34 लाख और कांग्रेस के अशोक सिंह को 23 हजार मत मिले थे। 2009 में रितेश पांडेय के पिता राकेश पांडेय बसपा से सांसद चुने गए थे।

### बस्ती में बसपा के दांव से भाजपा को हैट्रिक की आस

बस्ती लोकसभा सीट पर 2019 में जोरदार मुकाबला हुआ था। यहां इस बार भाजपा प्रत्याशी सांसद हरीश द्विवेदी ने जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कड़ी मेहनत की है। पिछली बार उन्होंने बसपा के रामप्रसाद चौधरी को 30,354 मतो से हराया था। इस बार भी हरीश द्विवेदी के सामने पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी हैं, लेकिन वह सपा से चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि बसपा से ताल ठोंक रहे लवकुश पटेल ने सपा की मुश्किलें बढ़ाई है। बस्ती लोकसभा क्षेत्र से अब तक सपा को जीत नसीब नहीं हुई है, बसपा दो बार चुनाव जीत चुकी है। लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा काबिज है, जबकि भाजपा और सुभासपा के पास एक-एक सीट है। यहां करीब सात लाख ओबीसी मतदाताओं में कुर्मी वोट का बंटवारा होता साफ नजर आ रहा है, जबकि पांच लाख से ज्यादा सवर्ण वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा के समर्थन में खड़ा है।

### मतदान की तैयारी



हरियाणा के अंबाला में मतदान के लिए पोलिंग बूथ पर रवानगी से पहले ईवीएम की कंट्रोल और बैलेट यूनिट को जोड़कर उसे परखते मतदान कार्मिक। यहां शनिवार को वोट डाले जाएंगे।

### हरियाणा में वोटों के बंटवारे से भाजपा जीत को आशवस्त

**चुनाव डेस्क।** हरियाणा में छठे चरण में सभी 10 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होगा। पिछली बार क्लीन स्वीप करने वाली भाजपा को इस बार कांग्रेस के साथ कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि भाजपा नेताओं को उम्मीद है कि विपक्षी दलों कांग्रेस, इनेलो और जेजेपी के बीच वोटों के बंटवारे से वह नुकसान उठाने से बच जाएगी। राज्य में 10 साल की सत्ता विरोधी लहर से जूझ रही भाजपा को तीन माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता बरकरार रखने की भी चिंता है। जानकार कह रहे हैं कि हरियाणा में पिछले 15-20 साल में पहली बार ऐसी सत्ता विरोधी लहर दिख रही है। ग्रामीण क्षेत्र में जाटों और किसानों की नाराजगी ईवीएम पर निकली तो चौंकाने वाले रिजल्ट भी आ सकते हैं। हालांकि भाजपा के रणनीतिकार 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिले 58 .02% वोटों के कारण थोड़े आश्वस्त नजर आ रहे हैं। कांग्रेस को 2019 में में 28 .42% वोट ही मिले थे। ऐसे में करीब 30% वोटों का फासला तय करना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि जाटों के एकमुश्त वोट पाकर कांग्रेस इस काम को अंजाम दे सकती है। राज्य में जाटों की आबादी लगभग 27 फीसदी है।

## केजरीवाल और मालीवाल के साथ समस्याएं भी बनीं मुद्दा

### दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा के सामने क्लीन स्वीप तो आप-कांग्रेस के लिए वोट ट्रांसफर की चुनौती

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई के बाद आम आदमी पार्टी के प्रचार अभियान में दम दिखा। लेकिन उनके खिलाफ शराब घोटाला और सांसद स्वाति मालीवाल से कथित बदसलूकी का मुद्दा भी खूब चर्चा में रहा है। अब देखने वाली बात यह है कि गठबंधन में चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अपने सौ फीसदी वोट एक दूसरे को ट्रांसफर करा पाती हैं या नहीं, क्योंकि 2019 में दिल्ली की सभी साट सीटों पर भाजपा की जीत का अंतर इतना बड़ा है कि उसे पाटना आसान काम नहीं है।

**पूर्वी दिल्ली में आरोप-प्रत्यापरोप से उलझे मतदाता :** पूर्वी दिल्ली सीट पर भाजपा के हर्ष मल्होत्रा का मुकाबला आम आदमी पार्टी के विधायक कुलदीप कुमार ने जमकर किया है। यहां केजरीवाल ने खास प्रचार किया। प्रचार अभियान में गाजीपुर लैंडफिल साइट, जीएसटी और सीलिंग कार्रवाई के साथ कॉलोनियों को नियमितीकरण जैसे मुद्दे पर खूब आरोप-प्रत्यारोप हुआ।

**नई दिल्ली में दो वकीलों की रोचक लड़ाई:** नई दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी वकील बांसुरी स्वराज का आम आदमी पार्टी के वकील सोमनाथ भारती से मुकाबला हुआ। दोनों ही उम्मीदवारों का ये पहला लोकसभा चुनाव था। यहां व्यापारियों की समस्या के साथ ही पानी, सीवर और पार्किंग के मुद्दे प्रचार के दौरान हावी नजर आए।

**पश्चिमी दिल्ली में प्रत्याशियों ने काम बनाए मुद्दा :** पश्चिमी दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी से उतरे पूर्व सांसद महाबल मिश्रा और भाजपा की कमलजीत सेहरावत के बीच दिलचस्प जंग हुई है। महाबल मिश्रा अपने सांसद काल में कराए कामों की दुहाई देकर केजरीवाल सरकार के काम पर वोट मांगते रहे। उधर कमलजीत दक्षिण दिल्ली नगर निगम में मेयर रहते कराए काम गिनाकर मोदी की गारंटी याद दिलाती रहीं।

**दक्षिणी दिल्ली में बुनियादी सुविधा दिलाने का वादाः** दक्षिणी दिल्ली सीट से भाजपा विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी और आम आदमी पार्टी के सही राम पहलवान के बीच हुए संघर्ष में प्रचार के दौरान पेयजल, सीवर, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था और कच्ची कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसी दिक्कतें छाई रहीं।





### चांदनी चौक में समस्याएं आगे करके भाजपा पर प्रहार

- चांदनी चौक सीट से भाजपा के नए चेहरे प्रवीण खंडेलवाल के खिलाफ कांग्रेस के पुराने नेता जयप्रकाश अग्रवाल ने दम लगाकर मुकाबला किया है। उन्होंने प्रचार के दौरान स्थानीय मुद्दों को आगे करके बढ़त बनाने की कोशिश की है। भाजपा के राम मंदिर, विकसित भारत, मोदी की गारंटी जैसे प्रचार का जवाब उन्होंने बिजली, पानी, पार्किंग, सफाई और बाजारों में तारों के जंजाल जैसी समस्याएं उठाकर दिया है।

### उत्तर पूर्वी में पूर्वाचल-बिहार के वोटों का घमासान

- उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा के दो बार के सांसद मनोज तिवारी और कांग्रेस के कन्हैया कुमार के बीच घमासान छिड़ा रहा है। दो पूर्वांचलियों की लड़ाई में यहां बाहरी का मुद्दा भी छाया रहा। यहां भी कन्हैया ने प्रचार के दौरान ट्रैफिक कनेक्टिविटी, यातायात जाम, पार्किंग, चिकित्सा, शिक्षा जैसे मुद्दे उठाकर मनोज तिवारी के विकास के दावों को घेरा।

### उत्तर पश्चिमी सीट पर क्या कांग्रेस को जीत दिला पाएंगे दलित नेता उदित राज

उत्तर पश्चिमी दिल्ली सुरक्षित सीट भाजपा के योगेंद्र चंदोलिया को कांग्रेस से उतरे पूर्व केंद्रीय मंत्री उदित राज की कड़ी चुनौती से पार पाना है। यहां प्रचार के दौरान विकास का मुद्दा जोर मारता नजर आया। कच्ची कॉलोनियों का नियमितीकरण, ग्रामीण इलाकों तक यातायात कनेक्टिविटी और मेट्रो पहुंचाने के साथ जमीन का सर्किल रेट मुद्दा बने।

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 15 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 15 | 567 |

## टी-20 विश्व कप के लिए कमेंटरी पैनल की घोषणा

**दुबई।** आईसीसी ने अगले महीने शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को स्टार सुसज्जित कमेंटरी पैनल की घोषणा की जिसमें क्रिकेट और प्रसारण के कुछ बड़े नाम जैसे पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री और महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर शामिल हैं।

टी-20 विश्व कप दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को भी कमेंटरी पैनल में चुना है। मुख्य कमेंटेटरों में शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, मेल जोंस, हर्षा भोगले और इयान बिशप शामिल हैं।




# फिरकी के दम पर फाइनल में पहुंचा हैदराबाद

## शहबाज अहमद ने झटके तीन विकेट, खिताब के लिए कल केकेआर से भिड़ेगी सनराइजर्स

**36** रन से सनराइजर्स हैदराबाद ने जीता मुकाबला, राजस्थान के लिए ध्रुव ने लगाया अर्धशतक

चेन्नई, एजेंसी

हाइनरिक क्लासन (50), राहुल त्रिपाठी (37) और ट्रैविस हेड (34) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। फाइनल रविवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा जहां हैदराबाद का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। चौथे ओवर में पैट कमिंस ने टॉम कोहलर कैडमोर (10) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यशस्वी जयसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। शाहबाज अहमद ने यशस्वी को समद के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद तो हैदराबाद के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कप्तान संजू सैमसन (10), रियान पराग (6), रवि अश्विन (शून्य), शिमरॉन हेटमायर(4) और रोवमन पॉवेल (6) के विकेट चटकाते हुए मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली। ध्रुव जुरेल ने 35 गेंदों में 56 रन पर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 139 रन ही बना सकी और 36 से मुकाबले से हार गई। हैदराबाद की जीत में पैट कमिंस की कप्तानी काबिल ए तारीफ रही। उनका बीच के ओवरों में अभिषेक शर्मा और शाहबाज अहमद से गेंदबाजी करना महत्वपूर्ण फैसला था। ओस का असर नहीं होने के कारण पिच काफी धीमी हो गई थी और गेंद स्पिन कर रही थी। हैदराबाद की ओर से शाहबाज अहमद तीन विकेट लिए। अभिषेक शर्मा को दो विकेट मिले।

इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 176 रनों का लक्ष्य दिया था। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर की आखिरी गेंद पर अभिषेक शर्मा (12) का विकेट गवां दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने राहुल त्रिपाठी को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया। 10वें ओवर में संदीप ने ट्रैविस हेड को कैच आउट करा दिया। एडन मारक्रम (1), नितीश कुमार रेड्डी (5), अब्दुल समद (शून्य) और शाहबाज अहमद (18) और जयदेव उनादकट (5) रन बनाकर आउट हुये। क्लासेन ने 34 गेंदों में सर्वाधिक 50 रन बनाए।


टॉम कोलहर का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते पैट कमिंस।




### हैदराबाद 175/9 (20 ओवर, अतिरिक्त : 8)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड कैच अश्विन बो संदीप | 34 | 28 | 3/1 |
| अभिषेक शर्मा कैच कोल्हर बो बोल्ट | 12 | 5 | 1/1 |
| राहुल त्रिपाठी कैच चहल बो बोल्ट | 37 | 15 | 5/2 |
| एडेन मारक्रम कैच चहल बो बोल्ट | 1 | 2 | 0/0 |
| हैनरी क्लासेन बोल्ड संदीप शर्मा | 50 | 33 | 0/4 |
| नीतिश रेड्डी कैच चहल बो आवेश | 5 | 10 | 0/0 |
| अब्दुल समद बो आवेश | 0 | 1 | 0/0 |
| शहबाज अहमद कैच ध्रुव बो आवेश | 18 | 18 | 0/1 |
| पैट कमिंस नाबाद | 5 | 5 | 1/0 |
| जयदेव उनादकट रनआउट आवेश | 5 | 2 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-45-3, अश्विन 4-0-43-0, संदीप 4-0-25-2, आवेश 4-0-27-3, चहल 4-0-34-0

### राजस्थान 139/7 (20 ओवर, अतिरिक्त : 5)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी कैच अब्दुल समद बो शहबाज | 42 | 21 | 4/3 |
| टॉम कोलहर कैच राहुल बो कमिंस | 10 | 16 | 1/0 |
| संजू सैमसन कैच माक्ररम बो अभिषेक | 10 | 11 | 1/0 |
| रियान पराग कैच अभिषेक बो शहबाज | 6 | 10 | 0/0 |
| ध्रुव जुरैल नाबाद | 56 | 35 | 7/2 |
| आर अश्विन कैच क्लासेन बो शहबाज | 0 | 3 | 0/0 |
| शिमरॉन हेटमायर बोल्ड अभिषेक | 4 | 10 | 0/0 |
| रॉमेन पावेल कैच अभिषेक बो नटराजन | 6 | 12 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 3-0-33-0, कमिंस 4-0-30-1, नटराजन 3-0-13-1, उनादकट 1-0-5-0, शहबाज 4-0-23-3, अभिषेक 4-0-24-2, मारक्रम 1-0-10-1

## खेल डायरी

### फ्रेंच ओपन के पहले दौर में नागल का सामना कारेन से



**पेरिस।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल क सामना फ्रेंच ओपन के पहले दौर में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी रूस के कारेन खाचानोव से होगा। दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिला है। वह 2019 में प्रग्नेश गुणेश्वरन के बाद फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश पाने वाले पहले भारतीय पुरूष खिलाड़ी बने। वह क्लेकोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम से पहले हालांकि अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। उन्हें मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में होल्गर रूने ने हराया। इसके बाद वह बोर्डो चैलेंजर और जिनीवा ओपन में भी पहले दौर में हार गए।

### सेंथिल कुमार, अभय क्यूएसएफ 3 स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

**दोहा।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार और अभय सिंह 53500 डॉलर ईनामी राशि के क्यूएसएफ 3 स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। यह पीएसए विश्व टूर ब्रांज श्रेणी का टूर्नामेंट है। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने मिस्र के सातवीं वरीयता प्राप्त उमर मोसाद को हराया। चोट के कारण मोसाद ने 30 मिनट में कोर्ट छोड़ दिया। वहीं, अभय ने छठी वरीयता प्राप्त फ्रांस के आगस्टे डुसोर्ड को मात दी। सेंथिल कुमार का सामना अब मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त तारिक मोमेन से होगा जबकि अभय की टक्कर मलेशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त ऐन योउ एंग से होगी।

### भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में, दीपिका सेमीफाइनल में

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में शुक्रवार को कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई जबकि दीपिका कुमारी ने शानदार वापसी करके व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में जगह बनाई। ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने भारत का पहला पदक पक्का कर दिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने 16 तीरों में दो अंक ही गंवाते हुए हान सियुंगियोन और यांग जाएवोन को 158-157 से हराया।

### घुड़सवारी महासंघ के लिए प्रशासनिक समिति गठित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ के कामकाज में अनियमितताओं के मद्देनजर इसके कामकाज के संचालन के लिये सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तदर्थ प्रशासनिक समिति का गठन किया। जस्टिस तारा वी गंजू ने कहा कि आम तौर पर अदालत राष्ट्रीय खेल महासंघ के प्रशासन में दखल नहीं देती है लेकिन अनियमितताओं के मामले में हालात को अनदेखा नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के पूर्व जज नाजमी वजीरी तदर्थ प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष होंगे जबकि पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी इसके पर्यवेक्षक सदस्य और एडवोकेट रोहिणी मूसा सदस्य होंगी। यह फैसला राजस्थान घुड़सवारी संघ की याचिका पर सुनाया गया। अदालत ने कहा कि समिति ईएफआई के दैनंदिनी कार्यों का संचालन करेगी और मौजूदा पदाधिकारी किसी काम से जुड़े नहीं रहेंगे लेकिन समिति को पूरा सहयोग देंगे।

### अमेरिका ने बांग्लादेश को 6 रनों से दी शिकस्त

**ह्यूस्टन।** कप्तान मोनांक पटेल के (42), एरोन जोन्स (35) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अली खान की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत अमेरिका ने शाकिब-अल-हसन की अगुवाई वाली बंगलादेश टीम को दूसरे टी-20 मुकाबले में छह रनों से हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की टीम ने 144 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में बांग्लादेश की पूरी टीम 19 .3 ओवर में 138 रन में सिमट गई। टी-20 विश्व कप से पहले बांग्लादेश की नाकाफी तैयारी सामने आ गई है।

### वेस्टइंडीज ने द. अफ्रीका को 28 रनों से हराया

**किंगस्टन।** ब्रैंडन किंग की 45 गेंदों पर (79) की तूफानी पारी और उसके बाद गुडाकेश तथा फोर्ड ने 3-3 विकेट की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 175 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 19 .5ओवर में 147 रन पर सिमट गई। गुडाकेश ने और मैथ्यू फोर्ड ने 3-3 विकेट लिए।

### फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित

**भुवनेश्वर।** कुवैत के खिलाफ छह जून को होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए भारत की 27 सदस्यीय फुटबॉल टीम का ऐलान कर दिया गया है जिसमें फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई और डिफेंडर मोहम्मद हम्माद चोट के कारण बाहर हैं जबकि अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में होने वाले मैच के लिए टीम की घोषणा की है। भुवनेश्वर में 32 खिलाड़ी शिविर में थे जिनमें से पांच (फुरबा लाचेंपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्मदाद और जितिन एमएस) को रिलीज कर दिया है। स्टिमक ने कहा ये सभी पेशेवर और मेहनती हैं। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले चोट लगी थी और उन्हें एक से दो हफ्ते आराम की जरूरत है। बाकी खिलाड़ी भुवनेश्वर में अभ्यास करते रहेंगे और 29 मई को कोलकाता जाएंगे। कुवैत से उनका सामना छह जून को होगा।

## कोच के लिए किसी ऑस्ट्रेलियाई के संपर्क में नहीं : जय

मुंबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने शुक्रवार को उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया जिसमें कहा गया था कि बोर्ड ने अगले मुख्य कोच के लिए किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया था। इसके साथ ही उन्होंने यह संकेत दिया कि राहुल द्रविड़ का उत्तराधिकारी भारतीय क्रिकेटर हो सकता है जिसे देश में क्रिकेट और उसके मैदान की गहरी समझ हो।

शाह ने एक बयान में कहा था तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने कोचिंग की पेशकश के साथ किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया है। कुछ मीडिया अनुभागों में



प्रसारित रिपोर्ट पूरी तरह से गलत हैं। हमारी राष्ट्रीय टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक कुशल और गहन प्रक्रिया है और हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसे भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ हो और टीम को अच्छी रैंक तक ले जा सके। बीसीसीआई सचिव ने यह भी कहा कि भारतीय घरेलू क्रिकेट का गहन ज्ञान होना अगले कोच की नियुक्ति के लिए महत्वपूर्ण मानदंडों में से एक होगा।

### लैंगर ने भारत का कोच बनने का इरादा त्यागा

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर जस्टिन लैंगर भारत का मुख्य कोच बनने की संभावना पर विचार कर रहे थे लेकिन इससे जुड़े 'दबाव और राजनीति' को लेकर केएल राहुल की सलाह के बाद उन्होंने यह ख्याल जेहन से निकाल दिया। लखनऊ सुपर जाइंट्स आईपीएल टीम के मुख्य कोच लैंगर ने कहा यह शानदार काम होगा। मैं ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ चार साल कोच रह चुका हूं लेकिन यह काफी थकाऊ होता है, लेकिन किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मैं केएल राहुल से बात कर रहा था तो उसने कहा कि आईपीएल टीम में अगर आपको दबाव और राजनीति लगती है तो उसका हजारों गुना भारतीय टीम की कोचिंग में होता है।

### लक्ष्मण का एनसीए में कार्यकाल सितंबर में होगा खत्म

**चेन्नई।** यह जगजाहिर है कि वीवीएस लक्ष्मण की भारतीय टीम के मुख्य कोच पद पर काबिज होने की कोई इच्छा नहीं है और एनसीए में क्रिकेट प्रमुख के तौर पर उनका कार्यकाल इस साल सितंबर में खत्म हो रहा है जिससे यह देखना होगा कि बीसीसीआई किस तरह उन्हें सेट अप में बरकरार रखने में कामयाब होता है। कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर को बीसीसीआई के लिए उपलब्ध विकल्पों में प्रबल दावेदार माना जा रहा है लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि सचिव जय शाह ने राष्ट्रीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों से गंभीर पर सर्वसम्मति से रजामंदी के बारे में बात की है या नहीं।

## कार्तिक ने तब मेरा मनोबल बढ़ाया, जब मैं जूझ रहा था

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अभियान के खत्म होने के बाद संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को समझदार और ईमानदार व्यक्ति करार देते हुए कहा कि इस अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2022 सत्र में उनका मनोबल बढ़ाया था, जब वह फॉर्म हासिल करने में जूझ रहे थे।



कार्तिक ने बुधवार को अपना अंतिम आईपीएल मैच खेला जिसमें आरसीबी प्लेऑफ में राजस्थान रॉयल्स से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। कोहली ने कहा वह बहुत समझदार व्यक्ति हैं और उन्हें सिर्फ क्रिकेट नहीं बल्कि काफी चीजों की अच्छी जानकारी भी है। कोहली ने 2022 सत्र को याद किया जिसमें उन्होंने 16 मैच में महज 22.73 के औसत से 341 रन बनाए थे, तब दूसरे क्वालीफायर में आरसीबी राजस्थान रॉयल्स से हारकर फाइनल में जगह बनाने से चूक गई थी। कोहली ने कहा मैंने हमेशा उनके साथ बातचीत का आनंद लिया है। 2022 में भी उस चरण में जब मेरा आईपीएल सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था तो मेरा आत्मविश्वास भी डगमगाया हुआ था। वह दो तीन दफा मेरे साथ बातचीत के लिए बैठे और ईमानदारी से मुझे बताया कि उन्हें चीजें कैसी दिख रही हैं क्योंकि शायद मैं खुद इन चीजों को अच्छी तरह नहीं देख पा रहा था।

### धोनी के पास न खेलने का कारण नहीं : कैफ

**मुंबई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ का मानना है कि फॉर्म, फिटनेस और आसानी से बड़े शॉट खेलने की क्षमता को देखते हुए ऐसा कोई कारण नहीं है कि महेंद्र सिंह धोनी को आईपीएल का अगला सत्र नहीं खेलना चाहिए। अटकलें लगाई जा रही हैं कि चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले धोनी अपना आखिरी आईपीएल खेल चुके हैं। कैफ ने कहा व्यक्तिगत रूप से, मुझे नहीं लगता कि वह अपना पूरा क्रिकेट खेल चुका है, वह मैच नहीं जीत सका। आप उसकी बॉडी लैंग्वेज देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि सीएसके के लिए मैच नहीं जीत पाने से वह निराश लग रहा था। उसे वापस क्यों नहीं आना चाहिए? वह फिट है, वह रन बना रहा है और छक्के लगा रहा है और खेलना बंद करने का कोई कारण नहीं है। यह उस पर निर्भर करता है, हम धोनी के बारे में यह नहीं कह सकते कि उसकी योजना क्या है।



## भारतीय पुरुष टीम बेल्जियम से हारी

एंटवर्प, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शुक्रवार को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के यूरोप चरण के अपने दूसरे मुकाबले में बेल्जियम के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में शुरुआत से ही बेल्जियम ने मजबूत भारतीय रक्षापंक्ति पर आक्रामक रुख बनाए रखा।

दोनों टीमों ने दूसरे क्वार्टर की अच्छी शुरुआत की। इस क्वार्टर के पहले तीन मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका। इसके बाद फेलिक्स डेनयर (22वें मिनट में) गोल करते हुए बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हाफ टाइम के बाद भारत ने आक्रामक खेल शुरू किया, लेकिन बेल्जियम



- **दूसरे मुकाबले में 1-4 से करना पड़ा हार का सामना**
- **आज भी भिड़ेंगे**

के डिफेंस को तोड़ना काफी मुश्किल रहा। तीसरे क्वार्टर के अंत में बेल्जियम ने भारत पर 2-0 से बढ़त बना ली। मैच के अंतिम 15 मिनट में भारत ने तेजी से मौके ढूंढने शुरू कर दिए। सेड्रिक चार्लियर ने एक शानदार मैदानी गोल दागते हुए टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। मैच खत्म होने में पांच मिनट बाकी रहने पर, अभिषेक भारत के लिए पहला गोल किया। इसी के साथ इस मैच को बेल्जियम ने 4-1 से जीत लिया। भारतीय टीम आज फिर बेल्जियम से मुकाबला करेगी।

### भारतीय महिला टीम यूरोप चरण में दूसरा मैच भी हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय झेलनी पड़ी और इस बार उसे बेल्जियम ने 2-0 से हराया। नए कोच हरेंद्र सिंह और कप्तान सलीमा टेटे के साथ भारतीय महिला टीम को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 5-0 से हराया था। बेल्जियम के लिए दोनों गोल फील्ड गोल थे जो 34वें मिनट में अलेक्सिया टी सरस्टेवेंस और दो मिनट बाद डेवाएट लुईस ने किए। बेल्जियम को पहले क्वार्टर के आखिर में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता ने उसे बचा लिया। दूसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने लगातार हमले बोले लेकिन भारतीयों ने उसका माकूल जवाब दिया। ब्रेक के बाद बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में अलेक्सिया ने पहला गोल दागा। डेवाएट ने दूसरा गोल कर दिया। भारत को अब शनिवार को बेल्जियम से खेलना है।

## हान यू को हराकर सिंधु सेमीफाइनल में पहुंचीं

कुआलालंपुर, एजेंसी

पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु शुक्रवार को चीन की हान यू हराकर मलेशिया मास्टर्स 2024 बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। कुआलालंपुर के एक्सियाटा एरिना में खेले गये क्वार्टरफाइनल में पीवी सिंधु ने 55 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हान यू को 21-13, 14-21, 21-12 से हराया। दूसरा गेम हारने के बावजूद पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु निर्णायक गेम में अपना संयम बनाए रखने में सफल रहीं।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने 16-13 की बढ़त के बाद लगातार पांच अंक हासिल करते हुए पहला गेम जीत लिया। हान यू ने दूसरे गेम की अच्छी शुरुआत की और एक समय पर 15-3 की बढ़त बना ली, हालांकि सिंधु ने इस अंत को कम करते हुए स्कोर को 18-13 तक



ले जाने में सफल रहीं। उनकी यह जबरदस्त शुरुआत इस गेम को जीतने के लिए काफी रही और इसी के साथ उन्होंने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सिंधु बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ेंगी। इस बीच, महिला एकल में अश्मिता चालिहा का अभियान क्वार्टरफाइनल में चीन की छठी वरीयता प्राप्त झांग यी से सीधे गेम में हारने के बाद समाप्त हो गया।

## बॉलीवुड हलचल

### कांस फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेंगी प्रीति



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री प्रीति जिंटा कांस फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरती नजर आएंगी। ऐश्वर्या राय और कियारा आडवाणी के बाद अब प्रीति जिंटा भी कान्स के रेड कारपेट पर नजर आएंगी। हालांकि, इससे पहले ही प्रीति का इस फिल्म फेस्टिवल से फर्स्ट लुक सामने आ चुका है। प्रीति जिंटा की हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह शिमरी व्हाइट गाउन में बला की खूबसूरत लग रही हैं। प्रीति कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कारपेट पर वॉक करते हुए नजर आएंगी, लेकिन उससे पहले उनके फैन क्लब ने फ्रांस के रिवर साइड पर फोटोशूट करवाते हुए एक्ट्रेस की एक बेहद ही प्यारी वीडियो शेयर की है। प्रीति के गाउन में स्लीव्स में व्हाइट रंग के बाऊ लगे हुए हैं। उन्होंने मेकअप से लेकर ज्वेलरी तक बिल्कुल मिनिमल लुक रखता है। प्रीति जिंटा इंडिया के नामचीन सिनेमैटोग्राफर संतोष सिवन को पियरे एंजिनीक्स अवॉर्ड से कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में सम्मानित करने वाली हैं।

### सिंघम अगेन से अजय का लुक रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देगवन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन से उनका नया लुक रिलीज कर दिया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म सिंघम अगेन इन दिनों काफी सुर्खियों में बनी हुई है। अजय देवगन, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ समेत कई स्टार्स इस फिल्म में एक साथ दिखाई देने वाले हैं। सिंघम अगेन से मेकर्स ने लेटेस्ट फोटो शेयर की है, जहां बताया गया है कि टीम ने कश्मीर शेड्यूल को पूरा कर लिया है। रोहित शेट्टी ने सेट से अजय देवगन की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

